सेंसेक्स 72,271.94 ▲ +31.68
डॉलर 83.215 ▲ +0.034


**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 12.0 | 22.0 |
| धनबाद | 22.0 | 14.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 24.0 | 15.0 | 26.0 |
| पलामू | 22.0 | 21.0 | 24.0 |


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, पौष कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | रांची, मंगलवार, 02 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 326, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय रिश्तों की अंधी दुनिया में गुम होती किशोर पीढ़ी...8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | 'बड़े मियां छोटे मियां' के में अक्षय टाइगर ...12 देश/विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 58.550

चांदी (किलो) 74.260

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने नव वर्ष की शुभकामनाएं दी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि नववर्ष 2024 के अवसर पर आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। यह साल आप सभी के जीवन में खुशियां लाए। सभी स्वस्थ, सुखी और संपन्न रहें, यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड के अमर वीर शहीदों और महान आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य निर्माण करने की ओर हम मिलकर आगे बढ़ते रहें, राज्य की जड़ों को सिंचित कर उसे और सशक्त बनायें। जय जोहार! जय झारखंड।

### झारखंड हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट आज से खुलेगा

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट और रांची सिविल कोर्ट मंगलवार से खुलेगा। कोर्ट की कार्यवाही सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार झारखंड हाई कोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ सहित सभी अदालत में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं रांची सिविल कोर्ट में भी सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी।

### देश में अब तक कोरोना के जेएन.1 वेरिएंट के 196 मामले, तीन की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें नए पहचाने गए संक्रामक वेरिएंट के भी कई मामले शामिल हैं। नए वेरिएंट के अब 196 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना से पिछले 24 घंटों में तीन मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 636 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान तीन लोगों की मौत हुई है।

### एनआईए ने 2023 में 56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगभग शत प्रतिशत कार्रवाई करने में सफल रही। एजेंसी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक एनआईए ने 2023 में 94.70 प्रतिशत दोष सिद्धि दर दर्ज की और 56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। इस दौरान 625 लोगों को गिरफ्तार किया। आईएसआईएस मामलों में अब तक एनआईए ने 65 आरोपित, जिहादी आतंकी मामलों में 114, मानव तस्करी के मामलों के 45, आतंकवादी और संगठित आपराधिक गतिविधि के 28 आरोपित और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) मामलों के 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया।

# 'आदिवासी हमेशा नजरअंदाज किए जाते रहे'

## मुख्यमंत्री ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को किया नमन, अनगिनत लोगों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला खरसावां**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को खरसावां गोलीकांड के वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शहीद पार्क में शहीद स्मारक (शहीद बेदी) और वीर शहीद केसरे मुंडा चौक में शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर इन वीर शहीदों को नमन किया। कहा कि अगर हम इतिहास के पन्नों को पलटेंगे तो पता चलेगा कि आदिवासियों का संघर्षों से पुराना रिश्ता- नाता रहा है। जल- जंगल- जमीन से लेकर अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों ने लगातार उलगुलान किया। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में आदिवासियों ने अपना सब कुछ झोंक दिया। इन आंदोलनों और संघर्षों में अनगिनत आदिवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज हम उन्ही शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहीद स्थल नहीं, आदिवासियों का प्रेरणा स्थल है। यहीं से हमें आदिवासियों को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी हमेशा नजरअंदाज किए जाते रहे। हमारे नीति निर्धारकों ने इनके विकास, कल्याण और हित की दिशा में बहुत गंभीरता नहीं दिखाई। यही वजह है कि आदिवासी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर और पिछड़े बने रहे। हमारी सरकार आदिवासियों को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जिसकी पहचान आदिवासियों से होती है। फिर भी, पिछले दो दशकों के दौरान आदिवासियों को हमेशा हाशिये पर रखने का कार्य होता रहा। हमारी सरकार ने यहां के आदिवासियों और उनकी सभ्यता, संस्कृति तथा परंपरा को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में इसका आयोजन इतना भव्य और शानदार होगा कि पूरी दुनिया से आदिवासी झारखंड आएंगे और इस समारोह की शान बढ़ाएंगे।



### हम मान-सम्मान के साथ आदिवासियों को उनका हक और अधिकार दे रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरे मान-सम्मान के साथ आदिवासियों को उनका हक और अधिकार दे रही है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं कि आदिवासी सबसे पिछड़े और गरीबों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में इन्हें सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। देश और राज्य के लिए शहादत देने वालों के परिजनों को हम नौकरी दी जा रही है। आदिवासियों के हित में जो भी काम करने की जरूरत होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर निश्चित तौर पर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की जड़ें काफी मजबूत हैं क्योंकि, इस सरकार को आपने बनाया है। यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपका ख्याल रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 20 वर्षों तक झारखंड की चिंता किसी ने नहीं की। तमाम संसाधनों के होने बाद भी झारखंड पिछड़ा और गरीब राज्य बना रहा। लेकिन, हमारी सरकार जब से बनी है, झारखंड को आगे बढ़ाने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। वर्ष 2025 में झारखंड 25 वर्ष का युवा हो जाएगा। ऐसे में हम इस राज्य को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। हम एक ऐसा झारखंड बनाएंगे, जो अपने पैरों पर खड़ा होगा और उसे किसी से मदद लेने की जरूरत नहीं होगी ।

### राज्यपाल और केंद्रीय कृषि मंत्री ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**सरायकेला।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ खरसावां शहीद स्थल पहुंचकर एक जनवरी 1948 खरसावां गोलीकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद राज्यपाल और केंद्रीय कृषि मंत्री ने शहीद स्मारक पर तेल अर्पित कर शहीदों को नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि आज जिस आधुनिक झारखंड राज्य की परिकल्पना हुई है, उसमें खरसावां का यह पवित्र स्थल भी अहम स्थान रखता है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि खरसावां के इस पवित्र स्थल पर पहली बार राज्यपाल का आगमन हुआ है जो हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार सैकड़ो लोगों ने प्राणों की आहुति देकर इस स्थल को पवित्र कर दिया और अब यह पूरे राज्य के लिए प्रेरणा स्थल के रूप में जाना जाता है।

### आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कभी जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों को उजाड़ने की कोशिश होती है तो कभी सीएनटी और एसपीटी में छेड़छाड़ होता है। आदिवासियों की परंपरा सभ्यता और संस्कृति पर भी हमला किया जाता है। लेकिन, यह सरकार आपने बनायी है। ऐसे में हम आदिवासियों के मान-सम्मान और स्वाभिमान से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने देंगे। आदिवासी समाज को जो भी तोड़ने का कोशिश करेगा, उसे उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

## गांडेय से झामुमो विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने दिया इस्तीफा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए झारखंड विधानसभा ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। उनके इस्तीफे के बाद झारखंड विधानसभा में 31 दिसंबर से पद रिक्त हो गया है। विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने वर्ष 2019 में कांग्रेस पार्टी छोड़ झामुमो में शामिल हुए थे। डॉ. अहमद को साल 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में गांडेय से टिकट नहीं दिया गया था। वे इस बात से नाराज हो गए थे। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ा और तीसरी बार गाण्डेय के विधायक बने । इससे पहले 1984 में गिरिडीह लोकसभा से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने थे । स्व राजीव गांधी के समय 1985 में एआइसीसी के संयुक्त सचिव भी रहे। झारखंड की राजनीति को अपने जीवन के लगभग पांच दशक देने वाले कद्दावर नेता डॉ. सरफराज अहमद के अचानक इस्तीफे के बाद राज्य की सियासी गर्मी बढ़ गयी है।

## झारखंड को शीघ्र मिलेंगें सात नये विश्वविद्यालय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राज्य में 2024 में सात नये विश्वविद्यालय की स्थापना होनी है। इस दौरान चार अंगीभूत कॉलेजों को विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जाएगा तो वहीं, तीन नए विश्वविद्यालय भी खोलें जाएंगे।इससे भविष्य में झारखंड के शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सकता है। राजय में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की कवायद चल रही है। इसके तहत सात नये विश्वविद्यालय खोली जा रही है। इनमें चार कॉलेजों को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा और तीन नये विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। देवघर कॉलेज, रांची महिला कॉलेज, केओ कॉलेज गुमला और जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा तीन नये विश्वविद्यालय स्थापित किये जाएंगें। इसके अलावा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को एडवांस रिसर्च सेंटर ऑफ फिजिकल एंड नेचुरल साइंसेज और विनोबा भावे विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइबर सिक्योरिटी के रूप में विकसित करने की योजना है।

## तीन से छह जनवरी तक हल्के दर्जे की बारिश होने के आसार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नये साल के आगाज के साथ ही मौसम में भी नये बदलाव का आगाज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी की है कि राज्य के कई हिस्सों में पारा गिरेगा। एक जनवरी को राज्य के पश्चिमी, निकटवर्ती मध्य और दक्षिणी भागों में कोहरा नजर आयेगा। मौसम में आ रहे बदलाव को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। वहीं तीन से छह जनवरी तक हल्के दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। अभी दो दिनों तक आसमान साफ रहेने की संभावना है। ठंडी हवाएं चलेंगी। 2 जनवरी से रांची समेत पूरे झारखंड का मौसम एक बार फिर बदलेगा। पूरे राज्य में बादल छाएंगे। रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पलामू, गढ़वा, लातेहार और लोहरदगा में बारिश हो सकती है।

**कई जिलों में होगी हल्की बारिश**

भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि राज्य के पश्चिमी, मध्य व दक्षिणी हिस्सों में घना कोहरा छाया रहेगा। वहीं, पूरे राज्य में बादल छाए रहेंगे। ऐसी स्थिति 2 से 6 जनवरी तक बनी रहेगी। कई जिलों में हल्की और माध्यम दर्जे की बारिश



होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 24 से 25 डिग्री और न्यूनतम 13 से 14 डिग्री के बीच रहने की संभावना जताई गई है।

**तापमान में बढ़त होने की संभावना :** राज्य के अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले 3 जनवरी से दो से चार डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी होगी। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री न्यूनतम 11.6 डिग्री रिकार्ड दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 26.5 डिग्री, न्यूनतम 13.6 डिग्री और डाल्टनगंज में अधिकतम 19 डिग्री और न्यूनतम 12.1 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।

**राज्य में कैसा रहा तापमान :** 2 रांची समेत पूरे झारखंड का मौसम एक बार फिर बदलेगा। पूरे राज्य में बादल छाएंगे। रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पलामू, गढ़वा, लातेहार और लोहरदगा में बारिश हो सकती है।

### भारत-पाक ने साझा की सूची, पाकिस्तान की कैद में है 418 भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से अपनी हिरासत में नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची आदान-प्रदान की है। कॉन्सुलर एक्सेस पर 2008 के समझौते के प्रावधानों के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को इन सूचियों का आदान प्रदान किया जाता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत ने अपनी हिरासत में बंद 337 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों की सूची साझा की है, जो पाकिस्तानी हैं या पाकिस्तानी माने जाते हैं। इसी तरह पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में मौजूद 47 नागरिक कैदियों और 184 मछुआरों की सूची साझा की है, जो भारतीय हैं या माना जाता है कि वे भारतीय हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों, लापता भारतीय रक्षा कर्मियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया है। इस संदर्भ में पाकिस्तान को उन 184 भारतीय मछुआरों की रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने के लिए कहा गया, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है।

## जमशेदपुर में कार पलटी, छह लोगों की हुई मौत

### नववर्ष पर पिकनिक मनाने निकले थे आदित्यपुर के युवक, तेज रफ्तार कार पोल से टकराई

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

नए साल का पहला दिन सरायकेला-खरसावां जिला के तहत आदित्यपुर के बाबाकुटी आश्रम के लोगों के लिए मातम भरा रहा। सोमवार को तड़के बिष्टुपुर थाना के साई मंदिर गोल चक्कर के समीप सड़क दुर्घटना में आदित्यपुर के आरआईटी थाना क्षेत्र के तहत बाबाकुटी के छह युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नव वर्ष पर एक इंडिगो कार पर सवार आठ युवक पिकनिक मनाने मरीन ड्राइव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित कार की पोल से टक्कर हो गई, जिससे कार में सवार आठों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के चिथड़े उड़ गए। कार में सवार पांच युवकों शुभम कुमार, सूरज शाह, अनिरूद्ध प्रसाद यादव, अनिकेत कुमार, हेमन्त कुमार सिंह और पीयूष उर्फ टुकटुक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक की एमजीएम में इलाज के दौरान मौत हुई। कार में सवार हर्ष कुमार झा और रवि झा घायल हो गए, जिन्हें टीएमच और स्टील सिटी में बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। दोनों युवक अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र हैं। एक ही मोहल्ले के रहने वाले इन सभी दोस्त



### मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत पर दुख जताया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु की दुखद खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि सोमवार तड़के बिष्टुपुर थाना के साई मंदिर गोल चक्कर के समीप सड़क दुर्घटना में छह युवकों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हैं, जिनका इलाज चव रहा है।

31 दिसम्बर की रात बाबाकुटी के एस रोड में नव वर्ष पर पिकनिक की तैयारी के लिए इकट्ठा हुए थे। पुराने साल को सभी ने जश्न के साथ विदा किया। रात में सभी युवक एकसाथ लिट्टी चोखा बनाया। इसके बाद सुबह सूरज की कार में सवार होकर सभी पिकनिक मनाने के लिए निकले थे। आरआइटी थाना क्षेत्र के बाबाकुटी आश्रम के रहने वाले 6 युवकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने को लेकर स्थानीय लोग पूर्व पार्षद मनोज राय के अस्पताल पहुंचे। बाबाकुटी आश्रम में मातमी सन्नाटा पसर गया है।

## इंडिया

# राजनैतिक ज्वार भाटा का साक्षी बनेगा 2024



सुनील बादल

बहुप्रतीक्षित और बहुप्रचारित राम मंदिर कई दशकों तक राजनीति के केंद्र में रहा और इसका उद्घाटन इस साल की ऐतिहासिक घटना होगी जिसके मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर की आधारशिला रखी गई थी, उसमें भी पीएम मोदी शामिल हुए थे । लोकसभा चुनाव में इंडिया बनाम एनडीए की अग्निपरीक्षा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम, और अरुणाचल प्रदेश में होगी । मार्च की शुरूआत या मध्य में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा कर सकता है। जहां देश में नौ साल से अधिक वर्षों से सत्ता में रही भाजपा तीसरी निर्णायक पारी खेलने को लेकर आश्वस्त है, तो संभावित इंडि(या) गठबंधन भी अपना दांव चलने की कोशिश करेगा। आंध्र प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 11 जून तक है यहां जून से पहले विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। 175 सदस्यों वाली आंध्र प्रदेश विधानसभा के लिए अप्रैल 2019 में हुए चुनाव में वाईएसआरसीपी को 175 में से 151 सीटें मिलीं थीं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी को 23 सीटें मिलीं थीं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री बने थे । अरुणाचल प्रदेश विधान सभा का कार्यकाल 2 जून 2024 तक है । चुनाव अप्रैल 2024 में या उससे पहले होने की उम्मीद है। अप्रैल 2019 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य विधानसभा की 60 सीटों में से 41 सीटें हासिल की थीं, उसके बाद जेडीयू को 7। एनडीईपी को 5 और कांग्रेस को 4 सीटें मिली थीं। चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में सरकार बनाई और पेमा खांडू मुख्यमंत्री बने। ओडिशा का कार्यकाल 24 जून 2024 तक है और 147 सदस्यों वाली ओडिशा विधानसभा के लिए जून 2024 से पहले चुनाव होने की उम्मीद है। यहां अप्रैल 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल को 112 सीटें मिलीं थीं। इसके बाद बीजेपी ने 23 और कांग्रेस ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की थी। नवीन पटनायक अभी मुख्यमंत्री हैं। सिक्किम का कार्यकाल 2 जून 2024 तक है



और चुनाव अप्रैल 2024 से पहले होने की उम्मीद है। 32 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए अप्रैल 2019 में हुए चुनावों में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने 17 सीटें, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट ने 14 सीटें जीतीं. चुनाव के बाद, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने सरकार बनाई और प्रेम सिंह तमांग मुख्यमंत्री बने। हरियाणा विधान सभा का कार्यकाल 4 नवंबर 2024 तक है और हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं। यहां अक्टूबर 2024 से पहले वोटिंग की उम्मीद है। 2019 में भाजपा को 40 सीटें मिली थीं। पार्टी ने जननायक जनता पार्टी (10 सीटें) और सात निर्दलीय विधायकों के साथ चुनाव बाद गठबंधन में सरकार बनाई। कांग्रेस 31 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि क्षेत्रीय क्षत्रप इनेलो केवल 1 सीट हासिल कर सकी। भाजपा के मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री बने थे। महाराष्ट्र का कार्यकाल 26 नवंबर, 2024 तक है । विधानसभा में 288 सदस्य हैं। यहां अक्टूबर 2024 से पहले चुनाव हो सकते हैं। 2019 में बीजेपी को 105 सीटें और शिवसेना को 56 सीटें मिली थीं। विवाद की वजह से शिवसेना ने एनडीए से शेष पृष्ठ 11 पर

## एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर पीएम ने दी बधाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का प्रक्षेपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, साल 2024 की शानदार शुरूआत, हमारे वैज्ञानिकों का आभार! यह प्रक्षेपण अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए अद्भुत खबर है और इस क्षेत्र में भारत के कौशल को बढ़ाएगा। भारत को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इसरो में हमारे वैज्ञानिकों और पूरे अंतरिक्ष समुदाय को शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ 2024 में शानदार प्रक्षेपण के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई! यह मिशन चमकीले खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता के



बारे में हमारी समझ को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। हमें टीम इसरो पर गर्व है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अपनी नवीन और वैज्ञानिक क्षमता के माध्यम से लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। इस सफल मिशन पर केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि इसरो ने नए साल की शुरूआत शानदार तरीके से की है। इसरो के वैज्ञानिक अपने समय सीमा के अनुसार निर्धारित मिशनों को पूरा करने के लिए 24 घंटे का काम कर रहे हैं।

## एक नजर

### गरीबों और जरूरतमंदों के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनाया नया साल

**रांची।** राजधानी रांची में चारों तरफ नव वर्ष के जश्न का माहौल था. लोग जश्न मना रहे थे. वहीं कुछ सामाजिक कार्यकताओं ने गरीबों और जरूरतमंदों के साथ अपना नया साल मनाया. 31 दिसंबर की देर रात सामाजित कार्यकताओं की टोली शहर के विभिन्न इलाकों में गई, वहां सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे सो रहे गरीबों को कंबल और भोजन दिया. कड़ाके की इस ठंड में कंबल और गर्म भोजन पाकर गरीबों के दिल से दुआएं निकली. कंबल और भोजन वितरण करने वालों में समीर कुमार, राजीव कुमार, चुन्नू, सुगंध सिंह, मोहम्मद शाहबाज शेख, गौतम सिंह, अमित कुमार आदि शामिल थे.

हर साल गरीबों के साथ ही मनाते हैं नया साल : यह सभी सामाजिक कार्यकर्ता हर साल अपना नया साल गरीबों के साथ ही मनाते हैं. इनलोगों का कहना है कि गरीबों के साथ नया साल मनाने में जो आनंद आता है, वह अद्भूत होता है. एक सुखद और सुकून की अनुभूति होती है. गरीबों की दुआएं भी मिलती है, जिससे जीवन की गाड़ी आराम से चलती है. गरीबों की दुआओं में बहुत शक्ति होती है.

### नए साल की शुरूआत कंबल वितरण से की गयी

**चान्हो।** जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी सोमवार को रोल पंचायत के गुटूवा नावाटोली जरूरतमन्द बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। नए साल की शुरूआत अपने चिर परिचित अंदाज में जरूरत मन्द बुजुर्गों के बीच करीब 50 कंबल का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष गरीबों को सरकार आपके द्वार में पहुँच कर भी जिन्हें कम्बल नहीं मिल पाया था। वैसे बुजुर्ग महिला पुरुष की पहचान कर कंबल दिए जा रहे हैं, ताकि ठंड से उन्हें राहत मिल सके। मौके पर सोहराई उरांव, जेना उरांव, अनिल उरांव, सन्नी उरांव, तुलसी उरांव, बुधदेव उरांव आदि मौजूद थे।

# आंग्ल नववर्ष के पहले दिन सैलानियों से गुलजार रहे खूंटी के पर्यटन स्थल



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
आंग्ल नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को खूंटी जिले के सभी पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहे, जबकि धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हिंदुओं ने जहां मंदिरों, देवी मंडपों और अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना कर अंग्रेजी नव वर्ष की शुरूआत की। वहीं मसीही विश्वासियों ने गिरजा घरों में प्रार्थना कर अपनी दिनचर्या की शुरूआत की। जिले के प्रसिद्ध पेरवांघाट जलप्रपात, पंचघाघ जलप्रपात, सप्तधारा, पाडॅपुड़िंग, उलूंग, पेमघाघ जलप्रपात, लटरजंग डैम, लतरातू जलाशय, पंगुरा जलप्रपात सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर नववर्ष का उत्सव मनानें के लिए सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पेरवांघाघ, पंचघाध जैसे पिकनिक स्थलों पर तो भीड़ इस कदर उमड़ पड़ी कि लोगों को खाना बनाने और बैठने के लिए जगह तलाशने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कहीं लोग डीजे की धुन पर थिरक रहे थे, तो वहीं पकवानों की सुगंध आ रही थी। लोगों ने परिवार और मित्रों के संग नववर्ष का जमकर लुत्फ अठाया।

**बाबा आम्रेश्वर धाम सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भींड़**

अंग्रेजी नववर्ष के मौके पर रविवार को राज्य के पसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम, नकटी मंदिर, बाबा नागेश्वर धाम, बुढ़वा महादेव, नामकुम महादेव मंदिर, सोनमेर माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार की समृद्धि की कामना की।

**जरियागढ के नववर्ष उत्सव में शामिल हुए दर्जनों गांवों के लोग**

छोटानागपुर की पुरानी रियासत जरियागढ़ के राजपरिवार द्वारा नववर्ष के मौके पर जरियागड़ के पास कारो नदी के तट पर नववर्ष उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों ने हिस्सा लिया औ शाकाहारी और मांसहार व्यंजन का लुत्फ उठाया। नववर्ष उत्सव के पूर्व जरियागढ़ा और आसपास के ग्रामीणों ने नृत्य-गीत के साथ राज पविचार के सदस्यों का पांव पछार कर उनका स्वागत किया। मौके पर राज परिवार के सदस्य लाल विजस नाथ शाहदेव ने कहा कि आसपास के गांव के लोगों में एकता, सामाजिक सौहार्द्र बना रहे और बड़े-छोटे सभी एक दूसरे से परिचित हो सके, इसी को ध्यान में रखकर नववर्ष उत्सव का आयोजन किया गया। लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव ने कहा कि कारो नदी का तट काफी आकर्षक है। हर दिन लोग यहा लोंग पिकनिक मनाने आते हैं। सरकार और प्रशासन को चाहिएं कि इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करे। मौके पर जरियागढ़ राजपरिवार के अध्यक्ष लाल गुणवेदं नाथ शाहदेव, लाल धर्मेन्द्र नाथ शाहदेव, लाल रूपेंद्र नाथ शाहदेव लाल ज्योतिंद्र नाथ शाहदेव, लाल ज्योतिंद्र नाथ शाहदेव (हीरू), लाल उदय नाथ शाहदेव, लाल धीरेन्द्र नाथ शाहदेव, लाल रूपेंद्र नाथ शाहदेव, लाल प्रेमेन्द्र नाथ शाहदेव, अधिवक्ता अभिषेक भार्गव, रामकिशोर सिह, गौरव सिंह, अजीत सिंह, गोविंदपुर, मुरेचकेल, लापा, बिकुवादाग, जोजोदाग, गिड़ूम टिमड़ा, बकसुपुर सहित दर्जनों गांवों के लोग मौजूद थे।

# अल्बर्ट एक्का चौक से झंडे बैनर हटा लीजिए : रत्न तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक में अखंड भारत द्वारा नये साल के विरोध में आयोजित कार्यक्रम लगाये गये बैनर को टीएसी के पूर्व सदस्य और परमवीर अल्बर्ट एक्का फाऊंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी रतन तिर्की ने आग्रह पर हटाया गया। रतन तिर्की ने हाथ जोड़कर अखंड भारत कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों से कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का चौराहे में उनके द्वारा लगाए गए बैनर को हटा लीजिए। अखंड भारत कार्यक्रम के आयोजकों ने मेरे आग्रह को स्वीकार किया और तुरंत बैनर उतार लिया। रतन तिर्की ने सभी आयोजकों को बताया कि परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर किसी भी राजनीतिक पार्टी, राजनैतिक संगठनों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों को परमवीर गोलचक्कर में किसी भी प्रकार के झंडे बैनर लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

रतन तिर्की ने कहा कि इससे परमवीर अल्बर्ट एक्का का अपमान होता है और हम सही रूप में सम्मान नहीं दे पाते हैं। बाद में रतन तिर्की ने कहा कि आज के बाद सभी सामाजिक संगठनों राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठन और व्यावसायिक संस्थान अगरपरमवीर अल्बर्ट एक्का गोलचक्कर में झंडा बैनर या विज्ञापन लगाते हैं तो उनपर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धी के पहले दिन झारखंड के जयवीर को रजत पदक



**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पहले दिन झारखंड के जयवीर यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीत कर राज्य का खाता खोला। नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ थ्री मुकाबले के पहले मैच में आंध्र प्रदेश को 2-1 से, दूसरे मैच गुजरात को 2-1 से, क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र को 2-0 से, सेमीफाइनल में मणिपुर को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

# बेड़ो में लोगों ने मनाया नए साल का जश्न



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को नववर्ष 2024 की धूम रही। इसे लेकर लोग दिन भर उत्साहित रहे। सुबह से ही लोगों की टोलियां पिकनिक के लिए प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर जामटोली डैम,पारस डैम,करांजी डैम व हाथीदह समेत कई अन्य पिकनिक स्पाट पर पहुंचने लगे थे। इस दौरान लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। पिकनिक मनाने के लिए युवाओं का जत्था गाजे-बाजे के साथ स्थल पहुंचा तथा अपने-अपने रुचि का भोजन तैयार कर पिकनिक मनाया। इस दौरान अपने-अपने घरों से निकलकर परिवार वाले भी अपने सभी स्वजन के साथ पहुंचे और पिकनिक मनाया। नव वर्ष की बधाई देने का सिलसिला भी जारी रहा। रात 12 बजे से आरंभ यह सिलसिला सोमवार को दिन भर चलता रहा। इसके लिए व्हाट्सएप सबसे बड़ा माध्यम बना। व्हाट्सएप के माध्यम से एक दूसरे को नव वर्ष मंगलमय, तो कोई हैप्पी न्यू ईयर कह कर लिख कर एक दूसरे को बधाई देते रहे। कुल मिलाकर सभी लोग नए साल का आगाज अच्छे ढंग से करने में जुटे रहे। इसमें किसी ने भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रखंड में नए साल का पहला दिन पूरे इलाके के लिए शांतिपूर्ण रहा। इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेड़ो थाना पुलिस के थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम के नेतृत्व में गश्ती दल के साथ गश्त करते रहे। इस दौरान प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उत्साह चरम पर रहा।

### सड़क दुघर्टना में तीन घायल

**मांडर।** बुड़मु रोड मे सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे मारुति वैन और बाईक के टक्कर से सोपरान निवासी 35 वर्षीय लोकनाथ उरांव, टांगर निवासी 20 वर्षीय सुजीत उरांव तथा दो वर्षीय ज्ञान उरांव घायल हो गए । घायलों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए तीनों को रिम्स रेफर कर दिया।

### नए वर्ष में पिकनिक स्थल पर लोगों की रही भीड़

**मांडर/चान्हो।** प्रखंड क्षेत्र के लोगो में सोमवार को नव वर्ष को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर बच्चे, बूढ़े और जवान महिला, पुरुष का खुशी का ठिकान नहीं था। जैसे ही घड़ी की सुई रात बारह पर पहुंची लोगों ने मोबाइल, वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम से लोगों नया वर्ष आया, नई राहें खोलीं, खुशियों का संगम नया साल में मिलीं। सपने सजाकर, चल पड़ो आगे, सफलता की ऊंचाइयों को हासिल करो राह में। नए संभावनाओं की हो आपको मुस्कान,नया साल लाए खुशियां और बहुत सारा सम्मान बोल कर नववर्ष की शुभकामना और बधाई दे रहे थे। वहीं मांडर में बियारखो नदी, करगे पतरा, खड़बंधी, के साथ साथ छोटे बड़े नदी पुल पुलिया एवम चान्हो में बुचाओपा डैम, नकटा पहाड़, जलेश्वर धाम सहित अन्य स्थानों पर लोग बनभोज के साथ डीजे का आनंद लिया। सुबह से खंससी, मुर्गा, किराना के साथ शराब की दुकानों पर काफी भीड़ देखा गया। नव वर्ष को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

# 10 पड़हा राजा के निधन पर बेड़ो में दौड़ी शोक की लहर



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के कटरमाली सरनाटोली गांव निवासी 58 वर्षीय 10 पड़हा राजा कोमल उरांव का रविवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने बताया कि उनका निधन ब्रेन हेमरेज के कारण हुई है। इधर राजा के निधन से बेड़ो क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रविन्द्र नाथ भगत, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है। इधर सोमवार को आदिवासी रीति रिवाज व परंपरा के तहत गांव के मसना में 10 पड़हा राजा कोमल उरांव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं मौके पर पड़हा प्रेमी,12 पड़हा राजा कन्दरी कचू उरांव ,5 पड़हा गढ़गांव नबू उरांव,7 पड़हा चनगनी जीतू उरांव,12 पड़हा पहाड़कं डरिया विमल उरांव,12 पड़हा बिसाहा खटगां सोहराई उरांव,21 पड़हा कुल्ली मदन उरांव,10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा, पड़हा सरकार संरक्षक जागरे उरांव,10 पड़हा संयोजक - संजय लकड़ा,7 पड़हा अध्यक्ष सुका उरांव, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, जरिया पंचायत मुखिया कुवांरी खलखो,सरपंच विशेश्वर उरांव, नारायण भगत, बुधनाथ उरांव,बन्दे लकड़ा, मंगलाचरण खाखा आदि मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,राँची
## वेद व्यास आवास योजनान्तर्गत

### आवेदन आमंत्रण सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 – 06, रा0 (वि0) दिनांक 06.06.2023 के द्वारा राँची जिलान्तर्गत 35 वेद–व्यास आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है। पूर्व में दिनांक 11.06.2023 को विभिन्न दैनिकों में सूचना प्रकाशित कर दिनांक 10.07.2023 तक वेद व्यास आवास निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। पुनः उक्त के आलोक में चालू वितीय **वर्ष 2023–24** में अनुदान पर वेद व्यास आवास निर्माण हेतु राँची जिला के मत्स्य कृषकों/मछुआरों/पेशेवर मछुआरों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क0 सं0 | योजना का नाम | अर्हताएँ | लक्ष्य (सं0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | वेद व्यास आवास योजना | 1. सकिय अथवा परंपरागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य बिकी में सकिय हों।<br>2. पक्का मकान न हो।<br>3. पूर्व से किसी अन्य सरकारी योजना से आवास का लाभ न मिला हो। (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी /सक्षम पदाधिकारी के स्तर से सत्यापन कराना अनिवार्य है)।<br>4. भूमि विवादित न हो एवं अंचलाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी के स्तर से निर्गत भूमि–स्वामित्व प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>5. प्रति आवास देय राशि – 1,20,000/– रू0 मात्र है।<br>6. एक परिवार से एक ही सदस्य को आवास देय होगा।<br>7. वंशावली के माध्यम सेस्पष्ट किये गये आवेदक के हिस्से की जमीन ही आवास निर्माण के लिए आवेदक प्रस्तावित करेंगे। | 35 |

**आवेदन जमा करने का स्थान :–** **जिला मत्स्य कार्यालय, राँची।**
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 06.01.2024**

नोटः– 1. आवेदक के प्रस्तावित जमीन का जिस पर वेदव्यास आवास का निर्माण होना है, जमीन का G.P.S. (Latitude & Longitude) के साथ फोटोग्राफ **(लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।**
2. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं पर पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से तथ्य अंकित करना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थानों पर संबंधित पदाधिकारी की अनुशंसा आवश्यक है।
**3. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।**
4. आवेदन प्रत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात अथवा अधुरा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. पूर्व में जो आवेदन जमा कर चूके हैं उन्हे दोबारा आवेदन जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,राँची

PR 314858 Fish(23-24).D



## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

60वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–आयोग के सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष जाँच , बयान तथा स्थानीय चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री निवारण प्रसाद एवं श्री अर्जुन राम (मा0 पूर्व विधायक, रामगढ़) के द्वारा पहचान के आधार पर। | | |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–578/23 2. आवेदक–लक्षमन करमाली , पिता–स्व0 प्रलाद करमाली<br>3. ग्राम–खखरा टोली (फुलझरिया) , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–579/23 2. आवेदक–रोहित कुमार (आश्रित पुत्र) पिता–स्व0 सहदेव प्रसाद<br>3. ग्राम–मगनपुर , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल में मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–581/23 2. आवेदक–करम चन्द मांझी , पिता–स्व0 आषा राम मांझी<br>3. ग्राम–खखरा (फुलझरिया) , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–582/23 2. आवेदक–परनी देवी , पति–भुनेष्वर महतो<br>3. ग्राम–चक्रवाली , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–583/23 2. आवेदक–सरोधर किस्कू , पिता–ष्याम मांझी<br>3. ग्राम–खखरा टोली (फुलझरिया) , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–584/23 2. आवेदक–भरत महतो , पिता–स्व0 जगेष्वर महतो<br>3. ग्राम–डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें जांध पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–585/23 2. आवेदक–भुनेष्वर महतो , पिता–स्व0 घनेनाथ महतो<br>3. ग्राम–डुण्डीगाछी , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–586/23 2. आवेदक–लक्ष्मण मांझी , पिता–स्व0 अघनु मांझी<br>3. ग्राम–खखरा (फुलझरिया) , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–587/23 2. आवेदक–बालेष्वर ठाकुर , पिता–स्व0 लुटन ठाकुर<br>3. ग्राम–चक्रवाली , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में जला का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–588/23 2. आवेदक–चुरामन महतो , पिता–स्व0 बद्री महतो<br>3. ग्राम–किमो , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–483/23 2. आवेदक–रूपनारायण महतो , पिता–जितन महतो<br>3. ग्राम–चनारो , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–ऑगूठे में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–589/23 2. आवेदक–राजकुमार महतो , पिता–अघन महतो<br>3. ग्राम–कारिडीह , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–484/23 2. आवेदक–मेघनाथ महतो , पिता–राचो महतो<br>3. ग्राम–आंगो , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–485/23 2. आवेदक–हुलाष महतो , पिता–लाखो महतो<br>3. ग्राम–बेड़म , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–486/23 2. आवेदक–बैजनाथ महतो , पिता–लालो महतो<br>3. ग्राम–बेड़म , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–487/23 2. आवेदक–गोपाल महतो , पिता–स्व0 धमन महतो<br>3. ग्राम–चनारो , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–488/23 2. आवेदक–जगरनाथ महतो , पिता–बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–बेड़म , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–590./23 2. आवेदक–कौलेष्वर महतो , पिता–झुमर महतो<br>3. ग्राम–टुटकी , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रना थ भाई पटेल , अर्जुन राम , लखन महतो एवं रामचन्द्र वर्मा सुखदेव प्रसाद यादव एवं छेदी महतो द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा की गई अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | | |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–591/23 2. आवेदक–देवचरण महतो , पिता–स्व0 धानी राम महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix)<br>03 आवेदन दिया गया |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–592/23 2. आवेदक–बचु महतो , पिता–विषू महतो<br>3. ग्राम–दुभातु , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तिल का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–593/23 2. आवेदक–टोपन महथा , पिता–स्व0 महादेव महाथा<br>3. ग्राम– कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–645 2. आवेदक–ईन्द्रदेव सिंह , पिता–स्व0 श्याम सुन्दर सिंह<br>3. ग्राम–मंझला चुम्बा , पोस्ट–बड़का चुम्बा , थाना–गिद्दी –ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे मे कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–69/23 2. आवेदक–बलराम महतो , पिता–स्व0 मोती महतो<br>3. ग्राम–मंझला चुम्बा , पोस्ट–बड़का चुम्बा , थाना–गिद्दी –ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–67/23 2. आवेदक–बिजुन सिंह , पिता–स्व0 रामेष्वर सिंह<br>3. ग्राम–मंझला चुम्बा , पोस्ट–बड़का चुम्बा , थाना–गिद्दी –ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–68/23 2. आवेदक–सत्येन्द्र नारायण सिंह ,पिता–स्व0 श्याम सुन्दर सिंह<br>3. ग्राम–मंझला चुम्बा , पोस्ट–बड़का चुम्बा , थाना–गिद्दी –ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ में जख्म का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–71/23 2. आवेदक–लक्ष्मण महतो , पिता–स्व0 कमल महतो<br>3. ग्राम– बड़का चुम्बा बहेरा टॉड , पोस्ट–बड़का चुम्बा , थाना–गिद्दी –ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–ऑख के नीचे कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–70/23 2. आवेदक–मनीष कुमार , पिता–लक्ष्मण महतो<br>3. ग्राम– बड़का चुम्बा, पोस्ट–बड़का चुम्बा , थाना–गिद्दी –ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हथेली में जख्म का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–66/23 2. आवेदक–ष्यामदेव प्रसाद कुषवाहा , पिता–स्व0 मोती महतो<br>3. ग्राम– मसला चुम्बा बहेरा टॉड , पोस्ट–बड़का चुम्बा , थाना–गिद्दी –ए, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–505/23 2. आवेदक–छविन्द्र प्रसाद , पिता–भरत महतो<br>3. ग्राम– तुरीवार , पोस्ट– तुरीवार (पतरंग), थाना–दारू प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये (बायें ) कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–594/23 2. आवेदक–हरिषंकर बिहारी , पिता–स्व0 बीरबल महतो<br>3. ग्राम–बरमसिया , पोस्ट–करमा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये (बायें ) कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–595/23 2. आवेदक–षिषु महतो , पिता–स्व0 काषीनाथ महतो<br>3. ग्राम–ईदपारा , पोस्ट–हरहद गण्डेर , थाना–रजरप्पा प्रोजेक्ट , प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ के ऑगूली में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–596/23 2. आवेदक–बिषुन महतो , पिता – स्व0 जयपाल महतो<br>3. ग्राम–कोईहारा , पोस्ट–रजरप्पा प्रोजेक्ट , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तील। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–597/23 2. आवेदक–सखिचरण महतो , पिता – स्व0 महरंग महतो<br>3. ग्राम–कोईहारा , पोस्ट–रजरप्पा प्रोजेक्ट , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–88 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–598/23 2. आवेदक–रामदेव महतो , पिता – स्व0 जयपाल महतो<br>3. ग्राम–कोईहारा , पोस्ट–रजरप्पा प्रोजेक्ट , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–599/23 2. आवेदक–विमला देवी , पति– सखीचंद राम दांगी<br>3. ग्राम–बड़कीपोना , पोस्ट–बड़कीपोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया गाल में लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–600/23 2. आवेदक–बिराजो देवी , पति– उमेष महतो<br>3. ग्राम–मायल (पटरीया टोला) , पोस्ट–चितरपुर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–601/23 2. आवेदक–सुलोचना देवी , पति– सुतनु राम दांगी<br>3. ग्राम–बड़कीपोना , पोस्ट–बड़कीपोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया ऑख में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–602/23 2. आवेदक–झानु देवी , पति– भिखु महतो<br>3. ग्राम–मायल बस्ती , पोस्ट–चितरपुर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–603/23 2. आवेदक–गांगो देवी , पिता– स्व0 झुमक महतो<br>3. ग्राम–मायल , पोस्ट–चितरपुर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–604/23 2. आवेदक–सन्तनु राम दांगी , पिता – स्व0 नन्दकेषर महतो<br>3. ग्राम–बड़कीपोना , पोस्ट–बड़कीपोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये ऑख में कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–605/23 2. आवेदक–जगेष्वर महतो , पिता – स्व0 भुड़गा महतो<br>3. ग्राम–साण्डी , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–606/23 2. आवेदक–भूपेन्द्र महतो , पिता – श्री भवानी महतो<br>3. ग्राम–साण्डी , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अंगुठा में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–607/23 2. आवेदक–षिवलाल महतो , पिता – स्व0 रावन महतो<br>3. ग्राम–साण्डी , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर पर कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–608/23 2. आवेदक–लक्ष्मण महतो , पिता – सुधी महतो<br>3. ग्राम–साण्डी , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–609/23 2. आवेदक–विजय कुमार , पिता – श्री भवानी महतो<br>3. ग्राम–साण्डी , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे के बाये और मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–610./23 2. आवेदक–सुधीर कुमार अकेला , पिता – स्व0 प्रेमलाल महतो<br>3. ग्राम–बोरिबिंग , पोस्ट–बड़कीपोना , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–611/23 2. आवेदक–विषुन महतो , पिता – प्रेमनाथ महतो<br>3. ग्राम–बरियातु , पोस्ट–बरियातु , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 314893 Home(23-24)#D

# राजधानी के लोगों ने घर की छतों, पार्क, पहाड़ व झरने में पिकनिक मनाकर किया नये साल का स्वागत

### बच्चें पार्क और उछल कूद करते दिखे तो युवाओं ने संगीत की धुन पर जमकर किया डांस

**नवीनमेल संवाददाता**

रांची। नव वर्ष 2024 के स्वागत में राजधानी के पार्क, पर्यटन स्थल, नदी तट, पहाड़ और जल प्रपात सभी गुलजार नजर आये। कई लोग तो अपने घरों के छत पर ही सपरिवार पिकनिक मनाते दिखे। बच्चें जहॉ उछल कूद करते नजर आये, वहीं युवा संगीत की धुन में जमकर डांस करते दिये। लोग अपने तरीके से जगह-जगह नये साल की खुशियां मनाते दिखे। बच्चे और युवा जहां पिकनिक पार्टी का आनंद ले रहे थे। वहीं बुजुर्ग वर्ग के लोग भी परिवार के लोगों के साथ नये साल की खुशियों में शामिल रहे। निगम पार्क, सिद्धो कान्हो पार्क, नीलांबर-पीतांबर ऑक्सीजन पार्क, जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा जेल पार्क, नक्षत्र वन, कृष्ण सिंह पार्क, रॉक गार्डेन और मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ दिखी। पार्को में शुल्क देकर बच्चें नाव, झूला, हिडोला और कार की सवारी कर मजा लिया। वहीं कई लोग मोटरसाइकिल में मस्ती करते देखे गए। युवक मोबाईल पर पिकनिक स्थल का वीडियो अपलोड करते दिखे।



#### पहाड़ पर पिकनिक

शहर के हरमू स्थित हेहल पहाड़, बरियातु पहाड़ एवं टैगोर हिल सहित ओरमांझी के बिरसा जैविक उद्यान में तो मेले सा नजारा देखने को मिला। युवा, बड़े, बच्चे और बुजुर्ग सभी अपने समूह में नये साल में पिकनिक का आनंद लेते नजर आये। पहाड़ के नीचे हर तरह के ठेले-खोमचों में भी बच्चों और खासकर महिलाओं की भीड़ नजर आयी। राजधानी के लोग नववर्ष के स्वागत में शहर के बाहर स्थित पिकनिक स्थल, नदी तट, पहाड़ और जल प्रपात सैलानियों से गुलजार नजर आये। सभी स्थानों पर सैकड़ों समूह पहुंचकर खुद से खाना बनाकर पिकनिक का मजा लिये। इस दौरान बहुत से समूह साथ ले गये डीजे की धुन में खूब नाच गाकर मस्ती की।

## मंदिरों, गुरुद्वारों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ उमंग और उल्लास से मना नववर्ष

### मंदिरों में पूजा अर्चना और भगवान के दर्शन के साथ नववर्ष की शुरुआत



**रांची।** नए वर्ष को लेकर राजधानी रांची के सभी मंदिरों में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी। पहाड़ी मंदिर में शाम चार बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोग सुबह से ही अपने परिवार के साथ बाबा भोले के दर्शन और जलाभिषेक करते रहे। मंदिर और गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़क पर जाम की स्थिति रही। हालांकि वाहनों को मंदिर के निकट जाने से रोकने के लिए को सभी सड़क के मुहाने पर बैरिकेटिंग लगाये गये थे। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये थे। इसके अलावा रातू रोड दुर्गा मंदिर, पिस्का मोड़ शिव मंदिर, मेन रोड काली मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा बाड़ी, रिम्स के निकट दुर्गा मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर धाम, तपोवन मंदिर, डोरंडा स्थित काली मंदिर और हिनू चौक बजरंग बली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। इसके अलावा नववर्ष के अवसर पर पूरे शहर में लोग अपने घर के निकट के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर नए वर्ष की शुरूआत भगवान के दर्शन के साथ की और परिवार की समृद्धि और खुशहाली की मंन्नतें मांगी। मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस के जवान और स्वयंसेवक मंदिर में आये श्रद्धालुओं की सहायता में जुटे रहे।

## श्री गुरु नानक सत्संग सभा में सजाया गया विशेष दीवान

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में नववर्ष के अवसर पर सोमवार को सुबह विशेष दीवान सजाया गया। सजाए गए विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 7: 45 बजे भाई महिपाल सिंह जी द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई। मुख्य ग्रंथी श्री हरमंदिर साहिब,अमृतसर ज्ञानी मान सिंघ जी ने कथावाचन करते हुए कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की आरंभता गुरु प्रसाद से है और समूची वाणी में। इसका जिक्र है वाणी में कहा गया है। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा के साथ विशेष दीवान की समाप्ति हुई। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने ज्ञानी मान सिंह जी को और सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई प्रिंस पाल सिंह जी एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। मौके पर अर्जुन देव मिढ़ा सुंदर दास मिढ़ा, अशोक गेरा, चरणजीत मुंजाल, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, मनोहर लाल मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, लक्ष्मण दास मिढ़ा, रेशमा गिरधर, ममता सरदाना, कुसुम पपनेजा, मीना गिरधर, श्वेता मुंजाल, उषा झंडई, और नीतू किंगर शामिल थे।



## होटलों और क्लबों में देर रात तक झूमते रहे युवा


**रांची।** शहर के होटलों और क्लबों में डीजे की धून पर थिरकते हुए लोगों ने नए साल का स्वागत किया। जोश और जुनून के बीच शहर में हर तरफ जश्न का आलम रहा। शहर में जगह जगह संगीत नाईट का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होकर लोगों ने नए साल के स्वागत जश्न मनाया। रात को घड़ी में जैसे ही 12 बजी हर तरफ से हैप्पी न्यू ईयर का शोर गूंज उठा। लोगों ने जमकर पटाखेबाजी की। नृत्य-संगीत, म्यूजिक की धुन पर जश्न का नशा सबके सिर चढ़कर बोलता रहा। कहीं शाम सात बजे से ही जश्न शुरू हो गया तो कहीं आठ बजे। धीरे-धीरे डांस फ्लोर पर लोगों का भार बढ़ता गया और गाने की बीट फास्ट होती गई।

कहीं देशी गानों पर रूसी बालाओं के ठुमके पर लोग झूमते दिखे। तो कहीं लाइव बैंड के धुनों पर लोगों के पांव थिरकते दिखे। साल 2023 की आखिरी रात शहर के क्लबों, होटलों और रेस्तरां में यही नजारा रहा। पहली जनवरी के स्वागत के साथ-साथ देर रात तक रांची झूमती रही। 12 बजते ही लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर नए साल की शुभकामनाएं दी।



## आज काला बिल्ला लगाकर हिट एंड रन कानून का विरोध जताएंगे ड्राइवर

**रांची।** सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा लाए गए हिट एंड रन कानून का देशभर में ड्राइवर विरोध कर रहे है। झारखंड में भी ड्राइवर इस कानून का विरोध कर रहे हैं। ड्राइवर आज काला बिल्ला लगाकर इस कानून का विरोध जताएंगे। झारखंड के ड्राइवरों ने विरोध करते हुए कहा कि हमने अभी तक बस और अन्य परिवहन सेवाओं को बाधित नहीं किया है। लेकिन नेशनल हाईवे पर दिखे सड़क जाम के कारण कई बस चालक सोमवार को अपनी बस और ट्रक लेकर नहीं निकले हैं। चालकों और बस कर्मियों का कहना है कि इस नये कानून को लेकर चालक और उपचालक काफी परेशान हैं। सभी वाहन चालक सड़कों पर अपने वाहन रोककर इस कानून का विरोध कर रहे हैं। चालकों का समर्थन कर रहे वाम दल के नेता अजय सिंह ने कहा कि यह कानून मजदूरों के लिए काला कानून है। जिस तरह भारत सरकार को किसानों के खिलाफ लाए गए तीन कानून वापस लेने पड़े। उसी तरह इस कानून को भी वापस लेना होगा। मंगलवार को सभी ड्राइवर और विपक्षी दल काला बिल्ला लगाकर इस कानून का विरोध करेंगे। अगर जल्द से जल्द इस कानून के नियम नहीं बदले गए तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बस चालक कल्याण संघ के अध्यक्ष बजरंगी राणा सिंह ने कहा कि यह कानून ड्राइवर के लिए आत्महत्या जैसा है। क्योंकि इस कानून के तहत सड़क दुर्घटना होने पर चालकों को घायल व्यक्ति को खुद अस्पताल पहुंचाने का नियम बनाया गया है। ऐसे में कई बार गुस्साई भीड़ ड्राइवर को निशाना बना लेती है। जिससे ड्राइवर की जान चली जाती है।



### सप्लाईकर्मी तीन को एचईसी मुख्यालय के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

**रांची।** एचईसी सप्लाईकर्मी लंबित मांगों को पूरा करने की मांग पर तीन जनवरी को मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के लालदेव सिंह ने बताया कि दो जनवरी को समिति का एक प्रतिनिधिमंडल एचईसी के निदेशकों से मिलकर सप्लाई कामगारों के बोनस, उपस्थिति, इएसआइ, पे-स्लीप पर वार्ता करेगा। उन्होंने बताया कि निदेशक सप्लाई कामगारों की समस्याओं पर स्पष्ट जानकारी नहीं देंगे, तो आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मांगों को पूरा करने की बार बार आग्रह किया जाता रहा है। इसके बावजूद एचइसी प्रबंधन मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। जिस कारण आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया है।

## वित्त मंत्री ने पासवा की टीम के साथ मनाया नववर्ष



**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने नववर्ष पासवा की टीम के साथ मनाया। मंत्री ने केक काटकर नये साल में प्रवेश की खुशियां मनायी। उन्होंने आवास पर मिलने पहुंचे पासवा के पदाधिकारियों को केक खिलाकर नये साल की बधाईयां दी। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को पासवा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने पुष्प गुच्छ एवं बुके देकर बधाई दी। डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य की जनता को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा सभी लोग सुख और शांति का जीवन व्यतीत करें, धन धान्य से परिपूर्ण हूं। राज्य और देश समृद्धि शाली हो। उन्होंने कहा झारखंड की अलग पहचान रही है। इस पहचान को हम एक साथ मिलकर आगे बढ़ाएंगे, समृद्ध करेंगे। मंत्री से मिलने और बधाई देने वालों में सुश्री फलक फातिमा, मो. उस्मान, मेहताब अंसारी, गुलाम गौश, चारुबाला कुमारी, सोनम कुमारी, शुभम कुमार, तोशी कुमारी, आसमां परवीन, विशाखा गोस्वामी, साक्षी प्रिया, प्रियांशु कुमार, राकेश कुमार, नायलान शगूफी, ललित मिश्रा, अल्ताफ अंसारी एवं फरहान अम्मान उपस्थित थे।

## सीएम से मिल अधिकारियों ने दी नववर्ष की बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में कई अधिकारियों ने मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दिया।

प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव मनीष रंजन, अपर पुलिस महानिदेशक संचार एवं तकनीकी सेवाएं आरके मल्लिक, आईजी एसीबी पंकज कंबोज, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा, एसएसपी धनबाद हृदीप पी जनार्दन ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2024 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से सभी को नववर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दीं।

### राजधानी रांची में 31 दिसंबर को करीब 4.50 करोड़ की शराब की हुई बिक्री

## नये साल के जश्न में झारखंड के लोग पी गये 50 करोड़ की शराब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नए वर्ष के स्वागत और पुराने साल की विदाई के मौके पर लोग जश्न मनाते हैं। हर साल 31 दिसंबर और एक जनवरी को पूरे झारखंड में जश्न का माहौल रहता है। इस दौरान लोग होटलों, बार, रेस्टोरेंट, क्लब और जगह जगह कार्यकमों का आयोजन कर खानपान के साथ खूब मस्ती करते है। मस्ती के लिए शराब का सहारा लेते है। राजधानी रांची की बात करें तो 31 दिसंबर को करीब साढ़े 4 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हुई है। जबकि पूरे राज्य में 31 करोड़ रुपए के शराब की बिक्री हुई है। नए वर्ष के मौके पर शराब बिक्री को लेकर झारखंड शराब व्यापारी संघ के महासचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष लोगों ने करीब 30 से 31 करोड़ रुपए के शराब की खरीदारी की है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची में 31 दिसंबर को 4. 45 करोड़ रुपए की शराब बिके हैं। वही पूरे राज्य में 31 करोड़ रुपये के शराब की बिक्री हुई है। इतने रुपए की बिक्री सिर्फ झारखंड में हुई है, जबकि पड़ोसी राज्यों से भी लोग शराब की खरीदारी कर झारखंड में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में झारखंड में शराब काफी महंगे दाम में लोगों को मिल रहे हैं। जबकि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में झारखंड की तुलना में शराब की कीमत काफी कम है। शराब व्यापारी संघ की तरफ से राज्य सरकार से यह मांग की गई कि राज्य सरकार झारखंड में भी शराब के दर को कम करे। नई वित्तीय वर्ष में पड़ोसी राज्यों की तरह यहां भी यदि शराब की कीमत में कमी आती है, तो निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में तीन हजार से 3500 करोड़ रुपए का व्यापार झारखंड में हो सकता है। जिससे हुए राजस्व का लाभ झारखंड की सरकार को आने वाले वक्त में होगा।

ज्ञात हो कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शराब की बिक्री में वृद्धि देखने को मिली है।

**पिछले वर्ष 45 करोड़ की बिकी थी शराब :** पिछले वर्ष 31 दिसंबर और एक जनवरी के दिन 45 करोड़ रुपए की शराब बिकी थी। जबकि इस वर्ष 31 करोड़ रुपए की शराब सिर्फ 31 दिसंबर को बिकी है। वहीं 1 जनवरी का ब्योरा अभी जारी नहीं किया गया है। लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि 20 से 21 करोड़ रुपए की शराब 1 जनवरी को भी बिकेगी। आंकड़े को देखें तो 31 दिसंबर और 1 जनवरी को पूरे राज्य में लगभग 50 करोड़ रुपए से अधिक शराब की बिक्री का अनुमान शराब व्यापारी संघ ने जताया है।




## आश्रम के बच्चों के साथ मनाया गया पिकनिक



**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** नए वर्ष के अवसर पर आदिम जाति सेवा मंडल द्वारा संचालित बच्चों के आश्रम में पिकनिक का आयोजन किया गया। श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति ने पिकनिक का आयोजन किया था। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि निवारणपुर स्थित आश्रम में निराश्रित बच्चों के लिए पिकनिक का आयोजन कर उनके साथ खुशियां मनायी गयी। बच्चों के लिए सुबह का नाश्ता और दिन के भोजन का प्रबंध समिति ने किया। नए वर्ष में बच्चों ने पिकनिक का भरपूर आनंद उठाया। समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया, सचिव जयदेव घोष, निर्मल गुप्ता, प्रकाश वर्मा, विवेक सहाय, सुनील सिन्हा, प्रदीप घोष, पप्पू वर्मा, प्रकाश मामा, राजेश वर्मा, राहुल चौरसिया और शंकर घोष सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भारत रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष बने विपिन

**रांची।** विपिन सिंह को भारत रक्षा मंच का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंच के प्रदेश संयोजक श्याम किशोर सिंह के निर्देश पर ये नियुक्ति हुई है। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर विपिन सिंह ने कहा कि देश के सबसे बड़े युवा भारत रक्षा मंच का प्रदेश अध्यक्ष बना हूॅ। मुझे जो भी जिम्मेवारी दी गयी है उसे मैं पूरी इमानदारी से निर्वहन करूंगा। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सक्रियता से कार्य करता रहूंगा। विपिन सिंह को बधाई देने वालों में योगेश सिंह, रतन शर्मा, एवीएन ओपी सिंह, विनोद विनायक, विनित, राकेश, धर्मेंद्र और मनोज शामिल है।

## रोटाप्रो तकनीक से किया मरीज का एंजियोप्लास्टी



रांची। राज अस्पताल में गंभीर कैल्सीफाइड ब्लॉकेज से पीड़ित एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को भर्ती कराया गया। इससे पहले उनकी एंजियोग्राफी उत्तर भारत के एक अस्पताल में की गई थी। जॉच के बाद डॉक्टर ने उन्हें बाईपास सर्जरी की सलाह दी गई थी। हालांकि, मरीज का परिवार बीमारी के इलाज के लिए विकल्प तलाश रहा था। राज अस्पताल के हृदय रोग विभाग के प्रमुख चिकित्षक डॉ. राजेश कुमार झा ने अपने विशेषज्ञ कार्डियक टीम के साथ मरीज के सभी रिपोर्ट की समीक्षा की। रोगी के लिए रोटाप्रो तकनीक के द्वारा एंजियोप्लास्टी का सुझाव दिया। फिर यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। रोटाप्रो एक उन्नत और विशेष तकनीक है। जिसमें कैल्सीफाइड ब्लॉकेज के कैल्शियम को डायमंड बर्र ड्रिलिंग की मदद से तोड़ा जाता है। इस प्रक्रिया का परिणाम उत्कृष्ट है, पारंपरिक एंजियोप्लास्टी की तुलना में सफलता का दर बेहतर है। इसमें ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में जटिलताएं भी कम है। अब राज अस्पातल में रोटाप्रो तकनीक का उपयोग करना शुरू कर दिया गया है। यह मरीजों के लिए आसान और सुरक्षित है और इसके बेहतर परिणाम है। पूरे झारखंड में पहली बार राज अस्पातल में रोटाप्रो तकनीक द्वारा एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया गया है।

## जल्द सत्ता परिवर्तन होने की संभावना : सरयू



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि किसी गैर विधायक मुख्यमंत्री के लिए यह अग्निपरीक्षा सरल नहीं होगी। राय ने एक अन्य टिवीट में कहा कि जल्द सत्ता परिवर्तन होने की संभावना है। झारखंड में सत्ता बदलेगी, तो नवागन्तुक के लिए गिरीडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट खाली होगी। सब ठीक रहा, तो गांडेय विधानसभा का उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ हो सकता है। पर उसके पहले संभावित गैर-विधायक मुख्यमंत्री को विधानसभा पटल पर बहुमत साबित करना होगा। यह अग्निपरीक्षा सरल नहीं होगी। फिर वैकल्पिक सरकार बनेगी या राष्ट्रपति शासन लगेगा या लोकसभा-विधानसभा के चुनाव साथ होंगे, कहा नहीं जा सकता। गांडेय वाले सज्जन मित्र राज्य सभा को सुशोभित करेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि नव वर्ष में जो भी हो राज्य,

### झामुमो विधायक डॉ. सरफराज अहमद के अचानक इस्तीफे पर सियासी गर्मी बढ़ी

# भाजपा का दावा कल्पना सोरेन बनेंगी राज्य की अगली मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांडेय विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक डॉ. सरफराज अहमद के अचानक इस्तीफे के बाद राज्य की सियासी गर्मी बढ़ गयी है। भारतीय जनता पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने संकेत दिया कि पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने जाने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरी तैयारी कर लेना चाहते हैं। ताकि अगर उनकी गिरफ्तारी हो, तो वह अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बना सकें। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रहे सीपी सिंह ने कहा कि पूरी घटना यह बताती है कि डॉ. सरफराज अहमद का इस्तीफा भी एक राजनीतिक फैसला है। सरफराज अहमद जैसे अनुभवी नेता के इस्तीफा देने का अब कोई मतलब नहीं है। अगर उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और स्पीकर ने इसे स्वीकार कर लिया है तो साफ है कि यह मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण रणनीति का हिस्सा है। सीपी सिंह ने कहा कि डॉ. सरफराज ने गांडेय विधानसभा सीट को सुरक्षित सीट मानकर इस्तीफा दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की जाति को लेकर विवाद है, ऐसी स्थिति में सामान्य सीट गांडेय सुरक्षित सीट मानी जा रही है।





### कोई समस्या नहीं है, इंतजार करें सबकुछ साफ हो जायेगा : मनोज पांडे



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद कहा कि पार्टी में सब कुछ ठीक है, कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन इंतजार करें, सब कुछ साफ हो जायेगा। हालांकि झामुमो के पार्टी स्तर पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा है, लेकिन विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन को गांडेय विधानसभा सीट से विधानसभा में भेजने की रणनीति बन सकती है, ताकि ईडी की पूछताछ के बाद अगर कोई गंभीर स्थिति उत्पन्न होती है तो कल्पना सोरेन को सत्ता की बागडोर सौंपने में ज्यादा दिक्कत ना हो। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सरफराज अहमद को 2024 में होने वाले राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाकर दिल्ली की राजनीति में शिफ्ट किया जा सकता है। वहीं डॉ. अहमद ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए यह कदम उठाया है। उनके करीबी सूत्र भी इस्तीफे को पार्टी अलाकमान के निर्देश का संकेत दे रहे हैं।

### गांडेय विधानसभा का नहीं हो सकता है उपचुनाव : निशिकांत



**रांची।** नये साल के पहले दिन झारखंड की राजनीति को लेकर नयी चर्चा भी शुरू हो गयी है। गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो विधायक डॉ सरफराज आलम ने 31 दिसंबर को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार करते हुए लेटर भी जारी कर दिया है। लेकिन गांडेय विधायक के इस्तीफा ने झारखंड की राजनीति में नयी हलचल पैदा कर दी है। हेमंत सोरेन सरकार को लेकर कई तरह की बातें राजनीतिक पार्टियों ने शुरू कर दी है। इसी क्रम में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर सबको चौंका दिया है। दरअसल निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर कहा है कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन सीएम पद से इस्तीफा देंगे और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन राज्य की अगली मुख्यमंत्री होंगी। वहीं ट्वीट करके निशिकांत दुबे ने मुंबई हाईकोर्ट के एक जजमेंट का जिक्र करते हुए गांडेय सीट पर चुनाव नहीं होने की वजह बतायी है। कहा है कि, मुम्बई हाईकोर्ट के काटोल विधानसभा के निर्णय के अनुसार अब गांडेय में चुनाव नहीं हो सकता। काटोल विधानसभा सीट जब महाराष्ट्र में खाली हुआ तब विधानसभा का कार्यकाल 1 साल 50 दिन खाली था। राज्यपाल यदि कल्पना सोरेन कहीं से विधायक नहीं बन सकती हैं तो मुख्यमंत्री कैसे बनेंगी। इतना ही नहीं निशिकांत दुबे ने ट्वीट करके ये भी कहा है कि, राज्यपाल को कानूनी सलाह लेना चाहिए। झारखंड विधानसभा का गठन 27 दिसंबर 2019 को हुआ था। सरफराज अहमद का इस्तीफा 31 दिसंबर को हुआ। एक साल से कम समय में चुनाव नहीं हो सकता। यह पार्टी हेमंत सोरेन की नहीं शिबू सोरेन जी की है।

### सीएम नहीं चाहते परिवार के बाहर निकले राज : मरांडी



मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अब जो परिस्थितियां सीएम ने खुद बनायी है, उससे स्पष्ट है कि उनकी गिरफ्तारी होगी। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह अवैध खनन से लेकर जमीन घोटाले अपने राज में कराए, इसके बाद ईडी के समन पर भी कभी उपस्थित नहीं होकर कानून का सम्मान नहीं किया। उनके पास अब कहने को कुछ नहीं है। लेकिन सत्ता की चाभी परिवार के बाहर नहीं जाए, इसलिए वह पत्नी को ही सीएम बनाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री नहीं चाहते कि परिवार के बाहर भ्रष्टाचार का राज खुले। बाबूलाल ने कहा कि इस्तीफा देना या ताजपोशी होती है तो इसका समय भी ठीक नहीं। ये खरमास का महीना है। शुभ काम से हर कोई परहेज करता है। गलत सय में गलत निर्णय कर रहे हैं, तो फैसले का परिणाम गलत होगा ही।

### सत्ता की चाबी अपने पास रखना चाहती है सोरेन परिवार : भाजपा



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने सातवां समन भेजकर पूछताछ के लिए जगह, तारीख व वक्त की मांग की थी। लेकिन मुख्यमंत्री ने जहां ईडी से इस विषय में कोई पत्राचार नहीं किया, वहीं गांडेय से झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से कयास लगाए जाने लगा कि अब सत्ता की कमान मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन को सौंपी जा सकती है। ईडी की अगली कार्रवाई के पहले ही गांडेय विधायक का इस्तीफा होने व कल्पना सोरेन की ताजपोशी की चचाओं पर भाजपा ने मुख्यमंत्री को घेरा है।

### परिवार के भीतर भी परिवारवाद : अमर कुमार बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अगर मुख्यमत्री के द्वारा अपनी पत्नी की ताजपोशी सीएम के तौर पर करायी जाती है तो यह परिवार के भीतर भी परिवारवाद वाली स्थिति है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सोरेन परिवार में पहले से मुख्यमंत्री के अलावे सीता सोरेन व बसंत सोरेन राजनीति में हैं, दोनों विधायक भी हैं। लेकिन सीएम परिवार के भीतर के ही इन सदस्यों को सीएम नहीं बनाकर अपनी पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं तो यह परिवार के भीतर भी परिवारवाद की स्थिति है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि संयुक्त बिहार में लालू परिवार ने भी ऐसा ही फैसला लिया था, जिसका नुकसान राज्य को उठाना पड़ा था। अब यही परिस्थिति झारखंड में भी परिवारवादी पार्टी के द्वारा उत्पन की जा रही है।

## एक नजर

### बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में मना बाल उत्सव

रांची। बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में बाल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें डांसिंग, सिंगिंग, स्पोर्टस, म्युजिकल चेयर एवं पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बिट्टी बालपन प्ले स्कूल इन्द्रपुरी रोड नंबर-5 में है। स्कूल के प्राचार्य प्रणव अनामय ने बताया कि यहां हर वर्ष इसी तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उनकी पढ़ाई के साथ उनकी कला को और बेहतर तरीके से निखारा जा सके। इन कार्यक्रम शिक्षिका सपना सिंह, नेहाशु चौधरी, रविता कुमारी, तनुराधा चौधरी तथा पप्पू सिंह समेत सभी कर्मचारियों उपस्थित थे।

### मछली घर कार्निवल में बच्चों ने की मस्ती




रांची। सोमवार को मछली घर में कार्निवल के पांचवें दिन कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। साल के पहले दिन खूब भीड़ उमड़ी बड़ी संख्या में लोगों ने कार्निवल आकर आनंद उठाया। सबसे पहले न्यू ईयर रेजोल्यूशन का आयोजन किया गया। व्हाट झुमका (बेस्ट झुमका कंपटीशन) में काफी संख्या में युवतियों ने लिया हिस्सा। जलेबी बेबी-जलेबी ईटिंग कंपटीशन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। इसे कई राउंड में करना पड़ा। जोरू का गुलाम में कई कपलो ने हिस्सा लिया। पतियों को पत्नियों के जूते चमकाने की चुनौती थी। देर शाम लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस का आयोजन किया गया। जिसमें शिवेश मिश्रा ने अपने गानों से लोगों को झूमा दिया।

## प्रभात खबर के प्रधान संपादक को धमकी पर एनयूजेआई ने सरकार से की सख्त कार्रवाई की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के अध्यक्ष रास बिहारी ने हिन्दी दैनिक प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को शराब माफिया द्वारा दी गई धमकी पर गहरी चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि रांची के होटवार जेल से फोन करके प्रमुख हिन्दी दैनिक के प्रधान संपादक को धमकी देने से झारखंड सरकार पर भी सवाल उठते हैं। इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले को भारतीय प्रेस परिषद में भी उठाया जाएगा। एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने इस पूरी घटना पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जेल के फोन नंबर से धमकी देना सीधे तौर पर राज्य सरकार की कार्यशैली पर गहरा प्रश्न चिह्न उठाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी संरक्षण की वजह से अपराधियों और माफिया के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर, 2023 को प्रभात खबर के मुख्य संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को योगेंद्र तिवारी नाम के एक माफिया द्वारा धमकियां दी गईं। कॉल करने वालों के बारे में पूछताछ करने पर अजीबो-गरीब तथ्य मिले। माफिया द्वारा वरिष्ठ पत्रकार को धमकी देने के लिए इस्तेमाल किये गये नंबरों (0612-2911807, 2911805, 2911806, 227002) के तार रांची स्थित बिरसा मुंडा जेल से जुड़े मिले। इसकी शिकायत उसी दिन पुलिस आयुक्त के समक्ष दर्ज करायी गयी। जेल से धमकी देने की जानकारी डीजीपी झारखंड, गृह सचिव, झारखंड सरकार और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों दी गई।एनयूजेआई के अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि इस पूरे घटना की घोर निंदा की जानी चाहिए। इस प्रकार की घटना बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है, जो सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है। लोकतांत्रिक तरीके से कार्य करने वाले पत्रकारों की आवाज को धमकी के जरिये चुप कराना किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने पर राज्य में आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### ईडी रांची जेल के जेलर से आज होगी पूछताछ

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पत्रकार को धमकाने के मामले में रांची के बिरसा मुंडा कारागार के जेलर प्रमोद कुमार से मंगलवार को पूछताछ करेगी। पूरा मामला शराब घोटाला मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी के नाम से एक दैनिक अखबार के संपादक को फोन पर धमकाने से संबंधित है। ईडी ने जेल से अलग-अलग नंबरों से धमकी दिये जाने के मामले को गंभीरता से लिया था, और बीते 30 दिसंबर 2023 को ईडी ने जेलर को समन जारी कर पूछताछ के लिए रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है।

## 7 लोगों की हत्या में शामिल आरोपी 18 साल बाद पंजाब से गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता।

रांची। सात लोगों की हत्या में शामिल आरोपी को पुलिस ने 18 साल बाद गिरफ्तार कर लिया। सात लोगों की हत्या मामले में फरार आरोपी विजय महतो को पंजाब से गिरफ्तार किया गया। रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विजय महतो पंजाब में छिपकर रह रहा है। इसके बाद पुलिस की एक टीम पंजाब पहुंची और उसे पंजाब पुलिस की सहायता से सोमवार एक जनवरी को गिरफ्तार किया। पंजाब से लेकर उसे पुलिस बुधवार को रांची पहुंच सकती है। इस हत्याकांड में तुपुदाना ओपी में वर्ष 2005 में हत्या की प्राथमिकी 19 आरोपियों के विरुद्ध दर्ज हुई थी। इस मामले में अधिकांश आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। पुलिस इस मामले में 18 आरोपी भोंदू, बिनोद महतो, मासुकोका महतो, कदरू महतो, जलेश महतो, धुरन महतो, भकरू महतो, एतवा लोहरा, चंदरू महतो, आनंद महतो, हरि महतो, झरिया महतो, दिलू महतो, घोघई महतो, कुसुम घासी, सुरेश महतो, आसमान महतो और बहलू महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वर्ष 2005 से ही हजाम का रहने वाला विजय महतो फरार चल रहा था।

## पहले दर्ज कराई एफआईआर, फिर विवादित जमीन पर लगा दिया गेट

### डीएसपी की पत्नी का रौब

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के खेलगांव इलाके में रहने वाले डीएसपी प्रदीप उरांव की पत्नी शालिनी कच्छप ने विवादित जमीन से जुड़े मामले में पहले थाना में केस किया, फिर जबरन विवादित जमीन पर गेट लगा दिया। डीएसपी प्रदीप उरांव साहेबगंज में पदस्थापित हैं। खेलगांव थाना पुलिस ने कहा कि विवादित जमीन पर जबरन गेट लगाने की सूचना मिली है। मामला कोर्ट में लंबित है। इसके बावजूद डीएसपी की पत्नी के द्वारा गेट लगा दिया गया। सूचना पुलिस के वरीय अधिकारियों को भी है, लेकिन किसी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।इस मामले में मेरी पुष्पा कुजूर का कहना है कि उन्होंने जमीन मालिक पकलू उरांव से 2021 में दस कट्ठा जमीन लिया था। जमीन का रजिस्ट्री भी हो गया है, लेकिन उसी जमीन पर शालिनी का दावा है कि उन्होंने पकलू को 16 कट्ठा जमीन के लिए साढ़े 25 लाख रुपये दिया है। हालांकि, शालिनी का रजिस्ट्री नहीं हो पाया है। मेरी पुष्पा का कहना है कि 16 कट्ठा जमीन में उन्होंने दस कठ्ठा लिया था। बाकी का छह कठ्ठा शालिनी ने लिया था। खेलगांव थानेदार ने क्या कुछ कहा वहीं, जमीन मालिक पकलू उरांव ने एसएसपी से शिकायत की है कि उन्होंने छह कठ्ठा जमीन शालिनी को दिया है, लेकिन उन्होंने छह कठ्ठा को 16 कठ्ठा बना दिया।

## पुराने लोगों के लिए टिकट पाना होगा मुश्किल

**गुलाम अहमद मीर का जगह-जगह पर होगा स्वागत**

**विभिन्न स्तरों पर तैयारियों में जुटे चुनाव लड़ने को तैयार नेता**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर मंगलवार को रांची पहुंच रहे हैं। उनके आने के साथ कई कयास लगने शुरू हो गए हैं। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि इस बार कांग्रेस चुनाव में नई सोच लेकर उतरना चाहती है। ऐसे में कांग्रेस पुराने लोगों को इस बार चुनाव में टिकट मिलने की संभावना कम ही है। पार्टी ने इस तरह के संकेत दिए हैं कि पुराने और प्रत्याशियों पर अब और जोर आजमाइश नहीं होगी। नए लोगों को चुनाव में मौका दिया जाएगा और ऐसे लोगों की तलाश संगठन के बीच से ही की जाएगी। रांची में पार्टी के विभिन्न संगठनों के साथ बातचीत और बैठकों में उम्मीदवारों की तलाश भी होगी। उन लोगों की तलाश की जाएगी जो मुखर हों और पार्टी को आगे ले जाने का माद्दा रखते हों। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के झारखंड आगमन के पीछे चुनावी तैयारियों को केंद्र में माना जा रहा है। कांग्रेस इसके लिए विगत छह महीनों से जमीनी कार्यों को पूरा कर रही है और संगठन को उसी प्रकार से तैयार करके पूर्व प्रभारी अविनाश पांडेय गए हैं। माना जा रहा है कि उनके द्वारा तय रास्ते पर ही अभी संगठन बढ़ता रहेगा। पार्टी में लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक पर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है ताकि चुनाव की घोषणा होते ही उम्मीदवारों को मैदान उतार दिया जाए। पार्टी ने यह संकेत भी दिए हैं उम्मीदवारों को पहले से ही संकेत दे दिया जाएगा ताकि वे फिल्ड में काम करना शुरू कर दें।

**गुलाम अहमद मीर का जगह-जगह पर होगा स्वागत**

दो जनवरी को राजधानी रांची पहुंच रहे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का जगह-जगह पर स्वागत होगा और पार्टी ने इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रभारी को एयरपोर्ट से लेकर संगम गार्डन तक आने के क्रम में शहर के चौक-चौराहों पर स्वागत किया जाएगा। ज्ञात हो कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से संगम गार्डन में डेढ़ बजे स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। स्वागत समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कांग्रेस कोटे के मंत्री, एमएलए, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष शामिल रहेंगे। तीन जनवरी को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पार्टी मुख्यालय में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। इसी दिन वे पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी और लोकसभा प्रभारियों एवं संयोजकों के साथ बैठक करेंगे।

### कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम मीर आज आयेंगे रांची

रांची । कांग्रेस के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय दौरे पर दो जनवरी को रांची पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में झारखंड प्रभारी का अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम होगा। फिर झारखंड प्रभारी जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ कांग्रेस भवन में बैठक करेंगे। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि झारखंड प्रभारी तीन जनवरी को कांग्रेस भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी झारखंड प्रदेश के साथ बैठक और लोकसभा प्रभारियों एवं संयोजकों के साथ कांग्रेस भवन, रांची में बैठक करेंगे।

## पहल

### कल्याण मंत्रालय की ओर से आयोजित किसान मेला में बोले राज्यपाल

# किसानों और कमजोर वर्गों के लिए काम कर रहे हैं पीएम

**एक किसान का खेत बाढ़ और सुखाड़ से प्रभावित होता है तो उसे भी बीमा का लाभ मिलता है**

**ड्रोन के माध्यम से खाद व कीटनाशकों के छिड़काव की व्यापक योजना बनाई गयी है**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के हित में कई नई योजनाएं शुरू की हैं। प्रधानमंत्री किसानों, आदिवासियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल सोमवार को खरसावां स्थित गोंदपुर मैदान में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से आयोजित किसान मेला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान मेला के आयोजन से लोगों को आपस में संवाद करने, आधुनिक तकनीकी एवं आधुनिक उपकरणों से कृषि कार्य करने इत्यादि की जानकारी होती है। राज्यपाल ने कहा कि किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को छह हजार रुपये की सम्मान राशि प्राप्त हो रही है। पूर्व में फसल बीमा योजना के तहत जब पूरा इलाका बाढ़ और सुखाड़ से प्रभावित होता था, तब कृषकों को बीमा का लाभ मिला करता था। लेकिन अब एक अकेले किसान का खेत बाढ़ और सुखाड़ से प्रभावित होता है तो उसे भी बीमा का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के माध्यम से खाद एवं कीटनाशकों के छिड़काव की व्यापक योजनाएं बनाई गयी हैं और इससे लोगों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। इससे कृषकों का श्रम कम लगेगा एवं लागत भी कम होगी।

राज्यपाल ने झारखंड के सभी रेलवे विद्युतीकरण के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड को सबसे अधिक एकलव्य विद्यालय का सौगात दी है। अर्जुन मुंडा जी भारत के प्रथम जनजातीय कृषि मंत्री है और उनके नेतृत्व में निश्चित ही कृषि के क्षेत्र में क्रांति होगी। विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में वहाँ की जलवायु एवं पर्यावरण के कृषि क्षेत्र में अनुकूल विकास होगा। उन्होंने किसान मेला में आधुनिक तकनीक से किए मशरूम उत्पादन एवं मोटे अनाज (मिलेट्स) के विभिन्न उत्पादों को देखकर कहा कि इससे इस क्षेत्र में काफी विकास होने की संभावना है। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में किसान उत्पादक संगठन गठित कर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले। राज्यपाल ने विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों को कृषि कार्य से संबंधित किट तथा विभिन्न सखी मंडलों को आधुनिक कृषि मशीनें भी वितरित की।

### गरीबों और जरूरतमंदों के साथ मनाया गया नया साल

**रांची।** राजधानी रांची में सोमवार को चारों तरफ नव वर्ष के जश्न का माहौल रहा। लोग जश्न मना रहे थे. वहीं कुछ सामाजिक कार्यकर्ता ने गरीबों और जरूरतमंदों के साथ अपना नया साल मनाया। 31 दिसंबर की देर रात सामाजित कार्यकर्ताओं की टोली शहर के विभिन्न इलाकों में गई। वहां सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे सो रहे गरीबों को कंबल और भोजन दिया। कड़ाके की इस ठंड में कंबल और गर्म भोजन पाकर गरीबों के दिल से दुआएं निकली। कंबल और भोजन वितरण करने वालों में समीर कुमार, राजीव कुमार, चुन्नू, सुगंध सिंह, मोहम्मद शाहबाज शेख, गौतम सिंह, अमित कुमार आदि शामिल थे। सभी सामाजिक कार्यकर्ता हर साल अपना नया साल गरीबों के साथ ही मनाते हैं। इनलोगों का कहना है कि गरीबों के साथ नया साल मनाने में जो आनंद आता है।

## पथ निर्माण सचिव ने सड़क-पुल की योजनाओं को पूरा करने के दिए निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार ने राज्य में सड़क योजनाओं के इंजीनियरों के साथ समीक्षा की है। प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित सभागार में सचिव ने वन भूमि, जमीन अधिग्रहण सहित अन्य कारणों से लंबित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सचिव ने कई जिलों में अब तक बाईपास निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी भी जतायी। अभियंताओं को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा। पथ निर्माण सचिव ने टोरी रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य अब तक नहीं शुरू होने पर भी नाराजगी जतायी और इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को कहा कि वे डीसी लातेहार के साथ समन्वय करके आरओबी निर्माण के लिए तेजी से कार्य करें। सचिव ने मुआवजा भुगतान कार्य में तेजी लाने, वन भूमि क्लीयरेंस के लिए वन विभाग से बात कर काम करने को कहा। सचिव ने इंजीनियरों को स्पष्ट कहा कि महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करें ताकि राज्य के छवि बेहतर हो सके।

## एक नजर

### जन कल्याण सेवा संघ द्वारा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**हजारीबाग।** झारखंड जन कल्याण सेवा संघ के द्वारा स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन मुंबई में किया गया।अध्यक्षता झारखंड जन कल्याण सेवा संघ के अध्यक्ष संजय राणा ने किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा उपस्थित हुए। किशोरी राणा ने संगठन में एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि यह संस्था कई सामाजिक कार्य कर रही है जिसमे भ्रष्टाचार से जूझ रहे लोगों को झारखंड जन कल्याण सेवा संघ के लोग जागरूक करने का काम करेंगे।कार्यक्रम में वीरेंद्र राणा, कुलदीप राणा , तुलसी राणा, प्रभु राणा, सुरेश राणा, नंदकिशोर राणा, अजय राणा, सीताराम राणा, राजू राणा, अशोक राणा, कामेश्वर राणा समेत संगठन के कई सदस्य उपस्थित थे।

### चालकों के लिए बने काले कानून को वापस ले सरकार : गणेश सीटू



**हजारीबाग।** ड्राइवर के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून हिट एंड रन का विरोध करते हुए सीआईटीयू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने कहा कि दुर्घटना होने पर ड्राइवर पर कार्रवाई के लिए पहले से जो कानून बना है वह प्रासंगिक कानूनी प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम की धारा 161 में निहित है जहां हिट एंड रन मोटर दुर्घटना को मोटर वाहन या मोटर वाहनों के उपयोग से उत्पन्न दुर्घटना के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसकी पहचान उचित प्रयासों के बावजूद सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।नए कानून के अनुसार दुर्घटना होने पर यदि ड्राइवर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल नहीं ले जाता है और उसकी मौत हो जाती है तो ड्राइवर को 10 साल की सजा या 7लाख रुपए जुमार्ने का प्रावधान किया गया है जो सरासर गलत है।पहले दुर्घटना पर मौत होने पर 304 ए लगता था जिसमें 2 साल की सजा का प्रावधान था जिसे बदलकर सरकार ने खतरनाक कानून बना दिया है। इस कानून के विरोध में देश भर के तमाम ड्राइवर 1 जनवरी से हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल का पूरा असर हजारीबाग जिले में व्यापक रूप में पड़ा। हड़ताल के कारण सब्जी, फल, आनाज जैसी आवश्यक वस्तू बाजार नहीं पहुंच पाएगी जिसके कारण बाजार में जरूरी सामानों की किल्लत हो सकती है।

नववर्ष पर पतरातू डैम व रजरप्पा में पिकनिक मनाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# लजीज व्यंजनों का लिया आनंद, एक दूसरे को नववर्ष की दी शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
नववर्ष 2024 के आगमन को लेकर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित जिलाभर से लोग 1 जनवरी को पिकनिक मनाने पतरातू डैम क्षेत्र पहुंचे । पिकनिक में लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत का जमकर आनंद लिया। पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच पिकनिक मानने का लुत्फ उठाते हैं। इधर रविवार पहली जनवरी को भी पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, भुरकुंडा, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2024 के आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर लुत्फ उठाया।

बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान' दिए जाने पर रतन वर्मा का अभिनंदन

# प्रत्येक रचनाकार अपनी नई रचना के साथ नवोदित होता है : रतन वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
प्रख्यात साहित्यकार, कथाकार, कवि रतन वर्मा को वर्ष 2022 में उत्कृष्ट कथा लेखन के लिए पटना में 'बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान' से अलंकृत किए जाने पर हजारीबाग की साहित्यिक संस्था 'परिवेश' के तत्वावधान में रामनगर रोड स्थित 'केसरी निवास' में आयोजित एक समारोह में उनका शानदार अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता आलोचक डॉ बलदेव पांडेय एवं संचालन 'परिवेश' के संयोजक विजय केसरी ने किया। इस अवसर 'परिवेश' के साहित्यकारों ने संयुक्त रूप से रतन वर्मा को 'अंग वस्त्र' 'स्मृति चिन्ह' पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया । इस पुरस्कार से पूर्व उन्हें 'गुलाबिया' कहानी के लिए 'कृष्ण प्रताप स्मृति पुरस्कार' का प्रथम पुरस्कार, 'नाट्यभूमि सम्मान', 'सबसे कमजोर जात' कहानी के लिए आनंद डाइजेस्ट, आंचलिक कथा प्रतियोगिता में 'सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार', 'नेटुआ नाटक', साहित्य कला परिषद,दिल्ली द्वारा दशक के सर्वश्रेष्ठ छः नाटकों में शामिल, 'अवसर' सम्मान 'राधा कृष्ण पुरस्कार', ' विशिष्ट कथाकार पुरस्कार', 'त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य सम्मान' से अलंकृत किया गया। अध्यक्षता करते हुए आलोचक डॉ बलदेव पांडेय ने कहा कि रतन वर्मा के कथा साहित्य में मिट्टी की गंध और जीवन की धड़कन समाहित है। ये उद्दाम जिजीविषा के कथाकार हैं। इनकी हर कहानियों में एक दर्शन हैं, जो सामाजिक संदेशों से लबरेज होती हैं।

### अयोध्या का श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में सनातन धर्म का लहराएगा परचम : गुरुदेव



**बरही ।** धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर में अयोध्या पूजित अक्षत का पुजार्चन के बाद रामभक्तो की टोली प्रत्येक सनातनी के घर अक्षत वितरण के लिए निकल पड़ी। विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता की अगुवाई में निकली टीम अक्षत वितरण भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर के घर से प्रारंभ किया। जहां श्री ठाकुर ने सपरिवार रामभक्तो की टोली का स्वागत करते हुए श्रद्धापूर्ण अक्षत व श्रीराम का चित्र भी ग्रहण किया। रामभक्तो ने उन्हें अयोध्या पूजित अक्षत को पूजा स्थल पर रखने के साथ ही श्रीराम मंदिर उद्घाटन के दिन आगामी 22 जनवरी को घरों में दीप प्रज्वलन, भजन, कीर्तन के साथ टोले मुहल्ले में प्रसाद वितरण कर उत्साह मनाने का भी आग्रह करते हुए अयोध्या जाने का भी आमंत्रण दिया। रामभक्तो के इस विनम्र आग्रह से भाव विभोर उठे भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने आमंत्रण स्वीकर करते हुए इस क्षण को सनातनियों के लिए परम सौभाग्यशाली बताया। साथ ही उक्त तिथि को सभी सनातनियो से दिवाली जैसा दीप जलाते हुए खुशियां मनाने की अपील की।

### माता के दर्शन के साथ पूर्व विधायक ने किया नए वर्ष का स्वागत, क्षेत्रवासियों के लिए मांगा आशीष



बरही। नव वर्ष के स्वागत के लिए पूर्व विधायक अपने कार्यकर्ताओं के साथ मां भद्रकाली के दरबार पहुंचे। उन्होंने माता के दरबार में हाजिरी लगाई और क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 पूरे देश सहित राज्य को हर एक क्षेत्र में सशक्त बने, यह उनकी हार्दिक इच्छा है। राजनीति परिदृश्य की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी दुनिया में सशक्त हुआ है। देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। युवा शक्ति सशक्त हुई है। सनातनियों का चिर प्रतीक्षित श्रीराम मंदिर जा निर्माण हुआ है। जो गौरव की बात है। 2024 में भाजपा बड़े बहुमत के साथ फिर से सत्ताशीन होगी, यह मातारानी से कामना है। अंत में उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सबों को बधाई दिया। पूर्व विधायक के साथ मातारानी का दर्शन करनेवालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### डीजे की धुन पिकनिक सहित पर्यटक स्थल भी रहा गुलजार, बच्चों ने की खूब मस्ती



**बरही।** हमेशा की तरह अंग्रेजी नए वर्ष की शुरूआत धूम धड़ाके के साथ हुई। प्रखंड के तिलैया स्थित जवाहर घाट, पोड़ैया जंगल, चेचरो पार्क, जराहिय डैम, केवलिया डैम, करसो जंगल, रानीचुआ, मलकोको, जवातरी का पहाड़ी स्थल आदि विभिन्न पिकनिक स्थल डीजे की धुन से गुलजार रही। बच्चों ने इस मौके पर खूब मस्ती मकी। अहले सुबह से ही नवयुवकों की टोलियां डीजे के साथ पिकनिक के लिए निकल पड़े। जहां लोगों ने वनभोज का जमकर लुत्फ उठाया। वही कई स्थानों पर नवयुवकों और वृद्धों की भी टोलियां अपने समूह के साथ मस्ती करते दिखे। जवाहर नदी घाट पर नवयुवकों की टोलियां ने जमकर डीजे की धुन पर थिरकते दिखे। मांस मदीरो की भी जमकर प्रयोग हुआ। वहीं शाम होते ही कई लोग सपरिवार बरही का मनोरम पर्यटक स्थल जवाहर घाट पहुंचे। जहां कई लोगों ने बराकर नदी में बोट का भी लुत्फ उठाया। किसी भी अनहोनी घटना से निपटने के लिए पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद दिखी। एसपी के निदेर्शानुसार पिकनिक स्पॉट पर पुलिस गश्ती की टीम गश्त लगाते देखे गए। वहीं अधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद रहे। प्रतिदिन की भांति पहली जनवरी को भी सरकारी कार्यालय खुले रहे, हालांकि कार्यालयों में लोगो की चहलकदमी कम रही। विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदिवार, सीओ राम नारायण खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी आदि सहित प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों ने प्रखंडवासियो को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

बस, ट्रक व डंफर ड्राइवर ने अपनी मांगों को लेकर दिया धरना

# कई घंटे एनएच-2 रहा जाम, यात्रियों व आने वाले पर्यटकों को हुई भारी परेशानी



**नवीन संवाददाता। बरकट्ठा**
एक जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर बस, ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा आदि सभी प्रकार के वाहन बंद रखने के साथ-साथ अपनी मांगों को लेकर बरकट्ठा के झूरझुरी मोड़ झारखंड होटल के पास जीटी रोड को जाम कर दिया। चालकों का कहना था कि भारत सरकार के द्वारा 2023 मोटर व्हीकल एक्ट के विरोध में हम लोग बंद रखे हैं। इस काले कानून में किसी भी तरह के वाहन चालकों की दुर्घटना हो जाती है तो चालक गाड़ी छोड़कर भाग जाता है या वाहन लेकर भाग जाता है। इसके बाद वाहन चालकों को 10 वर्ष जेल की सजा एवं 10 लाख रुपए जुर्माना की सजा का प्रावधान रखा गया है। इस काले कानून का हम सभी वाहन चालकों को सामना करना पड़ेगा। चाहे बाइक चलाना क्यों न हो। इन सभी को इस काले कानून का सामना करना पड़ेगा। हम सभी इस काले कानून को वापस लेने के लिए सोमवार को यहां बरकट्ठा झुरझुरी मोड़ के पास सड़क जाम किया है और जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन धरना पर रहेंगे। मौके पर काफी संख्या में स्थानीय एवं दूर दराज के ड्राइवर उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**रामगढ़।** शिव शिष्य परिवार ओरमांझी के सौजन्य से जेएसएफ क्लब बरतुआ गणेशपुर की ओर से आयोजित पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन पंचायत खेल मैदान बरतुआ में शुरू हुआ। पहला मैच लपंगा आरएफसी भुरकुंडा बनाम भुमित एलेव रांची के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। ट्राइब्रेकर में भुरकुंडा ने रांची को 4-3 से पराजित किया। दूसरा मैच टोबो स्पोर्टिंग क्लब केदला बनाम ड्रेगन एफसी कुरूम के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रही। ट्राइब्रेकर में केदल ने कुरूम को 4-3 से पराजित किया। वहीं दोनों विजेताओं के साथ क्वार्टर फाइनल मैच टोबो स्पोर्टिंग क्लब केदल बनाम लपंगा आरएफसी भुरकुंडा के खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रही। ट्राइब्रेकर में केदला ने भुरकुंडा को 9-8 से पराजित किया।

अक्षत वितरण अभियान का शुभारंभ रामगढ़ में

# एक जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा अक्षत वितरण कार्यक्रम : मनोज पोद्दार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
एक जनवरी 2024 को विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ नगर इकाई द्वारा अयोध्या से आए पूजीत अक्षत वितरण का प्रारंभ रामगढ़ नगर के सेवा बस्ती लेप्रोसी कॉलोनी रामगढ़ में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री सह प्रांत के आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मनोज पोद्दार एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सह आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मंत्री छोटू वर्मा मुख्य रूप से शामिल होकर घर-घर जाकर अयोध्या से आए हुए पूजीत अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को देते हुए 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाली पूर्ण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से घर-घर बताते हुए आगे बढ़ते गए। मनोज पोद्दार ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को हम सभी लोगों का आपने घर के पास अयोध्या रूपी माहौल बनाना है अपने ही घर, मोहल्ला, पड़ोसी में मिलकर भव्य रूप से दीपावली से भी बढ़कर इस बार दिवाली मनाने की बात उन्होंने कही। मौके पर रामगढ़ नगर के आमंत्रण अभियान प्रमुख अवधेश कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो, चंदन कुमार उपस्थित थे ।

भीम आर्मी सेना ने पहली जनवरी को शौर्य दिवस के रूप में किया याद

# 500 सैनिकों ने 28000 सैनिकों को किया था पस्त : लक्ष्मण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
अंग्रेजी माह के नव वर्ष का पहला दिन भीम आर्मी सेना के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव अंबेदकर ने शौर्य दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर दलितों के हक के लिए शहीद हुए महार के शहीद सैनिकों को नमन किया और श्रद्धांजलि दी। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि 1 जनवरी 1818 भीमाकोरेगांव में 28000 पेशवा बाजीराव एवं 500 महार के बीच भयंकर युद्ध हुआ था। एक दिन और एक रात के इस युद्ध में पेशवा के 28000 सैनिक महार के मात्र 500 सैनिकों के सामने बौनी साबित हुआ। युद्ध में पेशवा को हार का सामना करना पड़ा। इस युद्ध में 275 महार सैनिक शहिद हुए थे। उन्होंने बताया कि भारत में छुआछूत जब चरम पर था तब पेशवा ने नए कानून बनाया। उस कानून के अनुसार दलितों को कमर में झाड़ू और गले में मटका बांधने पर मजबूर किया गया था, जिसका विरोध करते हुए महार सैनिक का सरदार सिद्धनाक (जिसकी लंबाई 11 फिट, वजन 285 किलो, तलवार 7 किलो) ने 8000 पेशवाओं को अकेले मार डाला। सरदार ने पेशवा को अंग्रेजो की लड़ाई में साथ देने और अंग्रेजों को मार भगाने की बात भी कही थी। इसके एवज में दलितों के लिए अलग स्थान का मांग किया था। परंतु पेशवा ने ऐसा कुछ भी नही किया। यह युद्ध उसी का परिणाम था।

# पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव में युवा पीढ़ी अपने संस्कार भूल रही है : डॉ सुनील



**नवीन मेल संवाददाता।** रामगढ़
जिस तरह से लोग पाश्चात्य संस्कृति और अंग्रेजी संस्कृति को अंधाधुन अपने लगे हैं इससे हमारे देश की युवा पीढ़ी अपने संस्कार और संस्कृति को भूलते जा रही है। यह बात 1 जनवरी को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही। उन्होंने कहा की पश्चिमी संस्कृति मूल रूप से दिखावा प्रतीत होते रही है और होते रहेगी। जबकि हमारे भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष पुरानी ऋषि महर्षि परंपरा वेद. ग्रंथ. पुराण. रामायण और महाभारत आज हजारों हजार वर्ष पुराने हैं। कहा की शास्त्र के अनुसार वैज्ञानिक के ढंग से इस परंपरा को अपनाते आ रहे हैं इसी को हम भारतीय संस्कृति के रूप में जानते हैं उसके अनुसार हम भारतवासियों के लिए नया वर्ष वर्ष प्रतिपदा है जो कि इस वर्ष 25 अप्रैल को आने वाला है मैं कहना चाहता हूं जिस हर्षोल्लास के साथ लोग अंग्रेजी और पाश्चात्य संस्कृति को अपना रहे हैं इस रूप से हमारे भारतीय संस्कृति के अनुसार भारतीय वर्ष प्रतिपदा के दिन को नया वर्ष के रूप में इसी हर्षोल्लास के साथ मनाएं तो बेहतर रहेगा। डॉ कश्यप ने कहा की भारतीय संस्कृति कला लिखित वर्णित वायुमंडल को हमेशा महिमामंडित, संपोषित करती है। विशेष कर मंत्रो के माध्यम से पूरे वायुमंडल को शुद्ध और बनाते हुए प्राण देने का काम करते रहती है। हमारे भारतीय ग्रंथ यह है हमारे भारतीय शास्त्रों के वर्णन और लिखित के आधार पर पूरे वायुमंडल की संरचना मानी जाती रही है जो लिखित हजारों हजार वर्ष मिलती है जिसको हम ईश्वर की देन भी कहते हैं। कहा की हम सब मिलकर आने वाले वर्ष प्रतिपदा को उत्साह और उमंग के साथ मनाएं तो हमारी संस्कृति के लिए यह बेहतर होगा।

# प्रकृति की गोद में बसे चूना पत्थर व पहाड़ियों के बीच से होकर बहती नदी की धारा पर्यटकों को करती है आकर्षित





**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के गोरहर स्थित चूना पत्थर वॉटरफॉल घने जंगल और पहाड़ियों बीच से होकर बहती नदी की धारा जब पहाड़ी से होकर गिरती है तो इसकी खूबसूरती यहां आये सेलानियों का मन को मोह लेती है। शांत वातावरण में पंक्षियों के पनडुब्बी बीच नदी के पानी की ऊंचाई से गिरते पानी की आवाज दिल को छू लेती है। चुना खान झरना का अनुपम प्रकृति सौंदर्य पर्यटकों को मोहित कर देती है, प्रकृति ने इसे पांच हिस्से में बांटा है। एक हिस्सा सामने की ओर से गुजराती है, जहां गहरा कम है। अक्सर इस हिस्से को चुना खान समझ कर लौट जाते हैं जबकि असली झरना अगली झरना को पार करने के बाद चट्टानों के पीछे पांच हाथवा वॉटरफॉल का दीदार किया जाता है। 250 फीट की ऊंचाई से पांच हिस्सों में बंटकर यह झरना नीचे गिरकर स्विमिंग पुल की तरह ढांचा बना लिया है। जहां- उत्साहित पर्यटक नहाते हैं। जंगल की हरियाली, पेड़ पौधे और पत्थर की कठोरता बलखाती लहरों की लचक सभी को मंत्रमुग्ध कर देती है। वॉटरफॉल बरकट्ठा प्रखंड से 12 किलोमीटर दूर पर है। इन तीनों झारखंड में अलग-अलग जिलों से हजारीबाग सैलानी आते हैं, परंतु देखा जाता है कि चूना पत्थर वॉटरफॉल और हजारीबाग में बसे कई झरना को भी पहाड़ों की ऊंचाई से देखने के लिए बंगाल, बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश,के कई जगह से हजारीबाग की धरती पर सैलानी आने लगे हैं।

## नए साल में पिकनिक स्थल पर जुटे हजारों सैलानी



**अजय कुमार कुशवाहा**
**बरही।** हजारीबाग/बरही । क्षेत्र में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोग पिकनिक मना कर स्वागत किया, तो कहीं क्षेत्र में मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि,स्वास्थ्य, धन, यश, मान, सम्मान, और उन्नति, प्रगति, तथा विकास आदि के मन्नते मांगे। इस साल नव वर्ष का संयोग बहुत ही अच्छा रहा। नव वर्ष का आगमन सप्ताह के पहले दिन आनी सोमवार से हुआ। सभी कार्य ठीक रहा। रविवार रात 12:00 बजने के साथ ही मोबाइल से हेलो, हाय, एसएमएस, व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, एवं ईमेल के माध्यम से नव वर्ष की बधाई देने में क्षेत्र के लोग दिन भर व्यस्त रहे। आतिशबाजी एवं हैप्पी न्यू ईयर की आवाज गूंजने लगी।
पर्यटक स्थल जहां सैलानी घूमने व पिकनिक मनाने के लिए आए कैनरी हिल पिकनिक स्पॉट, जैसे ही आप हरे भरे हरियाली और झील से संबंधित एक शांत घने जंगल से गुजरते हुए पहाड़ी पर चढ़ते हैं आप उस स्थान पर पहुंचेंगे। हजारीबाग झील एक प्रसिद्ध पिकनिक स्थल है और इसके आसपास प्रमुख सिविल सेवकों के घर और आकाशवाणी रेडियो कार्यालय है झील को चार भागों में विभाजित किया गया है, और कहा जाता है की तीसरी झील से सूर्योदय और सूर्यास्त का सबसे अच्छा दृश्य दिखाई देता है।

### सऊदी में फंसे राज्य के 45 मजदूरों की वापसी के लिए सांसद ने विदेश मंत्री से किया अनुरोध



**हजारीबाग।** सऊदी अरब में हजारीबाग के 25 मजदूरों समेत गिरिडीह जिले के 16 और बोकारो जिले के 4 मजदूर फंसे हुए हैं। जिले के मजदूरों के परिवारों ने सासंद जयंत सिन्हा से उन्हें भारत वापस लाने हेतु मदद मांगी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्होंने विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से आग्रह किया है और विदेश मंत्रालय से लगातार चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने विदेश मंत्री से मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र ही ठोस कदम उठाने एवं सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास को इन मजदूरों को जल्द से जल्द भारत भिजवाने का निर्देश देने की अपील की।विदेश मंत्रालय द्वारा यह बताया गया कि दूतावास ने मामले पर बारीकी से नजर बनाई हुई है और श्रमिकों को हर संभव सहायता मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

# गुरु प्रदत्त ज्ञान के अनुपालन से जन जन का उत्थान : संत नागेन्द्र दास



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
संतपति स्वामी शिवनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी०) के तत्वावधान में आयोजित स्वामी शिवनारायण जी महाराज द्वारा रचित गुरू अन्यास ज्ञान दीपक ग्रंथ जयंती समारोह के अवसर पर संत नागेन्द्र दास ने अनेकों पंथ अनुयाईयों व विशाल ग्रामीण जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन का वास्तविक उत्थान गुरू प्रदत्त ज्ञान को अपने जीवन में उतारने से ही संभव होगा। जब तक हम सिद्धों, संतों द्वारा प्रवाहित ज्ञान गंगा रूपी धारा में गोते नहीं लगाते तब तक हमारा उद्धार नहीं हो सकता है। पिछले तीन दिनों तक यहां ग्राम झुरझुरी (रामेश्वर टोला), बरकट्ठा में भारत के अनेक प्रांतों द्वारा उत्तर भारत के संत परम्परा के 17 वीं शताब्दी के महान सिद्ध संत समाज सुधारक एवं तत्कालीन के कवि सम्राट संत शिव नारायण महाराज की वाणी,कालान्तर में धीरे-धीरे रचना बद्ध होकर गुरू अन्यास ज्ञान दीपक नामक ग्रंथ के रूप में लिपिबद्ध हुई।

## एक नजर

### कुएं में डूबने से व्यक्ति की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के हेलनपुर में सोमवार को कुआं में गिरने से डूब कर 49 वर्षीय फ्रांसिस कुल्लू नामक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई ,जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची एवं मृतक के शव को कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि वह पानी भरने गया था इसी दौरान पर फिसला और कुएं में जा गिरा ,गिरने की वजह से माथे में चोट लगी और वहीं पर उसकी मौत हो गई। इधर पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई।

### नौका विहार रहा आकर्षण का केंद्र



केलाघाघ डैम में इस बार नए वर्ष के मौके पर नौका विहार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा ।जहां पर डैम में मछली पालन कर रही मत्स्य जीविका सहयोग समिति लिमिटेड बड़ाबरपानी के सदस्यों के द्वारा घूमने आने वाले सैलानियों को नौका विहार कराया। इधर नौका विहार के लिए लंबी लाइन लगाकर लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखे गए वहीं पर सुरक्षा को देखते हुए लाइव जैकेट दिया गया था ताकि किसी प्रकार से कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो। गौरतलब हो लंबे समय से डैम में वोटिंग की सुविधा पूरी तरह से बंद हो गई है इधर मछली पालन कर रही समिति द्वारा लोगों को नौका विहार का आनंद कराया इसके लिए लोगों ने नए वर्ष का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

### कोडरमा : डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड मुख्यालय के पुराना भवन के समीप संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर भूमि पूजन हुआ। भूमि पूजन निर्माण समिति के सचिव खगेंद्र राम ने किया। इसमें सब लोगों ने अपने हाथों से मसाला डाला। साथ ही उपस्थित सभी लोगों ने डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेंद्र दास ने किया। प्रतिमा निर्माण समिति के लोगों ने कहा कि जल्द ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित होगी। जनप्रतिनिधि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ी जाति और मुस्लिम समाज के लोगो ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। कार्यक्रम का समापन कोषाध्यक्ष अरमान खान ने किया। मौके पर इस्लाम अंसारी, राजकुमार यादव,कौशर खान, सुरेंद्र भाई मोदी, विजय पासवान, इंद्रदेव राम, राजकुमार पासवान, सुरेंद्र राम, सुखदेव यादव, वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, राजेश कुमार, दुर्गा प्रसाद राम, देवकी रविदास, महेंद्र राम, अब्दुल हफीज खान, रहमत खान, विनोद पासवान, सुनीता देवी, रामदेव पासवान, इसाक अंसारी, कलीम अंसारी, शमशेर अंसारी, बॉक्सर खान, बाबू खान, देवेंद्र कुमार, संतोष राम, पप्पू रजक, चंदन बरनवाल, अमित कुमार, सुजीत कुमार, सनी राज, रामप्रसाद धोबी आदि मौजूद थे।

# बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दनगदी सहित विभिन्न स्थानों में लोगों ने मनाया नए साल का जश्न



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखण्ड के प्रसिध्द पर्यटक स्थल दनगदी सहित विभिन्न स्थानों में लोगों ने पिकनिक एवं नाच-गाना के साथ खूब मस्ती से मनाया गया नया साल । इस मौके पर बोलबा प्रखण्ड के कई हसीन वादियाँ सैलानियों को अपनी प्राकृतिक छटाओं के साथ लुभा रही है ।बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल के रूप में दनगदी विख्यात है। इसके साथ दर्शनीय स्थल वनदुर्गा एवं कैलाश धाम करामुण्डा प्रसिद्ध है । साथ ही शंख नदी पर बादुल, जटिया, टेंगीया, के साथ डोंगाजोर नाला में घघरी, जतरा टोंगरी भी पिकनिक के लिए उपयुक्त माना गया ।लोग दूर दूर से अपने परिवार के साथ भ्रमण किया एवं वनभोज भी किया । वहीं युवा - युवतियों ने रेकॉर्डिंग डांस पर मजा लिया । इस मौके पर थाना प्रभारी अरुनिष रोशन सहित पुलिस बल भारी संख्या में मौजूद थे । जो सैलानियों के आने -जाने, वाहन खड़ा करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराया । वहीं प्रशासन की ओर से तैराक भी मुस्तैद किया गया था।

**कोलेबिरा एवं ठेठईटांगर के पर्यटन स्थलों में उमड़ी भीड़ :**

इधर नव वर्ष की पहली तारीख को कोलेबिरा के लरवा डैम में लोगों ने धूमधाम के साथ नव वर्ष 2024 का स्वागत करते हुए पिकनिक मनाते हुए ग्रामीण नजर आए इसके साथ-साथ कोलेबिरा के बूढ़ा डैम,गोबरधासा डैम आदि जगहों में भी सैलानियों का भीड़भाड़ देखने को मिला। लोग अपने परिवार के साथ घूमते फिरते, नाचते गाते पिकनिक मनाते हुए नजर आए ।मौके पर पुलिस मौजूद रही इसके अलावा ठेठईटांगर के राजाडेरा और घूमरी में सैलानियों की भीड़ देखी गई ।लोगो द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से नए वर्ष के आगमन पर पिकनिक मनाया गया ।राजाडेरा में इस बार पर्यटकों के काफी भीड देखी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, अंचलाधिकारी कमलेश उराँव स्थल पहुंचकर जायजा लिया ।वही थाना प्रभारी मनीष कुमार राय द्वारा दोनो जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर 35 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण

**झुमरीतिलैया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर सोमवार को चाराडीह और छतरबर में शिविर लगाकर केंद्र सरकार की 16 योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 35 लाख रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। बीडीओ सुमन गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार स्वच्छता अभियान के साथ लोगों के रहने के लिए मकान के अलावा नल जल योजना उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि शौचालय का निर्माण घर- घर में होने से घर की महिलाओं के साथ अन्य लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत प्रत्येक लोग बैंकों में बीमा की राशि कटाएं, ताकि जरूरत पर उन्हें लाभ मिल सके। एलडीएम निवास कुमार ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि ऋण जिस तरह ले रहे हैं, उसे ससमय लौटाएं। रांची से आए सेवी के डॉ. एस चटर्जी ने पैसे का उपयोग म्यूचूअल फंड में करने की अपील की।

## कोडरमा में अहिबरन जयंती और मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

जनवरी (हि. स.)। नए साल पर सोमवार को बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने किया। इस दौरान अतिथियों ने महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज आगे बढ़ता है और संगठन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह समाज आगे बढ़ रहा है यह हर्ष का विषय है। पूर्व जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने नए साल की शुभकामना देते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की और कहा कि इससे समाज की एकता को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज के साथ और हित में सदैव कार्य करती रहूंगी। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, आरके बसन्त और अजीत वर्णवाल ने समाज की एकता पर बल देते हुए सकारात्मक कार्य करने की अपील की।

## नववर्ष के मौके पर जिले के विभिन्न गिरजाघरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

नववर्ष के मौके पर जिले के विभिन्न गिरजाघर में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। संत अन्ना महागिरजाघर में सोमवार को नव वर्ष के मौके पर विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन हुआ। मिस्सा पूजा विजी फा इग्नासियुस टेटे की अगुवाई में संपन्न हुआ। जहां उनका सहयोग कई पुरोहितों ने किया। मौके पर नव वर्ष में कृपाओं के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। धर्मविधि समापन के बाद लोगों ने एक दुसरे को नववर्ष का बधाई देते हुए वर्ष में उज्जवल भविष्य का कामना किया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। मिस्सा पूजा के बाद विधायक ने पुरोहितों के अलावे अन्य सभी लोगों को नव वर्ष की बधाई दी। विधायक ने कहा कि नव वर्ष हमें एक नई उम्मीद और आशा प्रदान करता है। इस कारण सभी को चाहिए कि पुराने वर्ष के सभी कटु अनुभव का परित्याग करे और नए आशाओं के साथ नव वर्ष में आपसी एकता और सौहार्द की भावना से जीवन व्यतित करें।

# विधायक भूषण बाड़ा ने पर्यटक स्थल बसतपुर में किया नव वर्ष का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

विधायक भूषण बाड़ा अपने परिवार के साथ नव वर्ष का स्वागत पर्यटक स्थल बसतपुर में किया। मौके पर विधायक नव यहां वनभोज का भी लुत्फ उठाया। साथ ही वहीं पहुंचे लोगों को नव वर्ष की बधाई दी। उन्होंने जिले में शांति और जिले के चहुंमुखी विकास के लिए कृत संकल्प रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर जिले में अमन व शांति हो इसके लिए वे भगवान से प्रार्थना करेगें। उन्होंने लोगों से अपनी सभी बुराईयों को छोड नव वर्ष में अच्छाईयों को अपनाते हुए जिले के चंहुमुखी विकास में सहयोग की अपील आम लोगों से की है। उन्होंने जिले वासियों को आपसी प्रेम और भाईचारे के माहौल में नव वर्ष मनाने की बात कहते हुए शुभकामना दी। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि वर्ष 2024 में जिले के लाचार, गरीब एवं बुजुर्गों को उनका हक के साथ साथ बेहतर सुविधा मिले। बच्चों का शिक्षा पूर्वत की भांति सुचारु रुप से चले इसके लिए वे प्रार्थना करेंगी। मौके पर प्रमुख सह प्रखंड अध्यक्ष रजत लकड़ा, वरीय उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि अनिल जेम्स बखला,मुखिया दामोदर बिझिया, जिला मंडल अध्यक्ष भूषण राम,उप प्रमुख फ्लोरा मिंज,पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का,पंचायत अध्यक्ष सुनील तिर्की, पंचायत अध्यक्ष सुरेश केरकेट्टा, पंचायत अध्यक्ष जेफ्रेन कुजूर, शीतल लकड़ा, संगीता लकड़ा, आलम खान,बसंत राम, बिहारी लाल साहू, देवस्नान माझी, लक्ष्मण प्रसाद, चैतन दास,अजीत बिलुंग, अनिल तिर्की, असीम कुजूर, जॉन बेक, मनोरंजन कुल्लू, संजय तिर्की, गंगा सागर प्रसाद, योधन नायक, अलविश तिर्की, सुरजीत तिर्की,संजीत एक्का,आशा कुजूर,अमर मिंज, आनद कुजूर, अगश्तुष कुजूर आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## नव वर्ष के मौके पर पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम में उमड़ी सैलानियों की भीड़



सिमडेगा। नववर्ष के स्वागत के लिए शहर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पर्यटक स्थल केलाघाघ डैम में पर्यटकों व सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रकृति के अनुपम सौंदर्य को अपने अंदर समेटे हुए केलाघाघ डैम के मनमोहक दृश्य को देखकर लोग खूब रोमांचित हुए। डैम परिसर में दिन भर मेला सा नजारा लगा रहा। पर्यटकों ने डैम परिसर में मनचाहे स्थल का चयन कर परिवार व दोस्तों के साथ भोजन आदि बनाकर व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इसके बाद डीजे के धुन पर दिन भर थिरकते नजर आए। वहीं पर ठेला व खोमचेवालों के दुकानों पर भी व्यंजन का जायका लिया। लगातार सुबह से ही यहां पर सैलानियों का भीड़ भाड़ का माहौल देखने को मिला ,जहां पर लोग अपने सुविधा अनुसार नए वर्ष का स्वागत बड़े ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

### सुबह से ही मंदिरों में उमड़ी थी भीड़



पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम की स्थिति शिवालय में नववर्ष के आगमन पर प्रात काल से ही लोगों का स्नान के साथ पूजा करने के लिए भीड़ उमड़ी जहां पर लोगों ने विधि विधान के साथ पूजा करते हुए नववर्ष को अपने जीवन में स्वीकार किया इस मौके पर आचार्य कल्याण मिश्र के द्वारा लोगों को नव वर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह अंग्रेजी नववर्ष लोगों के जीवन में खुशहाली लाए इसके उद्देश्य से लोगों ने मंदिर में आकर पूजा करते हुए परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

### सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम

दूर-दूर से सैलानियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार के द्वारा पर्यटन स्थल के चारों ओर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति की पिता की विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी ना हो इसके अलावा पार्किंग स्थल एवं गस्ती के लिए विशेष पुलिस दल तथा तैराक हेतु विशेष टीम का गठन किया गया था ताकि किसी विशेष परिस्थिति में उनकी मदद किया जा सके। वह शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष का कार्यक्रम संपन्न होने पर सिमडेगा एसपी ने तमाम जिला वासियों का धन्यवाद देते हुए शांतिपूर्ण माहौल में इसी प्रकार आने वाले सभी प्रकार के पर्व त्यौहार को मनाने को लेकर अपील की है।

# हाथी से कुचले मृतक को वन विभाग ने दिया मुआवजा



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

रविवार रात हाथी द्वारा कुचल कर मारे गए ओड़गा ढेलसेरा जुनुमटोली निवासी मृत विरसेन जोजो के घर अहले सुबह बानो वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार एवं पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे। वन विभाग के द्वारा तत्काल मृतक के परिजनों को दस हजार रुपए सहायता के तौर पर दिया गया। इस दौरान वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने कहा की मृतक के परिजनों को कागजी प्रक्रिया के पश्चात मुवावजा के तौर पर चार लाख रुपए दिए जायेंगे। वहीं ओड़गा ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने आवश्यक कागजी करवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया है। ज्ञात हो की ओड़गा आदि क्षेत्रों में लगातार हाथी के हमले होते रहे हैं जिसमें कई ग्रामीण अपनी जान गवां चुके हैं ।वहीं इस समस्या हेतु ग्रामीण कई बार वन विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी मांग रख चुके हैं ।किन्तु अब भी समस्या बरकरार है, हालांकि वन विभाग भी लगातार हाथियों को क्षेत्र से भगाने का प्रयास करते हैं ।किन्तु पुनः हाथी वापस आकर क्षेत्र में उत्पात मचाते हैं। मौके पर प्रभारी वनपाल विवेक कुमार,वनरक्षी लखीन्द्र कुमार सिंह,ओड़गा मुखिया मुकुट समद उपस्थित थे।

## जिला सूंड़ी समाज के वार्षिक सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला सूड़ी समाज की कार्यकारणी बैठक जिला महासचिव अनूप प्रसाद के प्रिंस चौक स्थित आवास में वार्षिक सम्मेलन हेतु बैठक हुई।बैठक अध्यक्षता हितेन्द्र प्रसाद द्वारा की गई। नगर कार्यकारिणी महिला मोर्चा के अधिकारी बीरू खंड के अध्यक्ष एवं संघ के संरक्षक की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।जिसमें काफी विषयों में चर्चा की गई और वार्षिक सम्मेलन को सुचारू ढंग से करने के लिए समिति गठन का निर्णय लिया गया। पूरे जिला में प्रत्येक घर से संपर्क कर सर्वे का कार्य करने का निर्णय लिया गया ।इसमें मुख्य रूप से प्रधान संरक्षक शीतल प्रसाद, कृष्ण चंद्र प्रसाद एवं समाजसेवी विनोद प्रसाद उपस्थित थे ।जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ,जिला उपाध्यक्ष हलधार प्रसाद, महासचिव अनूप प्रसाद, सचिन अमित रंजन, संगठन मंत्री अनिल प्रसाद, स्वागत मंत्री समुद्रगुप्त, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा रानी, सचिन, शोभा गुप्ता, नगर कार्यकारिणी से अध्यक्ष हितेंद्र प्रसाद, सचिन, सुरजीत प्रसाद, कोषाध्यक्ष निलेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# कुरडेग में लोगों ने नए वर्ष का किया स्वागत , पिकनिक का लिया आनंद



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**

कुरडेग एवं आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को लोगो ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ जश्न मनाते हुए नव वर्ष का स्वागत किया ।रविवार की देर शाम से रात तक कुरडेग समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। रात बारह बजते ही नये साल 2024 का स्वागत किया। लोग पिकनीक की तैयारी रविवार को ही कर ली थी। नव वर्ष के स्वागत में कुरडेग एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखे फोड़े गये। वहीं रात भर गाने बजाने की आवाज गुंजती रही। कुरडेग व आसपास के पिकनीक स्पॉट पर युवा वर्ग के साथ बडे बुजूर्ग , महिला एवं बच्चे भी पिकनीक के लिये पहुंचे और जमकर पिकनीक का आनन्द लिया। प्रखण्ड के मुख्य पिकनीक स्पॉट छाताकाहू डैम, लवडेरा डैम, बनगांव डैम और गीरांग बांध में लोग पिकनीक मनाने के लिए पहुंचे और नाच गान के साथ पिकनीक का आनन्द उठाये। चारों ओर डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आए ,वहीं कुरडेग और आसपास के क्षेत्रों में हजारो की संख्या में मुर्गे एवं बकरे की खपत हुई पिकनीक स्पॉट के अलावे गाँव घर में भी लोगों ने नये साल का जश्न मनाया और अपने मन पसन्द ब्यंजन का आनन्द लिये ।वहीं सुरक्षा के मद्देनजर कुरडेग पुलिस गश्त कर रही थी एवं नशे की हालत एवं तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कडी निगरानी कर रही थी ।समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सुचना नहीं है ।

### बिहार से पिकनिक मनाने आए युवक की वृंदाहा वाटर फॉल में डूबने की आशंका

**कोडरमा।** बिहार के समस्तीपुर से पिकनिक मनाने कोडरमा जिले के वृंदाहा वाटर फॉल आए तीन युवकों में एक के डूबने की आशंका है। सोमवार को जानकारी मिलने के बाद पुलिस की ओर से वृंदाहा में स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान चलाया गया लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता नही मिली। अब मंगलवार को बाहरी गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की जाएगी। लापता युवक का एक चप्पल पानी में व दूसरा जमीन पर पाया गया है। समस्तीपुर जिले ताजपुर थाना क्षेत्र के ब्रहमपुरा गांव का विनीत झा अपने फूफेरे भाई चंदन व दोस्त अभिषेक के साथ नया साल मनाने रविवार की सुबह कोडरमा पहुंचा था, जहां से तीन युवक मोटरसाईकिल से पहले तिलैया डैम गए और फिर देर शाम गुगल सर्च के जरिए वृंदाहा पहुंचे ।यहां तीनों ने शराब का सेवन किया , जिसके बाद पहले चंदन और फिर बाद में विनीत और अभिषक फॉल के किनारे जमीन पर ही सो गए।

# रामलल्ला के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सिमडेगा में शुरू हुआ अक्षत आमंत्रण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा में सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जी में श्रीरामलला के भव्य नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा निमित्त अयोध्या से पूजीत अक्षत आमंत्रण का प्रत्येक सनातनी के घरों में जाकर देने का सोमवार को शुभारम्भ नगर में किया गया। विश्व हिन्दू परिषद् और उसके आनुषांगिक संगठन एवं समस्त दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम नगर स्थित सरना स्थल पहुंचकर वहां पूजन कर सरना में वास करने वाले सरना मां, सभी ग्राम देवी देवताओं, खुट पाट का आह्वान किया गया और उनसे प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के निमित्त आशीर्वाद की कामना की गई ।इस अवसर पर सरना के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र भगत को विहिप के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव के द्वारा अक्षत कलश सौंपा गया ।सरना में जो भक्त आएंगे उनको पहान के द्वारा अक्षत आमंत्रण दिया जायेगा ।श्री सिंहदेव इस अवसर पर कहा प्रभु श्रीराम पिता वचन पालन हेतु राज्य त्याग कर चौदह वर्ष का वनवास के काल में महान आदिवासियों, वनवासियों के साथ रहने का मौका मिला और प्रभु ने ये सन्देश दिया सभी कोई एक समान हैं और इसी धरती के पुत्र हैं, कोई छोटे बड़े का भेदभाव नहीं है, कोई ऊंच नीच का भाव नहीं है ।उन्होंने कहा आज जो लोगों को भावनाओं में बांटकर अपना स्वार्थ सिद्धि में लगे हैं लोग उनके बहकावे में ना आकर प्रभु के इस सन्देश से शिक्षा लें ।हर वनवासियों के हृदय में श्रीराम बसते हैं और श्रीराम में तो समस्त संसार बसते हैं। सरना में पूजन पश्चात प्रशासनिक अधिकारीयों के आवास जाकर उनको अक्षत आमंत्रण दिया गया । मौके पर हनुमान बोंदिया, नारायण दास, ओमप्रकाश साहू, कमल सेनापति, शंभु प्रसाद, कृष्णा शर्मा, भुनेश्वर सेनापति, हरिश्चंद्र भगत, वीके साहू, बबलू अग्रवाल, आनंद जायसवाल, पिन्टू अग्रवाल,संजीत प्रसाद,लहरू सिंह ।उपस्थित रहे।

**प्रखंड के सभी गांव में शुरू हुआ आमंत्रण कार्यक्रम :** वहीं इसके अलावा सिमडेगा जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के सभी 10 प्रखंड के विभिन्न पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूजित अक्षत आमंत्रण दिया गया।

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राहुल का गाजे-बाजे से हुआ स्वागत

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया निज प्रतिनिधि राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पहली बार कोडरमा के कुश्ती खिलाड़ी ने पदक जीता है। कुश्ती खिलाड़ी राहुल यादव दिल्ली से पटना होते हुए एक जनवरी को रांची-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस से सुबह 9:30 बजे कोडरमा जंक्शन पहुंचे, जहां गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत जिला कुश्ती संघ के लोगों ने किया। कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष तौफीक हुसैन, सचिव आकाश सेठ, कोषाध्यक्ष ईशा कुमारी, संयुक्त सचिव रितेश लोहानी, बिरजू शर्मा, राष्ट्रीय योग खिलाड़ी मिथिलेश राम गुप्ता, सतीश कुमार सिन्हा, दीक्षित राज, राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी अतुल आनंद, गोलू यादव, सकलदेव साव, रोहित कुमार, प्रभु साव, अंशित गुप्ता, खूबलाल यादव, सूरज यादव, चंदन यादव, नीतीश यादव आदि ने अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद कोडरमा जंक्शन के निकट काली मंदिर में पूजा- अर्चना करने के बाद नगर भ्रमण किया गया।

## एक नजर

### बरटांड़ में नशे में धुत सिपाही का उत्पात, अपार्टमेंट पर चलाई गोली

**धनबाद :** धनबाद थाना क्षेत्र के बरटांड़ पंडित क्लीनिक रोड स्थित सीपी सिंह इनक्लेव में रविवार की रात शराब के नशे में धुत सिपाही मनसुख झा ने जमकर उत्पात मचाया। रात करीब 12 बजे अपार्टमेंट का गेट नहीं खोलने पर सिपाही ने पहले गेट पर स्कूटी से टक्कर मारी, फिर दोस्तों को बुलाकर पथराव कर दिया। इसके बाद भी जब गेट नहीं खुला तो फायरिंग कर दी। पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है. धनबाद इंस्पेक्टर संतोष गुप्ता ने अपार्टमेंट के लोगों का बयान दर्ज किया है। अपार्टमेंट के लोगों ने बताया कि अपार्टमेंट में गार्ड दिनेश कुमार ड्यूटी पर था। रात करीब 12 बजे एक व्यक्ति स्कूटी पर सवार होकर आया। सीधे गेट पर टक्कर मार दी और गेट खोलने को कहा. इस पर गार्ड ने कहा कि पहले यह बताएं कि आप किसके यहां जाएंगे, तभी गेट खुलेगा. इसी बात पर वो भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। बताया जा रहा है कि वो झियाडा में कार्यरत हजारी शर्मा से मिलने की बात कह रहा था। तब गार्ड ने हजारी शर्मा को सूचना देकर बुलाया. तब पता चला कि वह सिपाही मनसुख झा है, जो डॉ समीर कुमार का बाडीगार्ड है. इधर, तब तक सिपाही ने फोन कर अपने दोस्तों को बुला लिया।

# हिट एंड रन एक्ट के विरोध में किया गया चक्का जाम

**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड इकाई द्वारा तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन सह रोड चक्का जाम कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को महासंघ के डूमरी चालकों के साथ मिलकर हीट एंड रन एक्ट एवं केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए इसे काला कानून की संज्ञा देते हुए। केन्द्र सरकार से अविलंब यूनियन के अनुमंडल कमिटी अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि केन्द्र सरकार ने ऐसा कानून बनाया है जिससे वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हमेशा डर




प्रखंड अध्यक्ष ऊसमान अंसारी के नेतृत्व में एनएच-19 को बेसिक स्कूल डुमरी के समक्ष सांकेतिक रूप से जाम किया गया। हालांकि डुमरी पुलिस ने जाम स्थल पर पहुंचकर जामकताओं को समझा बुझाकर सड़क से हटाया और यातायात को सामान्य करवाया। जाम का समर्थन बहुजन सदान मोर्चा,युवा कांग्रेस एवं हिन्द मजदूर किसान यूनियन ने किया और कार्यक्रम स्थल पर महासंघ से जुड़े वापस लेने की मांग की, अन्यथा 3 जनवरी के बाद आंदोलन को और तेज करने की बात कही। हालांकि कार्यक्रम सांकेतिक होने और पहली जनवरी होने के कारण सड़क यातायात में ज्यादा प्रभाव नहीं देखा गया लेकिन 2 एवं 3 जनवरी को चक्का जाम कार्यक्रम तेज रहने की संभावना है। मुख्य वक्ता बहुजन सदान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर महतो एवं हिन्द मजदूर किसान बना रहेगा वहीं कहा कि कानून वाहन चालकों के विरोध में है, सरकार इसे तुरंत वापस करे।इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला सचिव सरफराज अहमद, असलम अंसारी ड्राइवर महासंघ के मनोज मिस्त्री, महाबीर सिंह, खलील अंसारी, अर्जुन महतो, सखावत अंसारी, आसीन अंसारी, गुलाम मुस्तफा, कुर्बान अंसारी, शमशेर अंसारी,हसनैन अंसारी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# श्री राम मंदिर के प्राण -प्रतिष्ठा को लेकर तिसरी में उत्साह

**गिरिडीह:** आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को,श्री राम जन्मभूमि पर बना रहे नवीन भव्य मंदिर भूतल के गर्भ ग्रह में विराजित करके प्राण आदि सनातनीयों ने तिसरी प्रखंड मुख्यालय में भी घरों में जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत और राम मंदिर की तस्वीर भेंट कर लोगों को न्योता दिया। साथ



- प्रतिष्ठा किए जाने को लेकर पूरे देश के सनातनियों में अपार हर्ष व्याप्त है। इसी को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता 1 जनवरी से ही अपने-अपने क्षेत्रों के एक-एक घरों में अयोध्या से आए पूजित अक्षत और राम मंदिर की तस्वीर भेंट कर न्योता देने और 22 जनवरी के बाद अयोध्या पहुंचकर श्री राम लला का दर्शन करने का आह्वान कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को शिव शंकर साहू, हनुमान मंदिर के पंडित ,प्रेम अग्रवाल,प्रकाश रजक ही बताया कि पूजित अक्षत को लाल कपड़े में बांधकर पूजा गृह में रखें। साथ ही 22 जनवरी की सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपने ग्राम,मोहल्ले व कॉलोनी स्थित मंदिरों में आस-पास के सनातनियों को एकत्रित कर भजन-कीर्तन करने, अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिखाने, शंखध्वनि,घंटानाद, आरती व यथासंभव प्रसाद का वितरण करने की अपील की। साथ ही 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाकर श्री राम लाल का दर्शन करने का आह्वान भी किया।

## स्टार युवा क्लब ने नववर्ष के अवसर पर सामग्रियों का किया वितरण



**गिरिडीह:** स्टार युवा क्लब द्वारा नववर्ष के अवसर पर तिसरी के आदिवासी बहुल गांवों में लोगों व बच्चों के बीच कपड़े, केक, बिस्किट व मिठाईयों का वितरण किया गया।सोमवार को तिसरी के मुखिया किशोरी साव के नेतृत्व में क्लब के युवा प्रखंड के किरियाबाग और डोमासार गांव पहुंचे जहाँ दर्जनों बच्चों के बीच टीशर्ट का वितरण किया गया साथ ही महिलाओं व पुरुषों के बीच केक और बिस्किट का वितरण किया गया।दोनों गाँवों के लगभग 150 लोगों के बीच केक, बिस्किट व मिठाईयों का वितरण किया गया। जिससे स्थानीय लोगों में काफी हर्ष व्याप्त था। स्टार युवा क्लब द्वारा प्रखंड क्षेत्र में आए दिन इस प्रकार के सामाजिक कार्य किए जाते रहे हैं। मौके पर स्टार युवा क्लब के राहुल यादव, प्रवीण सिंह, सुरेन्द्र पंडित, उदय यादव,प्रतीक रंजन, मोहित सिंह, ओम भारती, शंकर कुमार आदि मौजूद थे।

## नववर्ष को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दिखा उत्साह



**गिरिडीह:** नववर्ष के लेकर ग्रामीण इलाकों में उत्साह दिखाई दिया। बता दे कि बिरनी प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में सोमवार को नव वर्ष पिकनिक मना कर नववर्ष का स्वागत किया गया। इसके बाद युवाओं द्वारा मध्य रात्रि को सड़क पर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं लेखन किया गया । नववर्ष के अवसर पर सोमवार की सुबह से लोग पिकनिक मनाने के लिए क्षेत्रों में पहुंचे और पिकनिक मनाया और खूब मनोरंजन किया ।इधर बिरनी के डबरसैनी पहाड़ बड़ाकर नदी चिरुडीह पहाड़ आदि पर्यटक स्थल पर पहुंचकर लोग नव वर्ष के मौके पर खूब लुप्त उठाए।। इस मौके पर प्रशासन भी मुस्तैद दिखी । और हुड़दंग पर कड़ी निगरानी रखा गया था।

# तेज आवाज के साथ भू-धंसान, तीन घर जमींदोज

धनबाद। धनबाद जिले के कतरास थाना क्षेत्र में सोमवार को भू-धंसान की घटना में तीन घर पूरी तरह जमींदोज हो गए। यह हादसा लकडका 9 नंबर इलाके में सोमवार की सुबह हुआ। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भागकर घरों से बाहर निकल आए। इस बीच पहले दीवारों में धीरे-धीरे दरारें पडीं और देखते-देखते अलग-बगल के तीन मकान एक साथ ध्वस्त हो गए। मकानों के बेशकीमती सामान नष्ट हो गए। बता दें कि धनबाद जिले में बीसीसीएल



हताहत नहीं हुआ। तेज आवाज के साथ भू-धंसान होते ही लोग अपने घरों से बाहर आ गए। पूरी बस्ती में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मकानों के जमींदोज होने से लाखों का नुकसान हुआ है। हादसे से प्रभावित हुए नारायण भारती ने बताया कि सुबह वे लोग घर में थे, तभी तेज आवाज हुई और धरती में कंपन महसूस हुआ। सारे लोग (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की कई कोलियरियों में कोयले के लगातार खनन के बाद जमीन खोखली हो गई है। कई क्षेत्रों में आग भी लगी है। इसके बावजूद इन इलाकों में बड़ी संख्या में लोग मकान बनाकर या बीसीसीएल के क्वार्टरों में रह रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन क्षेत्रों में माइनिंग के बाद खदानों की सही

# आठ महीने की बच्ची को अगवा करने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

**नवीनमेल संवाददाता**

**जमशेदपुर:** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची के माता-पिता कूड़ा बीनने का काम करते हैं। पुलिस के मुताबिक घटना उस समय की है, जब बच्ची अपने माता-पाता के साथ स्टेशन के बाहर सो रही थी कि तभी अपहरणकर्ता एक कार में आए और उसे उठाकर ले गए।पुलिस ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने 16 दिसंबर को टाटानगर रेलवे थाने में एक शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक (रेलवे) ऋषव झा ने बच्ची को बरामद करने और दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम गठित की।पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस की मदद से टीम ने 19 दिसंबर को सरायकेला-खरसावां जिले के गमरिया की सबिता हेम्ब्रम के पास



से बच्ची को बरामद कर लिया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि पांच महिलाओं समेत छह लोगों को बागबेड़ा और गमरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए झा ने कहा कि इन लोगों की गिरफ्तारी से पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और आसपास के जिलों में ऐसे कई मामले उजागर होंगे, जो दर्ज नहीं कराए गए हैं।पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोग बमार्माइंस और बागबेड़ा थाना क्षेत्र में बच्चा चोरी की घटनाओं में भी शामिल थे।

# अरारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के पंचायत भवन अरारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाएं की जानकारी दी गई एवं आगे जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा, उस समय तक भारत कितना विकसित होगा इसके बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रचलित कर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मुखिया प्रमिला देवी,पंचायत समिति सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि के हाथों किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ,जिला सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा ,तुलसी यादव,अरारी पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी,पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव,उप मुखिया जितेंद्र यादव, ग्राम रोजगार सेवक राजदेव विश्वकर्मा ,पंचायत सचिव टुकलाल दास वार्ड सदस्य राजकुमार साव, टुनटुन कुमार, सुगदेव बैठा संजय कुमार वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अर्जुन यादव मनोज शर्मा अरुण राम जगदीश बैठा रामासिस यादव सरफुदीन अंसारी पंचायत के सभी आंगनबाड़ी सेविका कंचन कुमारी खुशबू कुमारी सिवरानी कुमारी अफरोजा खातून रेखा देवी अनामिका वर्मा सभी आंगनबाड़ी सहायिका सभी सहिया सभी जलसहिया महिला पर्यवेक्षिका देवंती यादव एवं झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से कौशल्या कुमारी क समेत पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## बोकारो : 13 से 21 जनवरी तक 20वां इस्पातांचल स्वदेशी मेले का होगा आयोजन



**बोकारो :** राष्ट्रीय मेला प्रमुख सचिंदर कुमार बरियार की अध्यक्षता में स्वदेशी जागरण मंच की बैठक हुई. इस बैठक में सर्वसम्मति से 13 जनवरी से 21 जनवरी 2024 तक 20वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सचिंदर कुमार बरियार ने कहा कि स्वदेशी मेला स्वदेशी से स्वावलंबन की ओर बढ़ते भारत की परिकल्पना को साकार करने का सशक्त माध्यम है। जिसमें लोगों को अपने स्थानीय व भारतीय उत्पाद को समझने, परखने और खरीदने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह मेला महज एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में समाज को जागृत करने का एक मंच है, इसलिए कार्यकताओं का दायित्व बनता है कि मेले में आये लोगों को कोई परेशानी ना हो. इसके लिए पूर्व में ही सारी तैयारियां पूरी हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बोकारो जिलावासी कई दिनों से इस मेले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बरियार ने कहा कि स्वदेशी से स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत का ही परिणाम है. जो भारत 1950-60 के दशक में बहुत पिछड़ा व निर्धन देश था, आज वह विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिलीप वर्मा अजय चौधरी दीपक, प्रमोद सिन्हा, सुरेश प्रसाद सिन्हा, जयशंकर प्रसाद, अजय सिंह, मनीष श्रीवास्तव प्रेम प्रकाश, ददन, सुजीत कुमार, यूएन सिंह व दीपक कुमार उपस्थित रहें।

## बिरसा मुंडा पार्क में रही भीड़, 6500 रुपए के बिके टिकट



**धनबाद :** नए साल पर धनबाद शहर के बिरसा मुंडा पार्क में घूमने और पिकनिक मनाने वालों की भीड़ रही. नगर निगम ने पार्लोक पहुंचे लोगों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया. सिटी मैनेजर रणधीर वर्मा ने बताया कि सबसे पहले पार्क आने वाले 10 लोगों को गुलदस्ता देकर उन्हें नववर्ष की बधाई गई. निगम की इस पहल से लोगों में भी काफी उत्साह देखा गया. बिरसा मुंडा पार्क में सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ रही. कुछ दोस्तों संग तो कुछ पूरे परिवार के साथ पार्क का आनंद लेने पहुंचे थे. सिटी मैनेजर ने बताया कि नए साल के पहले दिन पार्क में कुल 6500 रुपए के टिकटों की बिक्री हुई.नववर्ष के उल्लास के बीच बिरसा मुंडा पार्क में पिकनिक मनाने आये एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की तबीयत अचानक बिगड़ गई. पार्क में मौजूद नगर निगम की रेस्क्यू टीम ने बुजुर्ग को तुरंत जालान अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया. उपचार के बाद बुजुर्ग की स्थिति में सुधार है। चिकित्सक ने बताया कि अचानक बीपी बढ़ने से परेशानी हुई है।

## बर्मामाइंस में सैकड़ों लोगों ने थामा भारतीय जनतंत्र मोर्चा का दामन



**जमशेदपुर:** भारतीय जनतंत्र मोर्चा बमार्माइंस मंडल की ओर से स्टेशन रोड स्टार टॉकीज के समीप एक सभा का आयोजन हुआ. इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव ने की सभा में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने विधायक सरयू राय के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा. लोगों ने उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष विभिन्न समस्याओं से संबंधित विधायक सरयू राय के नाम प्रेषित एक आवेदन सौंपा. सभा को व्यापक रूप देने में मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, महामंत्री बबलू कुमार एवं उपाध्यक्ष मोहम्मद फैजल ने संगठनात्मक कौशल का परिचय देते हुए अहम भूमिका निभाई. सभा के उपरांत लिट्टी चोखा का वृहद आयोजन कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ. सभा में जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, जिला मंत्री विकास गुप्ता, राजेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, वरीय नेता रमेश कुंवर, शंकर कर्मकार, महेश तिवारी, प्रेम सक्सेना, विनोद यादव, नागेंद्र सिंह, फिरोज, प्रसनजीत सिंह, समारू साहू, राहुल प्रसाद इत्यादि शामिल थे।

झारखंड

# खरसांवा गोलीकांड के शहीदों को समाजसेवियों ने नमन किया

**बोकारो:** आदिवासी समाज ने बोकारो के सेक्टर 12 स्थित बिरसा बासा में सोमवार को समारोह आयोजित कर खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि दी. भगवान बिरसा मुंडा और संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास समारोह में समाज के लोगों ने प्रतीकात्मक तस्वीर पर फूल-माला चढ़ाकर, दीप जल कर और दिरी दुल सुनुम तेल डालकर पारंपरिक तरीके से शहीदों की कुर्बानियों को याद किया. इससे पूर्व दियूरी गंगाधर पूर्ति ने आदिवासी रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना की. समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी योगो पूर्ति ने कहा कि आजादी के करीब पांच महीने बाद एक जनवरी 1948 को जब देश आजादी के साथ-साथ नए साल का जश्न मना रहा था, तब खरसावां आजाद भारत के जलियांवाला बाग कांड का गवाह बन रहा था. उस दिन साप्ताहिक हाट का दिन था. ओडिशा सरकार ने पूरे इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया था. खरसावां हाट में करीब 50 हजार आदिवासियों की भीड़ पर मिलिट्री पुलिस गोली चला रही थी. पूर्ति ने कहा कि सरायकेला-खरसावां को ओडिशा में विलय की बजाय यथावत रखने की मांग पर जनता आंदोलित थी. एक जनवरी को कोल्हान इलाके से बड़े-बुजुर्ग, जवान, बच्चे जयपाल सिंह मुंडा को सुनने-देखने गए थे. जयपाल सिंह मुंडा अलग झारखंड राज्य का नारा बुलंद किए हुए थे. तभी पुलिस ने भीड़ पर गोली चला दी। समारोह में रवि मुंडा ने भी विचार रखे. कार्यक्रम की अध्यक्षता रेंगो बिरुआ ने की. मौके पर मास्टर मुंडा, सोनाराम गोडसोरा, उर्मिला लोहार, किरण बिरूली, कालीचरण किस्कू, विजय मरांडी, डॉ राजेंद्र, दीपक सवैंया, शुक्रमुनी मुंडा, घनश्याम बिरूली, तुराम बिरूली, बसमती बिरूली, हीरालाल दोंगो, जुश्फ कश्यप, रानी गोडसोरा, नानिका पूर्ति, शंभू सोय समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



# नये एक्सीडेंट कानून को लेकर बीपीसीएल में टैंकर चालकों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**बोकारो:** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा एक्सीडेंट को लेकर बनाये गये कानून के विरोध में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के बैनर तले बोकारो जिले के राधानगर स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड डीपो के गेट के समक्ष टैंकर चालकों ने अपना विरोध-प्रदर्शन किया. इस दौरान संघ के बोकारो जिला उपाध्यक्ष मो. जियाउद्दीन ने कहा कि हम सभी चालक हमेशा देश सेवा में उपलब्ध रहते हैं। कोविड कल के दौरान हम सभी चालकों ने आवश्यक सामग्रियों को देश के विभिन्न हिस्से में पहुंचाने का काम किया. आज तक सरकार द्वारा हम चालकों के लिए कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई, जिससे हम चालकों का मनोबल बढ़े. दुर्भाग्य बस आज केंद्र की सरकार हम चालकों के लिए सड़क दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा तथा 5 लाख मुआवजा का कानून ला रही है. 200- 400 रुपए कमाने वाले हम चालक कहां से इतनी बड़ी रकम देंगे. ऐसे में हमें लग रहा है कि सरकार हमें जबरन दबाने की कोशिश कर रही है। इस काले कानून को लेकर ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के बैनर तले 1 से 4 जनवरी तक बंद रखने का आह्वान किया गया। इधर संघ जिलाध्यक्ष स्वामीनाथन यादव ने कहा कि 29 सूत्री मांगों को लेकर संघ ने भारत बंदी का ऐलान किया है।

# बोकारो के सेक्टर 12 में युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**बोकारो :** बोकारो जिले के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र की गुमला कॉलोनी में एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई. मृत युवक की पहचान चास थाना क्षेत्र के कुंवर सिंह कॉलोनी निवासी बबन बांसफोर (20 वर्ष) के रूप में हुई. बताया गया कि, बबन बांसफोर ने कॉलोनी में रहने वाली दो बच्चों की मां रानी देवी से शादी की थी. रानी देवी ने बताया कि रविवार की देर रात बबन बांसफोर घर से गायब था। बाद में वह उसे बेहोशी हालत में मैदान से उठाकर घर लाई, जहां उसकी मौत हो गई। इधर, बबन की मां हेमंती कुंवर ने बेटे की मौत के लिए पत्नी रानी देवी को जिम्मेदार ठहराया है। कहा कि रानी ने रात में घटना की जानकारी तक नहीं दी. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**आदित्यपुर:** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन कोल्हान के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार 1 जनवरी से राशन डीलरों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू की. एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष फूलकान्त झा ने बताया कि राशन डीलर अपने लंबित मांगों को पूरा नहीं होने पर देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं, जिसमें कोल्हान के तीनों जिले के सरकारी राशन डीलर शामिल हो रहे हैं. सोमवार को सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के सभी डीलर प्रखंड कार्यालय में उपस्थित होकर इस हड़ताल का समर्थन करते हुए इसे सफल बनाने का संकल्प लिया.इसमें उपस्थित राशन डीलरों में फूलकान्त झा के साथ अधीर मंडल, सुशील कुमार, मनबोध शर्मा, शीतल प्रसाद, राधेश्याम सोनार, अजित कुमार, प्रदीप कुमार मंडल, अवधेश कुमार गुप्ता, बद्री नारायण प्रसाद, जितेन्द्र गोराई, प्रगति स्वयं सहायता समूह, हरि मंदिर, मां दुर्गा समिति शोभापुर, हरभजन सिंह, गृह लक्ष्मी महिला समिति, युवा महिला समिति, आदिवासी महिला समिति, धीरेन्द्र सिंह आदि राशन डीलर मौजूद थे।

## अप्रैल में मिलेगा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का तोहफा धनबाद में खुलेंगे एक दर्जन शहरी स्वास्थ्य केंद्र

**धनबाद:** नया साल शुरू हो गया है। उम्मीद है कि इस साल धनबान में स्वास्थ्य क्षेत्र में काफी काम होगा। इस वर्ष लंबे समय से इंतजार कर रहे लोगों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की सेवा मिल पाएगी। वहीं नई शहरी स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे। यहां 95 सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों की बहाली करनी है। जबकि लगभग 300 कर्मचारियों की बहाली की जाएगी।



अप्रैल 2024 में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खुल जाएगा। अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब यहां 95 सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों की बहाली करनी है। जबकि लगभग 300 कर्मचारियों की बहाली की जाएगी । राज्य सरकार ने अप्रैल तक बहाली की पूरी प्रक्रिया करने की तैयारी की है। अप्रैल में सेवा शुरू करने की बात कही गई है। एसएनएमएमसीएच कैंपस में सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल का निर्माण 2016 में शुरू हुआ था। 167 करोड़ रुपये की लागत से 200 बेड का अस्पताल बनकर तैयार है। यहां 160 जनरल और 40 आइसीयू बेड लगाए गए हैं। आठ माड्यूलर आपरेशन थिएटर स्थापित किए गए हैं। अस्पताल में अलग से रेडियोलाजी और पैथोलाजी की भी तैयारी की गई है। कुल राशि में 87 करोड़ रुपये मशीन उपकरण और भवन निर्माण पर 80 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में फिलहाल प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 35 प्रतिशत पद खाली हैं। अब इस पर सरकार ने बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रोफेसर की बहाली झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन से करने की तैयारी है।

# बायडू का नया एआई मॉडल

नए साल में जो बड़ी क्रांति होने वाली है वह है एआइ यानी कृत्रिम मेधा जिससे सही काम लिया गया तो इस साल दुनिया की बहुत सी समस्याओं का समाधान और तेजी से होगा और यदि दुरुपयोग किया गया तो अनर्थ भी हो सकता है । चाइनीज इंटरनेट और सर्च इंजन कंपनी बायडू के एआई बॉट एर्नी लॉन्चिंग के साथ ही यूजर्स की संख्या 100 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई है। इसी साल अगस्त में एर्नी की लॉन्चिंग हुई थी। एर्नी को लेकर दावा किया जा रहा है कि यह इंसानों की भाषा को पूरी तरह से समझता है और बहुत ही सटीक जवाब देता है। एर्नी को नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग का सबसे एडवांस वर्जन कहा जा रहा है। एक रिसर्च के मुताबिक दुनिया के करीब 50 फीसदी बिजनेस एनएलपी को अपना सकते हैं। बाइडू एर्नी बॉट को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह इंसानों जैसी सोच रखता है और विश्लेषण इंसानों की तरह कर सकता है। एर्नी बॉट भी ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी की तरह है और इससे आप कई तरह के काम ले सकते हैं। एर्नी रियल टाइम में आपको जानकारी दे सकता है।

**चाइनीज इंटरनेट और सर्च इंजन कंपनी बायडू के एआई बॉट एर्नी लॉन्चिंग के साथ ही यूजर्स की संख्या 100 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई है। इसी साल अगस्त में एर्नी की लॉन्चिंग हुई थी। एर्नी को लेकर दावा किया जा रहा है कि यह इंसानों की भाषा को पूरी तरह से समझता है और बहुत ही सटीक जवाब देता है। एक रिसर्च के मुताबिक दुनिया के करीब 50 फीसदी बिजनेस एनएलपी को अपना सकते हैं। बाइडू एर्नी बॉट को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह इंसानों जैसी सोच रखता है और विश्लेषण इंसानों की तरह कर सकता है।**

बाइडू एर्नी बॉट इंसानों की तरह की सटीक जवाब देता है ।इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि विश्वसनीय स्त्रोत से रियल टाइम में सटीक जानकारी देना ।किसी भी तरह के सवाल का सटीक जवाब। बहुत ही कम समय में मिलेगा जवाब। एर्नी बॉट रियल टाइम अपडेट भी दे सकता है। इसमें पर्सनलाइज एक्सपेरियंस और रिजल्ट भी मिलता है ।यह यूजर्स की सर्च हिस्ट्री के आधार पर भविष्य में रिजल्ट देता है ।ई-कॉमर्स कंपनियां बड़े स्तर पर एर्नी बॉट का इस्तेमाल करेंगी। इसकी मदद से ई-कॉमर्स कंपनियां कस्टमर सर्विस को बेहतर कर सकती हैं। इसके अलावा ई-कॉमर्स कंपनियां एर्नी का इस्तेमाल करते हुए यूजर्स को पर्सनलाइज प्रोडक्ट का सजेशन दे सकती हैं। दावा किया जा रहा है कि एर्नी के इस्तेमाल के बाद सेल्सपर्सन की जरूरत नहीं होगी ।एर्नी की मदद से बेहतर तरीके से किसी भी तरह के कंटेंट लिखे जा सकते हैं। एर्नी किसी भी विषय पर कंटेंट लिख सकता है।

एर्नी की मदद से कंटेंट की क्वालिटी को भी बेहतर किया जा सकता है। एर्नी की जानकारी का फायदा उठाकर एक्सक्लूसिव कंटेंट तैयार किए जा सकते हैं। फिलहाल एर्नी भारत में उपलब्ध तो नहीं है लेकिन वीपीएन की मदद से आप इसे इस्तेमाल कर सकते हैं। एर्नी को इस्तेमाल करने के लिए आपके पास एक ऐसा सिस्टम होना चाहिए जिसमें कम-से-कम 16जीबी रैम और 64 बिट ऑपरेटिंग सिस्टम होना चाहिए। आप एर्नी के इंस्टॉलेशन पैकेज को इंस्टॉल करना होगा ।झारखंड जिस तरह साइबर अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है उससे पुलिस को भी सतर्क रहना पड़ेगा वरना इसका दुरुपयोग बबार्दी के आने रास्ते खोल देगा।

इन दिनों

# रिश्तों की अंधी दुनिया में गुम होती किशोर पीढ़ी


ललित गर्ग



***सोशल*** मीडिया, मोबाइल एवं संचार-क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नये जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामाजिक-पारिवारिक-सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्त्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ मैं मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी- बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिये पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नये बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं। हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नये अनुभव हमारे नजरिये में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गये सब एक ही घर में। साथ अपना होकर भी बाहर सब साथी ढूँढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता-पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिये अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता-पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा। प्रश्न है कि किशोर-किशोरियां में अपने माता-पिता के प्रति इस तरह के भाव-विचार-विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा।

**आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें-दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिये पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता-पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नये बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता-पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं। हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नये अनुभव हमारे नजरिये में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं।**

## आपकी बात

### मोदी पर उत्कृष्ट संतुलित लेख

प्रधानमंत्री जी पर प्रथम पृष्ठ पर लिखे गए आलेख को शोधपरक तथ्य, नवीन विश्लेषण और नवसृजित मुहावरों ने उत्कृष्ट बना दिया है। मेरी सीमित बुद्दि में नवसृजित शब्द 'मामूली लगती सुविधाएं' 'लुभावना अवतार' शामिल हुए। राष्ट्रीय नवीन मेल से दिनों दिन रिश्ता गहराता जा रहा है। नव वर्ष पर उदीयमान हिन्दी दैनिक के लिए शुभकामनायें।

**– देवेश कुमार घोष,-भूत पूर्व प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली।**

### कोहरे से हाल बेहाल

कोहरे की चादर में पूरा जिला लिपट गया है। इन दिनों रात होते ही शहर में घने कोहरे छा जाने से बाजारों में सन्नाटा पसर जा रहा है। हालांकि दिन में धूप खिलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। लेकिन सुबह में घने कोहरे छाये रहता है। लोग वाहनों का लाईट जलाकर रेंगते हुए नजर आये। सुबह 7 बजे के बाद थोड़ी धुंध हटी, लेकिन धूप दोपहर के बाद ही खिल पाई। इस दौरान कई जगहों पर लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं। धूप खिलने के बाद शहर में चहल-पहल लौटी। इधर कोहरे के साथ ठंड में भी इजाफा हो गया है। शहर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस रहा। कोहरे का असर रेल परिचालन पर व्यापक रूप से पड़ा है। इधर ठंड को लेकर कई जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। ठंड को लेकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहे में छहमुहान चौक, स्टेशन रोड के दोनों साइड, रेड़मा चौक, बैरिया चौक के आसपास अलाव की व्यवस्था की गई है।

**– एसएन शर्मा, मेदिनीनगर**

राजनीति

# 108 व 786 अंकों का अध्यात्मिक आस्था


किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तरपर सर्वविदित है कि दुनियां के करीब करीब सभी देशों में भारत ही एक ऐसा अकेला देश है जहां कई सदियों से या यू कहीं कि हजारों वर्षो से आध्यात्मिकता आस्था व तार्किक महत्व रहा है। उसमें भी 108 व 786 अंकों का विशेष महत्व रहा है जो हिंदू व मुस्लिम समुदाय की गहरी आस्था के प्रतीक है। वैसे तो हम पीढ़ियों से इन अंको को जानते हैं, परंतु आज 108 अंक की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है क्योंकि माननीय पीएम के मन की बात की 108 वीं कड़ी के प्रसारण में उन्होंने धार्मिक आस्था के प्रतीक अंक 108 के बारे में कुछ बातें व चर्चायें की और पूरी दुनियां का ध्यान इस अंक पर आ गया और फिर मीडिया में धार्मिक आस्था के प्रति अंकों 108 व 786 की चर्चाएं चल पड़ी। चूंकि भारत में खुशहाली के प्रति 108 व 786 अंकों का गणित हमको समझना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे मानवीय गहरी धार्मिक आस्था के प्रति के विश्वसनीय अंकों 108 व 786 पर मानवीय गहरे विश्वास को रेखांकित करना समय की मांग है। माननीय पीएम द्वारा मन की बात की 108वीं कड़ी में 108 के बारे में चर्चा करने की करें तो उन्होने कहा मन की बात यानें आपके साथ मिलने का एक शुभ अवसर, और अपने परिवारजनों के साथ जब मिलते हैं, तो वो, कितना सुखद होता है, कितना संतोषदायी होता है। मन की बात के द्वारा आपसे मिलकर, मैं, यही अनुभुति करता हूँ, और आज तो, हमारी साझा यात्रा का ये 108 वाँ एपिसोड है। हमारे यहाँ 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियाँ, 108 घंटियाँ, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए मन की बात का 108वाँ एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है। इन 108 एपिसोड्स में हमने जनभागीदारी के कितने ही उदाहरण देखे हैं, उनसे प्रेरणा पाई है। अब इस पड़ाव पर पहुँचने के बाद, हमें नए सिरे से, नई ऊर्जा के साथ और तेजगति से, बढ़ने का, संकल्प लेना है।

**108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता, एक गहन अध्ययन का विषय है। माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियाँ, 108 घंटियाँ, 108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है।**

## फेसबुक वॉल से

**शब्द मुफ़्त मिलते है. आप जिस तरह उपयोग करें, वैसी क़ीमत चुकानी पड़ती है..**

## X - से

**ज़िन्दगी... बहुत खूबसूरत है, कभी हंसाती है, तो कभी रुलाती है, लेकिन जो ज़िन्दगी की भीड़ में खुश रहता है, ज़िन्दगी उसी के आगे सिर झुकाती है।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारतीय सड़कों पर जिम्मेदारी की भावना लायेगा हिट एंड रन बिल


डॉ. सत्यवान सौरभ

**केंद्र** सरकार द्वारा बनाये गये नये कानून के तहत अगर कोई ड्राइवर रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जायेगी। इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचायेगा। हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाये गए कानूनों की व्याख्या करता है। हिट एंड रन मामले वे होते हैं जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुर्माना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा 304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो 'दो साल तक की जेल या जुमार्ना या दोनों' का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुर्माना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं। वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा 304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं।

**भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाये गए कानूनों की व्याख्या करता है।**


बोधि वृक्ष

# गजलक्ष्मी व्रत व ऐरावत हाथी की पौराणिक

***हे*** महामुने! इस व्रत की विधि हमें विस्तारपूर्वक बताने की कृपा करें। तब व्यासजी बोले- 'हे देवी! यह व्रत भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से प्रारंभ किया जाता है। इस दिन स्नान करके 16 सूत के धागों का डोरा बनाएं, उसमें 16 गांठ लगाएं, हल्दी से पीला करें। प्रतिदिन 16 दूब व 16 गेहूं डोरे को चढ़ाएं। आश्विन (क्वांर) कृष्ण अष्टमी के दिन उपवास रखकर मिट्टी के हाथी पर श्री महालक्ष्मीजी की प्रतिमा स्थापित कर विधिपूर्वक पूजन करें। इस प्रकार श्रद्धा-भक्ति सहित महालक्ष्मीजी का व्रत, पूजन करने से आप लोगों की राज्यलक्ष्मी में सदा अभिवृद्धि होती रहेगी। इस प्रकार व्रत का विधान बताकर श्री वेदव्यासजी अपने आश्रम को प्रस्थान कर गये। इधर समयानुसार भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से गांधारी तथा कुंती अपने-अपने महलों में नगर की स्त्रियों सहित व्रत का आरंभ करने लगीं। इस प्रकार 15 दिन बीत गये। 16वें दिन आश्विन कृष्ण अष्टमी के दिन गांधारी ने नगर की सभी प्रतिष्ठित महिलाओं को पूजन के लिए अपने महल में बुलवा लिया। माता कुंती के यहां कोई भी महिला पूजन के लिए नहीं आई। साथ ही माता कुंती को भी गांधारी ने नहीं बुलाया। ऐसा करने से माता कुंती ने अपना बड़ा अपमान समझा। उन्होंने पूजन की कोई तैयारी नहीं की एवं उदास होकर बैठ गईं। जब पांचों पांडव युधिष्ठिर, अर्जुन, भीम, नकुल और सहदेव महल में आये तो कुंती को उदास देखकर पूछा- हे माता! आप इस प्रकार उदास क्यों हैं? आपने पूजन की तैयारी क्यों नहीं की?' तब माता कुंती ने कहा- 'हे पुत्र! आज महालक्ष्मीजी के व्रत का उत्सव गांधारी के महल में मनाया जा रहा है। उन्होंने नगर की समस्त महिलाओं को बुला लिया और उसके 100 पुत्रों ने मिट्टी का एक विशाल हाथी बनाया जिस कारण सभी महिलाएं उस बड़े हाथी का पूजन करने के लिए गांधारी के यहां चली गईं, लेकिन मेरे यहां नहीं आईं। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# इंस्टाग्राम के थ्रेड्स पर पोस्ट एडिट व कई शानदार फिचर्स

इसके बाद इस नोट को प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जाएगा। कुछ यूजर्स के पास पहले से ही एडिट बटन और वॉयस नोट्स तक पहुंच है और जल्दी ही इन सुविधाओं को ज्यादा यूजर्स के लिए भी जारी किया जा सकता है। मेटा का टेक्स्ट आधारित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, थ्रेड्स, इस साल जुलाई में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य ट्विटर को कड़ी टक्कर देना था, जिसे अब एक्स कहा जाता है। लॉन्च के 5 दिनों के भीतर एप को लाखों डाउनलोड मिले और लोगों को आसानी से थ्रेड्स अकाउंट बनाने की अनुमति मिली, जो पहले से ही इंस्टाग्राम का इस्तेमाल कर रहे थे।

(समाप्त)




**इन आसान तरीकों से ऐसे बढ़ाएं अपने स्मार्ट टीवी की स्पीड?** आप अपनी स्मार्ट टीवी पर अगर यूट्यूब की सेटिंग कर रखे हैं तो आपको अपने यूट्यूब का भी क्लियर करते रहना होगा क्योंकि इसके साथ ही यूट्यूब के बहुत सारे डेटा यहां इकट्ठा हो जाते हैं और टीवी की स्पीड को कम कर देते हैं। कई बार ऐसा होता है कि आप अपने घर में स्मार्ट टीवी लगा लेते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद आपके स्मार्ट टीवी की स्पीड धीरे-धीरे कम होने लग जाती है। हालांकि स्मार्ट टीवी के बाकी फंक्शन अच्छे से काम कर रहे होते हैं, ऐसे में आप टीवी बदलना भी नहीं चाहते हैं! तो आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने वाले हैं जिनकी सहायता से आप अपनी स्मार्ट टीवी की स्पीड को काफी बढ़ा सकते हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## विजयन सरकार के लिए नए साल की शुरुआत खराब रही

# नए और निवर्तमान परिवहन मंत्रियों के बीच तकरार

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** पिनाराई विजयन सरकार के लिए नए साल की शुरूआत खराब रही है। नवनियुक्त राज्य परिवहन मंत्री केबी गणेश कुमार ने निवर्तमान मंत्री एंटनी राजू की आलोचना की है। कुमार केरल कांग्रेस (बी) से हैं, जबकि राजू जनाधिपति केरल कांग्रेस से हैं। सत्तारूढ़ वाम मोर्चे में एक समझौते के तहत राजू ने कुमार के लिए परिवहन मंत्री का पद खाली कर दिया था क्योंकि 30 महीने के बाद केवल एक विधायक वाली पार्टियों को ऐसी ही दूसरी पार्टियों के लिए पद खाली करना था। इस प्रकार,



कुमार ने शुक्रवार को कांग्रेस (एस) के कदन्नप्पल्ली रामचंद्रन के साथ शपथ ली और इसके तुरंत बाद राजू और राज्य परिवहन विभाग को चलाने के तरीके की आलोचना की। कुमार ने न केवल निवर्तमान मंत्री पर निशाना साधा, बल्कि राजू के पद छोड़ने से पहले पिछले सप्ताह विभाग में जारी स्थानांतरण आदेशों को रद्द करने का आदेश भी दिया।

राजू ने भी कुमार पर तुरंत पलटवार करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की, हालांकि, माकपा नेता की सलाह पर कुमार ने उनकी टिप्पणियों का जवाब नहीं दिया। इस बीच राजू और उनकी पार्टी ने इस मुद्दे को अगली वाम मोर्चा बैठक में उठाने का फैसला किया है और कुमार द्वारा निवर्तमान मंत्री पर निशाना साधने के बारे में पहले ही अपने संयोजक को पत्र लिख चुके हैं।

## गुरुग्राम : फ्लैट में मृत मिली महिला, पति पर शक

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 इलाके में 23 वर्षीय एक महिला की उसके घर में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसका दो साल का बच्चा उसके पास बैठा था और रो रहा था।पुलिस को संदेह है कि उसका पति, जिसने उसकी हत्या की होगी, फरार है।पुलिस के मुताबिक, सोसायटी के सुरक्षा गार्ड ने पुलिस को सूचना दी कि डीएलएफ फेज-3 एस ब्लॉक में एक बंद फ्लैट में बच्चा रो रहा है।इसके बाद पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा। अंदर आकर उन्होंने महिला को खून से लथपथ पाया और उसका बच्चा शव के पास बैठा रो रहा था। पीड़िता की पहचान आगरा की मूल निवासी लक्ष्मी रावत के रूप में की गई है जो गौरव शर्मा के साथ रह रही थी। पुलिस ने कहा कि दंपति लगभग छह महीने पहले फ्लैट में शिफ्ट हुए थे, पुलिस को संदेह है कि हत्या एक दिन पहले हुई थी। डीएलएफ के एसीपी विकास कौशिक ने कहा, महिला की धारदार हथियार से हत्या की गई। घटना के बाद से उसका पति फरार है।

# ग्रामीण विकास निधि खर्च न होने से बंगाल सरकार चिंतित

**कोलकाता।** चालू वित्त वर्ष समाप्त होने में सिर्फ तीन महीने बचे हैं, पश्चिम बंगाल में ग्रामीण विकास के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत कुछ जिलों में दी गई धनराशि खर्च न हो पाने की वजह से तृणमूल कांग्रेस सरकार चिंतित है। राज्य सरकार ने हाल ही में जिलाधिकारियों को संबंधित पंचायत अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित करने के लिए कहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके जिलों के लिए आवंटित अव्ययित धनराशि का चालू वित्तीय वर्ष के शेष तीन महीनों के दौरान लगन से उपयोग किया जाए। खर्च न किए गए धन को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चिंता इस तथ्य से बढ़ गई है कि विपक्षी भाजपा ने पहले ही इस तथ्य को उजागर करते हुए एक अभियान शुरू कर दिया है कि सत्तारूढ़ दल मनरेगा योजनाओं के तहत किए गए काम के लिए केंद्रीय बकाया का भुगतान न करने के लिए केंद्र सरकार पर हमला कर रहा है। बावजूद इसके कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए दी गई केंद्रीय राशि खर्च करने में असमर्थ है। 305.11 करोड़ रुपये के साथ, मुर्शिदाबाद जिले में सबसे अधिक अप्रयुक्त धनराशि पड़ी हुई



है, इसके बाद दक्षिण 24 परगना में 298,03 करोड़ रुपये हैं। अन्य जिले जहां फंड का उपयोग दयनीय रूप से कम हुआ है, वे हैं उत्तर 24 परगना, हुगली, पूर्वी बर्दवान, बीरभूम और नादिया, जहां 100 करोड़ रुपये तक की अव्ययित धनराशि है। ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए धन का उपयोग मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में त्रि-स्तरीय पंचायत प्रणाली के दो स्तरों, अर्थात जिला परिषद और ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाता है। विपक्षी दल दावा कर रहे हैं कि निगरानी की कमी के कारण चालू वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में बिना खर्च की गई धनराशि जमा हो गई।

## हैदराबाद में ड्रंक एंड ड्राइव के 2,700 से अधिक मामले दर्ज

**हैदराबाद।** नए साल के जश्न के दौरान हैदराबाद में ड्रंक एंड ड्राइव के 2,700 से अधिक मामले दर्ज किए गए। मामले हैदराबाद और साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट की सीमा के तहत पुलिस के विशेष अभियान के दौरान दर्ज किए गए थे। जबकि, हैदराबाद कमिश्नरेट की सीमा के तहत 1,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए, साइबराबाद सीमा में 1,200 से अधिक मामले सामने आए। विशेष अभियान के हिस्से के रूप में पुलिस ने चेकिंग पॉइंट लगाए थे और रात 8 बजे से जांच शुरू कर दी थी।

साइबराबाद पुलिस के मुताबिक, दो महिलाओं समेत कुल 1,241 लोगों पर ड्रंक एंड ड्राइव का मामला दर्ज किया गया। इसमें 938 दोपहिया और 275 चारपहिया वाहन शामिल थे। आंकड़े बताते हैं कि पकड़े गए लोगों में से 382 की उम्र 18 से 25 साल के बीच है, जबकि 536, 26-36 आयु वर्ग और 239 लोग 35-45 आयु वर्ग के हैं।

# बिहार की सियासत में परिवर्तन की आस, मिलने लगे संकेत

**पटना,एजेंसी।** नए वर्ष के स्वागत को लेकर लोग खुशियां मना रहे हैं। इस साल बिहार की राजनीति में भी बदलाव आने की बात कही जा रही है। संभावना यह भी है कि प्रदेश में इस साल नए समीकरण भी बनेंगे।

दरअसल, इस साल लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। बिहार में दोनों गठबंधन ने इस चुनाव को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस नए वर्ष के आगमन के कुछ ही दिन पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल जदयू के 'निजाम' बदले जाने के बाद इसकी संभावना और बढ़ गई है कि प्रदेश की राजनीति में बदलाव होने वाला है। जदयू की कमान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर से संभाल ली है। वहीं, जदयू के एनडीए से अलग होने के बाद पिछले लोकसभा चुनाव के परिणाम को दोहराने के लिए भाजपा व्यग्र है। नीतीश कुमार की पार्टी को लेकर भी कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। भाजपा के नेताओं का दावा है कि जदयू की कमान नीतीश के हाथ में जाने का सबसे बड़ा कारण पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह की राजद के साथ नजदीकियां रही है। जदयू इस नाराजगी का खंडन कर रही है। प्रदेश की सियासत में यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार फिर से पलटी मारकर भाजपा के साथ जा सकते हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि उनके लिए पार्टी के सारे दरवाजे बंद हैं। लेकिन, सर्वविदित है कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं। हाल के दिनों में तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनने की भी चर्चा खूब होते रही है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद अगले साल बिहार विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

## नए कानूनों के बाद लोग सड़कों पर गाड़ी चलाने से डरते हैं: महाराष्ट्र कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने नए मोटर वाहन अधिनियम को 'कठोर' करार देते हुए सोमवार को यहां कहा कि यह सभी मोटर चालकों के लिए अन्यायपूर्ण है और वे अब सड़कों पर गाड़ी चलाने से डर रहे हैं। एमवी एक्ट कानूनों की आलोचना करते हुए, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने सरकार पर संसद में नए कानूनों को पारित कराने के लिए विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नए नियमों के अनुसार, सड़क दुर्घटना, विशेष रूप से हिट-एंड-रन मामलों में शामिल किसी भी ट्रक चालक को 10 साल की जेल की सजा और सात लाख रुपये के जुमार्ने के साथ आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा। पटोले ने कहा, लोगों में इस कड़े 'काले कानून' के खिलाफ गहरा गुस्सा है... इस कानून को संसद में पारित कराने के लिए ही सरकार ने पिछले महीने 146 सांसदों को निलंबित कर दिया था। केंद्र पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस उन ट्रक ड्राइवरों और ड्राइवरों का पूरा समर्थन कर रही है जो इस कठोर कानून का विरोध कर रहे हैं।

# अयोध्या जाने से संकोच करने वाले कहते हैं हमें निमंत्रण नहीं मिला : योगी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अयोध्या जाने से संकोच करते थे, वह अब कह रहे हैं कि हमें निमंत्रण नहीं मिला।सोमवार को वृंदावन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से देश की बेटियों को पहला बालिका सैन्य विद्यालय समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महायोगी की नगरी मथुरा की पहचान अब बेटियों से भी होगी।



वृंदावन में देश के पहले सैन्य बालिका विद्यालय का लोकार्पण हो गया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम परिसर में समविद गुरुकुलम बालिका सैन्य विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ सैन्य प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस सैन्य विद्यालय में 120 सीटें हैं। आगामी 21 जनवरी को लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों की ई-काउंसलिंग होगी और मेरिट लिस्ट बनेगी। सत्र अप्रैल से शुरू होगा। सीएम योगी ने कहा कि समाज को अगर सशक्त और सामर्थ्यवान होना है, तो नारी शक्ति की सुरक्षा, उनके सम्मान और स्वावलंबन के बिना यह संभव नहीं है। देश के अंदर सैनिक स्कूलों की परंपरा उत्तर प्रदेश में 1960 में प्रारंभ हुई थी, जब डॉक्टर संपूणानंद जी मुख्यमंत्री थे। डॉक्टर संपूणानंद जी ने अपने देश का पहला सैनिक स्कूल उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थापित किया था। मुझे 2017 में लखनऊ के सैनिक स्कूल में जाने का अवसर प्राप्त हुआ था। उस सैन्य स्कूल की समिति का अध्यक्ष मुख्यमंत्री होता है, उसे नाते में वहां गया था। उस समय मैंने वहां पूछा था कि यहां बालिकाओं का प्रवेश है तो, उन्होंने कहा कि नहीं। मैंने कहा कि अगले सत्र से इसमें बालिकाओं का भी प्रवेश हो।

## कोहरे की वजह से दिल्ली पहुंचने वाली 21 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** कोहरे की वजह से नए साल के पहले दिन दृश्यता कम रही है। इसकी वजह से विभिन्न मार्गों से चलकर दिल्ली पहुंचने वाली 21 ट्रेनें 45 मिनट से आठ घंटे की देरी से चल रही हैं।

रेलवे जनसंपर्क विभाग के मुताबिक इन ट्रेनों में बिहार के दरभंगा से नई दिल्ली आने वाली 02569 क्लोन स्पेशल एक्सप्रेस, गया से नई दिल्ली आने वाली 12397 महाबोधि एक्सप्रेस, बनारस से नई दिल्ली आने वाली 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, मध्य प्रदेश के डॉक्टर अंबेडकर नगर से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली 12919 मालवा एक्सप्रेस, खजुराहो से नई दिल्ली होते हुए कुरूक्षेत्र जाने वाली 11841 गीता एक्सप्रेस, जबलपुर से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन तक की ट्रेन 12189 महाकौशल एक्सप्रेस विलंबित रहीं। हाल के दिनों में कोहरे की वजह से लगातार ट्रेनें देर हो रही हैं।

# 'राधा-कृष्ण के आदेश से खुला मथुरा में सैनिक स्कूल'

एजेंसी

मथुरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि साल के पहले दिन साधु-संतों का आशीर्वाद मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। राम मंदिर आंदोलन में दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का अहम योगदान था। समाज को ही दीदी ने परिवार मान लिया है। हमारे देश के ऋषियों ने पूरी धरा पर रहने वाले समाज को परिवार माना है, जिस क्षेत्र में कान्हा रहते हैं, वहां तो दिव्यता रहेगी ही रहेगी। कृष्ण वह हैं, जो आपको आकर्षित करते हैं, कृष्ण के नाम में ही सुख है। इसलिए कृष्ण की इस नगरी में मेरा मन प्रसन्न है।

उन्होंने कहा कि वृंदावन में विदेशी भगवान के दर्शन करते हैं और रम जाते हैं, अधिकांश यहां बस जाते हैं। यहां शांति की अनुभूति होती है। उन्हें भगवान कृष्ण और राधा रानी की भक्ति करके वृंदावन में शांति मिलती है। यहां रिक्शा वाला भी राधे- राधे बोलता है। राधे- राधे बोलने वाले लोग मिलेंगे तो वह



वृंदावन में ही मिलेंगे। यहां चाय पीना हो, पान खाना हो, कचौड़ी खानी हो सब जगह राधे- राधे बोलते यहां के निवासी मिलेंगे। राधे-राधे उनके जीवन में बसा है। यह यहीं संभव है।

यहां सैन्य स्कूल मैंने नहीं, राधा-कृष्ण के आदेश से खुला है। दीदी मां से अनुरोध है कि जो स्वामी परमानंद ने आदेश दिया है, उसको पूरा करें।ज्ञात हो कि वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में साध्वी ऋतंभरा के 60वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में षष्ठीपूर्ति महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसी मौके पर स्कूल का लोकार्पण किया गया।

---

## तुला राशिफल 20 24

तुला

राशि चक्र की सातवीं राशि तुला है। इसका संकेत तराजू है,जो इस राशि के संतुलन की सहज भावना को दशार्ता है। इस राशि के लोग हमेशा सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं। तुला राशि के जातकों का व्यक्तित्व संचारक होता है। वह किसी भी परिस्थिति से अपने निपटने में निपुण है। वह कूटनीतिक, चतुर और अविश्वनीय रूप से करिश्माई होते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि तुला राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा।

**करियर:** इस वर्ष सप्तम स्थान पर गुरु एवं शनि के संयुक्त गोचरीय प्रभाव से आपके व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा। अप्रैल के बाद शत्रुओं द्वारा कार्यों में रुकावटें डाली जा सकती हैं। परंतु छठे भाव के राहु के प्रभाव से उन पर विजय प्राप्त करेंगे। बिजनेस में कुछ नया करने के बारे में सोच सकेंगे। मई से जब बृहस्पति की स्थिति बदलेगी और बृहस्पति आपकी राशि से आठवें घर में जाएंगे तो बिजनेस या नौकरी में आपको काफी सम्मान और लाभ मिलेगा। इस साल विदेश से जुड़ा आपका कोई सपना सच हो सकता है।

**परिवार:** साल की शुरूआत में आपको भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। सप्तमस्थ गुरु के प्रभाव से आपकी पत्नी के साथ संबंध मधुर होंगे। यदि आप अविवाहित हैं तो आपका विवाह हो सकता है। अप्रैल के बाद द्वितीय स्थान पर गुरु एवं शनि की संयुक्त दृष्टि के कारण आपके परिवार में सुख शांति रहेगी। संतान के लिए समय शुभ रहेगा आपके बच्चे अपने परिश्रम और पराक्रम के बल पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। अप्रैल के बाद अष्टम स्थान का गुरु आपकी संतान को मानसिक अशांति भी दे सकता है जिसका नकारात्मक प्रभाव उनकी पढ़ाई लिखाई पर भी पड़ सकता है।

**स्वास्थ्य:** राशि स्थान पर गुरु की दृष्टि प्रभाव से आपके मन में अच्छे विचार आएंगे। अच्छे स्वास्थ्य के लिए आपका खान-पान एवं दिनचर्या उत्तम होगी। यदि मौसम जनित कोई रोग बीमारी भी है तो आप शीघ्र ही स्वस्थ हो जाएंगे। मई मे बृहस्पति आपकी राशि से आठवें घर में जाएंगे, तब आपको कुछ चीजों का ध्यान रखना होगा। इसके बाद छोटी बीमारी को भी गंभीरता से लें, क्योंकि इस दौरान बार-बार पेटदर्द की समस्या आपको हो सकती है।

**आर्थिक स्थिति:** आर्थिक दृष्टिकोण से वर्ष का प्रारंभ उत्तम रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए जीवनसाथी एवं बड़े भाई का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। अप्रैल के बाद द्वितीय एवं चतुर्थ स्थान पर गुरु ग्रह की दृष्टि प्रभाव से आपको भूमि भवन वाहन इत्यादि का सुख प्राप्त होगा।

**उपाय:** प्रतिदिन श्री दुर्गा चालीसा का पाठ करें। सूर्य नमस्कार करें। घर में श्री यंत्र की स्थापना करें और उसके सामने देशी घी का दीपक जलाएं।

## वृश्चिक राशिफल 2024

वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातकों का व्यक्तित्व काफी प्रभावशाली होता है। इस राशि के लोग काफी आकर्षक व्यक्तित्व के माने जाते हैं। हालांकि ये ऐसे होते हैं कि अपनी भावनाओं को काबू में रख लेते हैं। सामने वाले लोग इनके मन की बातों को जल्द समझ नहीं सकते। मंगल राशि के स्वामित्व वाले इस राशि के लोगों को काफी साहसी और हिम्मतवाला माना जाता है। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि वृश्चिक राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा।

**करियर:** साल की शुरूआत आपके लिए काफी अच्छी रहेगी। नौकरी में उन्नति, विदेश यात्रा में सफलता, शत्रुओं पर जीत और आर्थिक लाभ, मतलब कह सकते हैं कि आपके लिए साल 2024 की शुरूआत वैसी ही होगी, जैसा कि सभी चाहते हैं। अप्रैल तक गुरु छठें भाव में रहेंगे। इस दौरान आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। नयी परियोजना में आप आसानी से डील कर पाएंगे। मई से देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपके व्यवसाय को बहुत अच्छा रखेगा। बिजनेस करने वालों को नए अवसर मिलेंगे।

**परिवार:** इस वर्ष चतुर्थ स्थान के शनि आपके परिवार में कुछ विषम परिस्थिति उत्पन्न कर सकते हैं। आपका पारिवारिक माहौल खराब हो सकता है। अप्रैल के बाद गुरु ग्रह का गोचर शुभ हो रहा है जिससे आपका पारिवारिक माहौल अनुकूल हो जाएगा। यदि आप अविवाहित हैं तो विवाह की पूर्ण संभावनाएं बनेंगी। पंचम भाव में राहु ग्रह का गोचर संतान के लिए अच्छा नहीं है। संतान को लेकर चिंताएं बढ़ सकती हैं। उसका स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है जिसका नकारात्मक प्रभाव उनकी शिक्षा पर भी पड़ सकता है। गर्भवती महिलाओं को गर्भ रक्षा हेतु विशेष सावधान रहने की आवश्यकता इस वर्ष रहेगी।

**स्वास्थ्य:** स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से वर्ष की शुरूआत कुछ छोटी-मोटी बीमारियों से हो सकती है। छठे स्थान का गुरु छोटी मेरी छोटी-मोटी बीमारियों से स्वास्थ्य प्रभावित कर सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। अप्रैल के बाद देवगुरु बृहस्पति का गोचर स्वास्थ्य के लिए बेहद अनुकूल हो जाएगा। आप स्वयं को स्वस्थ और खुश मिजाज महसूस करेंगे। लेकिन वर्षभर नियमित योग्य अभ्यास और स्वस्थ दिनचर्या का पालन करना चाहिए।

**आर्थिक स्थिति:** द्वितीय स्थान पर गुरु की दृष्टि प्रभाव से आप इच्छित बजट कर अपनी आर्थिक स्थिति को अच्छा बना सकते हैं। अप्रैल के बाद गुरु ग्रह का गोचर और अनुकूल हो रहा है उसे समय आपके मित्र या जीवनसाथी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। शनि का गोचर अचल सम्पत्ति का योग बना रहा है। वर्ष के प्रारंभ में द्वादश स्थान पर गुरु की दृष्टि से आपको विदेश यात्रा का अवसर मिल सकता है।

**उपाय:** माता-पिता गुरु साधु संन्यासी और अपने से बड़े लोगों का आशीर्वाद प्राप्त करें। शनिवार को शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं और श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शन पूजन वर्ष भर करते रहें।

## धनु राशिफल 2024

धनु

धनु राशि के लोग बहुत अच्छे और हंसमुख स्वभाव के होते हैं। यह लोग अपने प्रभावी, असाधारण और आध्यात्मिक प्रवृति से किसी को भी अपनी तरफ आकर्षित कर लेते हैं। इस राशि में जन्मे लोग महत्वाकांक्षी और दूसरों के लिए प्रेरणादायक होते हैं। यह पूरे उत्साह और साहस के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं। इस राशि के लोग बातों से ज्यादा काम करके दिखाने में भरोसा रखते हैं। अपनी ईमानदारी और वफादारी ये यह लोग खूब मान-सम्मान कमाते हैं। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि धनु राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा।

**करियर:** कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष के प्रारंभ में आमदनी के नए स्रोत मिलने की उम्मीद है। इस वर्ष कोई नया कार्य प्रारंभ करेंगे तो उसमें सफलता मिलने की संभावना है। अप्रैल के बाद समय थोड़ा प्रभावित हो रहा है उस समय छठे भाव में गुरु के प्रभाव से आपके व्यवसाय में उतार-चढ़ाव का योग बन रहा है। किन्तु इस साल शनि आपकी राशि से तीसरे भाव में खुद के घर में होंगे। यह आपके लिए बेहद शुभ है। किसी भी कार्य को करने के लिए आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप भाग्य की जगह मेहनत पर यकीन करेंगे। जो लोग नौकरी बदलने या बिजनेस में कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं, उनके लिए मई के बाद का समय काफी बेहतर हो सकता है।

**परिवार:** पारिवारिक दृष्टिकोण से यह वर्ष मिलाजुला रहेगा। व्यस्तता के कारण परिजनों को अधिक समय नहीं दे पाएंगे। अप्रैल तक पंचम भाव के गुरु के प्रभाव से नव विवाहित व्यक्तियों को संतान सुख की प्राप्ति होगी। संतान के लिए वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। पंचम स्थान के गुरु के प्रभाव से आपके बच्चों की शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी। विवाह योग्य संतान का विवाह हो जाएगा। अप्रैल के बाद समय थोड़ा प्रतिकूल होने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। चौथे भाव पर राहु का गोचर पारिवारिक माहौल खराब कर सकता है इसलिए संतुलन बनाकर चलना होगा।

**स्वास्थ्य:** राशि स्थान पर गुरु की दृष्टि के प्रभाव से शारीरिक रूप से आप संतुष्ट और स्वस्थ रहेंगे। अप्रैल के बाद गुरु ग्रह का गोचर प्रतिकूल होने के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। छठे स्थान का गुरु पृथ्वी तत्व राशि में होने के कारण संक्रामक रोग या पेट संबंधित परेशानी दे सकता है।

**आर्थिक स्थिति:** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। एकादश स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से धनागम में निरंतरता बनी रहेगी परंतु अप्रैल के बाद गुरु ग्रह के गोचर के बाद आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रहेगी। कुछ ऐसे खर्चे आ जाएंगे जिससे आपका बजट भी बिगड़ सकता है। किसी को पैसे उधार ना दिन नहीं तो वापसी की उम्मीद कम है।

**उपाय:** माता-पिता गुरु सन्यासी व बड़े लोगों का आशीर्वाद लें। मंदिर या धार्मिक स्थान में केला या बेसन के लड्डू दान करें।

## मकर राशिफल 2024

मकर

मकर राशि के लोगों में अच्छी संगठनात्मक क्षमता होती है। यह लोग काम के प्रति बहुत जूनूनी और समर्पित होते हैं। इस राशि के जातक अनुशासित, जिम्मेदार और व्यावहारिक प्रकृति के होते हैं। इन लोगों में गजब की तार्किक क्षमता होती है। यह लोग एक भरोसेमंद दोस्त साबित होते हैं। दूसरों की मुसीबत में यह लोग पूरा साथ देते हैं। इनमें दार्शनिकता का वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि मकर राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा।

**करियर:** इस वर्ष दशम स्थान पर देवगुरु बृहस्पति के प्रभाव से आपको कार्यक्षेत्र में अच्छा अच्छा लाभ प्राप्त होगा। अप्रैल के बाद समय और अनुकूल हो रहा है उस समय आप किसी के साथ मिलकर कोई नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं जिसमें आपको अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। राहु और केतु भी आपको सपोर्ट करते रहेंगे। राहु आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और आप जोखिम लेने के काबिल बनेंगे। इस दौरान आप कठिन परिश्रम करेंगे और अपनी नौकरी या बिजनेस में अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर पाने की स्थिति में होंगे। विदेश में काम के इच्छुक लोगों का सपना मई के बाद पूरा हो सकता है। राशि स्वामी शनि दूसरे भाव में होंगे। शनि स्वयं की राशि में होंगे, इसलिए आपको कोई विशेष हानि नहीं करेंगे।

**परिवार:** पारिवारिक और सामाजिक दृष्टिकोण से यह वर्ष शुभ रहेगा। वर्ष आरंभ में चतुर्थ स्थान में गुरु पर शनि की दृष्टि प्रभाव से आपका घरेलू वातावरण अनुकूल रहेगा। तृतीय भाव के राहु के प्रभाव से आपके पराक्रम तथा कार्य क्षमताओं का विकास होगा। संतान की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्य रहेगा परंतु अप्रैल से गुरु ग्रह का गोचर पंचम स्थान में हो रहा है उसके बाद समय अनुकूल हो जाएगा। संतान प्राप्त के इच्छुक व्यक्तियों को संतान प्राप्त की संभावना इस वर्ष बनेगी।

**स्वास्थ्य:** स्वास्थ्य की दृष्टि से यह वर्ष सामान्य रहेगा। द्वितीय स्थान का शनि आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। अप्रैल के बाद स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय अनुकूल हो रहा है राशि स्थान पर गुरु ग्रह के दृष्टि प्रभाव से आप मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। पूरे वर्ष खान-पान को नियंत्रण रखें और योग अभ्यास करते रहें।

**आर्थिक स्थिति:** वर्ष आरंभ में चतुर्थ स्थान का गुरु आपको संचित धन की प्राप्ति करा सकता है। अष्टम स्थान पर गुरु की दृष्टि पैतृक संपत्ति भी प्राप्त करवा सकती है। इस साल की शुरूआत में बुध और शुक्र आपके एकादश भाव में स्थित होंगे इससे आय अच्छी होगी। अप्रैल के बाद एकादश स्थान पर गुरु ग्रह की दृष्टि प्रभाव से धन आगमन में निरंतरता बनी रहेगी।

**उपाय:** शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव पूरे वर्ष रहेगा इसलिए शनि के मंत्रों का जाप और शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक शनिवार के दिन जलाते रहें। मंगलवार के दिन हनुमान जी को चोला चढ़ाएं और प्रत्येक दिन हनुमान चालीसा का पाठ करें।

## कुंभ राशिफल 2024

कुंभ

कुंभ राशि के लोग बुद्धि से तेज, समझदार और आत्मविश्वासी स्वभाव के होते हैं। ये किसी भी काम को पूरी मेहनत और लगन से करने में विश्वास रखते हैं। ये लोग अपनी बुद्धिमत्ता की वजह से हर एक क्षेत्र में दूसरों से आगे होते हैं। ये लोग लीडर प्रवृत्ति के होते हैं और भीड़ में सबसे आगे रहते हैं। कई बार ये भीतर से कुछ अलग और बाहर से अलग नजर आते हैं। ये लोग भीतर से कई कष्ट भी सहते हैं लेकिन बाहर इनकी आह तक नहीं निकलती है। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि कुंभ राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा।

**करियर:** इस वर्ष नौकरी और व्यापार में जोखिम उठाने वाले निर्णय लेने से बचें। कार्य व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ बहुत अच्छा रहेगा। सप्तम स्थान पर गुरु और शनि ग्रह की संयुक्त दृष्टि प्रभाव से आपके व्यापार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा। अप्रैल के बाद नौकरी करने वाले व्यक्तियों की पदोन्नति के साथ इच्छित स्थान पर स्थानांतरण भी हो सकता है। साल की शुरूआत में बृहस्पति आपको आत्मविश्वासी और साहसी बनाए रखेंगे। इस दौरान आप रिस्क लेंगे और नौकरी में बड़े फैसले ले पाएंगे, लेकिन यह साल नई नौकरी ढूंढने के लिए एकदम बढ़िया नहीं है। बिजनेस में भी एकदम से किसी लाभ की आशा ना करें और ना ही बिजनेस पार्टनर पर बार-बार शंका करें। इससे आपका कार्य प्रभावित हो सकता है।

**परिवार:** पारिवारिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अनुकूल रहेगा। तृतीय गुरु पर शनि की दृष्टि प्रभाव से आपके पराक्रम और कार्य क्षमताओं का विकास होगा। अप्रैल से चतुर्थ स्थान पर गुरु ग्रह के गोचरीय प्रभाव से आपका घरेलू वातावरण अनुकूल रहेगा। माता-पिता सहित पूरे परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर होंगे। संतान की दृष्टि से यह वर्ष सामान्य रहेगा। वर्ष आरंभ में आपके बच्चे अपने परिश्रम के बल पर आगे बढ़ेंगे वह अपने बौद्धिक बल पर अपने लक्ष्य को भी प्राप्त करेंगे।

**स्वास्थ्य:** यह वर्ष स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा नहीं रहेगा। राशि में स्थित शनि आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनाए रखेंगे। संतुलित भोजन करें तथा अनुशासित जीवन शैली अपनाएं। लापरवाही बिल्कुल ना करें शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव आपके स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं रहेगा।

**आर्थिक स्थिति:** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्यतः अनुकूल रहेगा। शनि की साढ़ेसाती की वजह से जोखिम उठाने वाला निर्णय लेने से बचें। इस वर्ष अचानक कुछ ऐसे खर्चे आ जाएंगे जिससे आपका बजट बिगाड़ सकता है। अप्रैल के बाद गुरु ग्रह का गोचर चतुर्थ स्थान में होगा उस समय आपको भूमि, भवन और वाहन इत्यादि का सुख प्राप्त हो सकता है।

**उपाय:** शनिवार के दिन शनि मंदिर में दर्शन करें। सरसों के तेल का दीपक जलाएं। श्री हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करना आपके लिए पूरे वर्ष लाभदायक रहेगा।

## मीन राशिफल 2024

मीन

मीन राशि के जातक अपने चिन्ह मछली की ही तरह शांत, बहुत कोमल और दयालु प्रवृति के होते हैं। इनका स्वभाव बेहद सहानुभूति-पूर्ण होता है। इस कारण काफी लोग इन्हें पसंद करते हैं। यह लोग आदर्शवादी दुनिया में रहना पसंद करते हैं। कई बार तो इन्हे कल्पना और तथ्य में भेद करना कठिन हो जाता है।

वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी बता रहे हैं कि मीन राशि वालों के लिए नया वर्ष 2024 कैसा रहने वाला होगा ?

**करियर:** व्यवसाय की दृष्टि से वर्ष सामान्य फलदायक रहेगा। द्वादश भाव पर शनि के प्रभाव से आप अपने कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने में कठिनाई का अनुभव करेंगे। अप्रैल के बाद कार्य व्यवसाय के लिए समय अनुकूल हो रहा है। सप्तम स्थान पर गुरु ग्रह की दृष्टि व्यापारिक व्यक्तियों के लिए शुभ है। जो व्यक्ति साझेदारी में कार्य कर रहे हैं उनको लाभ प्राप्त होगा। आप शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव में रहेंगे। इसलिए ज्यादा अच्छे परिणामों के लिए आपको बेहद मेहनत करनी होगी। कई बार आपको लगेगा कि भाग्य आपका साथ नहीं दे रहा है, लेकिन साढ़ेसाती में धैर्य और मेहनत ही आपके सच्चे दोस्त हैं। यह आपको समझना होगा।

**परिवार:** पारिवारिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ अच्छा रहेगा। वषारंभ में द्वितीयेश गुरु के प्रभाव से आपके परिवार में किसी सदस्य के वृद्धि होगी। अप्रैल के बाद भाइयों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। समाज में आपका पराक्रम बना रहेगा। सामाजिक गतिविधियों में भाग लेंगे। केतु के कारण पारिवारिक जीवन में थोड़ा तनाव हो सकता है। आप अकेले रहना चाहेंगे। संतान के लिए वर्ष का प्रारंभ अनुकूल है। द्वितीय भाव के गुरु के प्रभाव से आपके बच्चों की उन्नति होगी। इस समय के अंतराल में आपके बच्चों के साथ आपका भावनात्मक लगाव भी बढ़ेगा।

**स्वास्थ्य:** राशि के राहु के प्रभाव से आप छोटी-मोटी बीमारियों के कारण परेशान हो सकते हैं। यदि पहले से कोई रोग है तो सावधानी बरतें। संतुलित खान-पान के साथ-साथ दिनचर्या भी अनुशासित रखें। सुबह व्यायाम और योगाभ्यास करें। द्वादश शनि के प्रभाव से यदि कोई बीमारी लंबे समय से आपको परेशान कर रही है तो इसका स्थाई उपचार इस वर्ष मिल सकता है।

**आर्थिक स्थिति:** आर्थिक दृष्टि से वर्ष का प्रारंभ सामान्य रहेगा। द्वितीय स्थान पर गुरु ग्रह के गोचर प्रभाव से आपके धनागम में निरंतरता बनी रहेगी। अप्रैल के बाद धार्मिक व सामाजिक कार्यों में भी आप धन व्यय करेंगे जिससे आपको आत्मिक प्रसन्नता का अनुभव होगा।

**उपाय:** शनिवार के दिन सुबह-सुबह पीपल के वृक्ष को जल चढ़ाएं और शाम के समय चौमुखी दीपक जलाएं। प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी के मंदिर में दर्शन करें और संभव हो तो चोला चढ़ाएं।

# कमजोर टीम चुनने पर स्टीव वॉ ने की द. अफ्रीका की आलोचना

## वेस्टइंडीज अपनी पूरी ताकत वाली टीम ऑस्ट्रेलिया नहीं भेज रही

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए कमजोर टेस्ट टीम की घोषणा करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की आलोचना की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस फॉर्मेट को लेकर देश की सोच देखकर वो चिंतित हैं। दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में न्यूजीलैंड टेस्ट दौरे के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कप्तानी सलामी बल्लेबाज नील ब्रांड करेंगे, जो टीम के सात अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक हैं। टीम में कैप्ड टेस्ट खिलाड़ी बल्लेबाज डेविड बेडिंघम, जुबैर हमजा और कीगन पीटरसन होंगे, जो वर्तमान में भारत के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड दौरे पर अन्य कैप्ड खिलाड़ियों में बल्लेबाज खाया जोंडो, डुआन ओलिवियर और डेन पैटरसन की तेज गेंदबाजी जोड़ी और स्पिनर डेन पिड्ट शामिल हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने घरेलू मैदान पर एसए 20 लीग के दूसरे सीजन के साथ श्रृंखला के टकराव के कारण कमजोर टेस्ट टीम को मैदान में उतारने का फैसला



किया है। स्टीव वॉ ने कहा, जाहिर तौर पर उन्हें कोई परवाह नहीं है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को घर पर रखकर भविष्य के लिए क्या संकेत देना चाहती है। अगर मेरे हाथ में होता तो मैं यह सीरीज भी नहीं खेलता। मैं नहीं जानता कि वे क्यों खेल रहे हैं। जब यह न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रति सम्मान की कमी दशार्ता है तो आप ऐसा क्यों करेंगे? वॉ ने 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' से कहा, यह स्पष्ट है कि समस्या क्या है। वेस्टइंडीज अपनी पूरी ताकत वाली टीम ऑस्ट्रेलिया नहीं भेज रही है। पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने पूरी ताकत वाली टेस्ट टीम नहीं चुनी है। निकोलस पूरन जैसा कोई व्यक्ति वास्तव में एक टेस्ट बल्लेबाज है जो टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलता है। जेसन होल्डर, शायद उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वो भी अब टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। यहां तक कि पाकिस्तान ने भी ऑस्ट्रेलिया अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम नहीं भेजी।''तेम्बा बावुमा, एडेन मार्कराम, हेनरिक, रासी, रबाडा, एनगिडी, केशव महाराज जैसे फ्रंटलाइन टेस्ट खिलाड़ी एसए20 में खेलेंगे, क्योंकि वे राष्ट्रीय कर्तव्यों पर होने के बजाय घर पर लीग में खेलने के लिए बाध्य हैं। वॉ यह भी चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट क्रिकेट खेलने को प्रोत्साहित करे ताकि इसे गंभीरता से लिया जाता रहे। वॉ ने कहा, अगर आईसीसी या कोई भी जल्द ही कदम नहीं उठाता है तो टेस्ट क्रिकेट धीरे-धीरे अपनी साख खो देखा।

# एलिजा नेल्सन की भारतीय महिला हॉकी टीम को सलाह

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और पद्म श्री से सम्मानित एलिजा नेल्सन ने हॉकी पे चर्चा, हॉकी इंडिया द्वारा शुरू की गई एक पॉडकास्ट श्रृंखला के 51वें एपिसोड में खेल में अपनी यात्रा और महिला हॉकी की संस्कृति के बारे में बात की।




एलिजा ने सविता की अगुवाई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम को महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले शुभकामनाएं दी और उन्हें एक समय में एक मैच पर ध्यान देने की सलाह दी। एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024, 13 जनवरी से 19 जनवरी तक खेला जाएगा। जिसमें शीर्ष 3 में रहने वाली टीम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी। एलिजा नेल्सन ने कहा, एक समय में एक मैच के बारे में सोचें और फाइनल का सफर तय करें। हमें जीतना ही होगा, क्योंकि हमारे पास कोई और ऑप्शन नहीं है। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है। इस बीच, जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरूआत 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ करेगा। फिर, 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और के खिलाफ मैच होगा। 16 जनवरी को टीम आखिरी पूल बी मैच में इटली से भिड़ेगी। एलिजा का जन्म पुणे, महाराष्ट्र में हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि पुणे के 26 से अधिक खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

## लखनऊ ने सहायक कोच विजय दहिया को दी विदाई



**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले सहायक कोच विजय दहिया को विदाई दी। पूर्व भारतीय विकेटकीपर विजय दहिया 2022 में टीम की स्थापना के बाद से एंडी फ्लावर के नेतृत्व वाले सहयोगी स्टाफ का एक अभिन्न अंग रहे हैं। दहिया, जिन्होंने 2022 और 2023 में एलएसजी की प्लेऑफ की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना आभार व्यक्त किया और टीम की सफलता की कामना की। दहिया ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, एलएसजी को अलविदा कहने का समय आ गया है। लखनऊ के साथ पिछले दो वर्षों में काम करना एक अद्भुत अनुभव था। टीम एलएसजी को शुभकामनाएं। यह बदलाव एंडी फ्लावर की जगह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर को मुख्य कोच नियुक्त किए जाने के बाद हुआ है। टी20 विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के साथ एशेज में शानदार जीत के साथ जस्टिन लैंगर, एक सफल कोचिंग इतिहास के साथ लखनऊ में अनुभव का खजाना लेकर आएंगे। फ्लॉवर के अनुबंध को रिन्यू नहीं करने के फैसले ने सुपर जाइंट्स के लिए उनकी आईपीएल यात्रा की सराहनीय शुरूआत के बाद एक युग का अंत कर दिया। आईपीएल 2024 के लिए कोचिंग लाइनअप में भारत के पूर्व स्पिनर श्रीधरन श्रीराम को सहायक कोच के रूप में शामिल किया गया है, जिसमें प्रवीण तांबे, मोर्ने मोर्कल और जोंटी रोड्स शामिल होंगे। लखनऊ सुपर जायंट्स का लक्ष्य नए कोचिंग नेतृत्व के तहत अपने प्लेऑफ प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए, आगामी सीजन में अपनी सफलता जारी रखना है।

## फेडरर ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया : नडाल



**नई दिल्ली।** 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने अपने करियर पर रोजर फेडरर के पड़े गहरे प्रभाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि स्विस दिग्गज को खेलते हुए देखकर वो सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। टेनिस में स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और स्पेन के राफेल नडाल ऑल टाइम ग्रेट प्लेयर्स हैं। दोनों ही खिलाड़ी कोर्ट में अपनी बादशाहत कई बार साबित कर चुके हैं। नडाल ने अपने करियर में 40 बार फेडरर का सामना किया है। इनमें से 24 बार फाइनल में भिड़ंत हुई। उन्होंने स्विस स्टार के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। स्पेनिश टेनिस आइकन का फेडरर के खिलाफ एक सराहनीय रिकॉर्ड है। उन्होंने 24 मैचों में जीत हासिल की, जबकि 16 में हार का सामना करना पड़ा। आखिरी बार पुरुष एकल में 2019 विंबलडन सेमीफाइनल में दोनों भिड़े थे, जहां फेडरर एक रोमांचक मुकाबले में विजयी हुए थे। 37 वर्षीय नडाल ने 2022 में लेवर कप के दौरान फेडरर के आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच में स्विस दिग्गज के साथ साझेदारी करते हुए उनके साथ कोर्ट भी साझा किया था। फेडरर का जिक्र करते हुए नडाल ने कहा, वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिसने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया है। फेडरर को खेलते हुए देखकर मुझे बहुत अच्छा लगता है। जोकोविच से अधिक मुझे फेडरर के खेल ने प्रभावित किया।

## श्रीलंका दौरे के लिए जिम्बाब्वे टीम की घोषणा



**हरारे।** जिम्बाब्वे ने श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद दौरे के लिए अनकैप्ड स्पिनर तापीवा मुफुदजा और तेज गेंदबाज फराज अकरम को अपनी वनडे टीम में शामिल किया है। हालांकि, यह जोड़ी सिकंदर रजा की कप्तानी वाली टी20 टीम का हिस्सा नहीं है। चोट के कारण दिसंबर में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से बाहर होने के बाद क्रेग एर्विन वनडे टीम का नेतृत्व करने के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन सीन विलियम्स श्रीलंका में जगह बनाने के लिए समय पर पूरी तरह से ठीक होने में विफल रहे हैं। 33 वर्षीय ऑफ स्पिनर मुफुद्जा को घरेलू परिदृश्य पर लगातार शीर्ष प्रदर्शन के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है। 72 लिस्ट ए गेम्स में उन्होंने 23.58 की औसत और 4.19 की इकोनॉमी रेट से 105 विकेट लिए हैं, जिसमें चार बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट शामिल है। अकरम, जिन्होंने केवल टी20 प्रारूप में जिम्बाब्वे के लिए खेला है। वह भी वनडे डेब्यू की कतार में हैं। अकरम के अलावा, चार अन्य खिलाड़ी भी आयरलैंड श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में आए थे। हालांकि, टी20 श्रृंखला के लिए टीम में तीन बदलाव होंगे, जिसमें कैटानो, मुफुद्जा और अकरम की जगह ब्रायन बेनेट, एंसले एनडलोवु और कार्ल मुंबा आएंगे। मेजबान टीम को परेशान करने के लिए जिम्बाब्वे को ऑलराउंडर सिकंदर रजा, रयान बर्ल के साथ-साथ रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुजारबानी की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अनुभव पर भरोसा रहेगा।

## यूनाइटेड कपः जोकोविच ने झांग को हराकर सीजन की विजयी शुरूआत की

**पर्थ।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूनार्मेंट के प्रारंभिक लीग मुकाबले में अपना मैच जीतकर सर्बिया को चीन पर 1-0 की बढ़त दिला दी ।पिछले सीजन के अपने आखिरी मैच में, जोकोविच ने अपने खिताब की रक्षा करने के लिए 2023 एटीपी फाइनल्स के फाइनल में जानिक सिनर को हराया था। शनिवार को, नए सीजन के अपने पहले मैच में, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 ने झांग झिजेन को 6-3, 6-2 से हराकर सर्बिया को पर्थ में चीन के साथ ग्रुप मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिला दी। जोकोविच अपने खेल के सभी पहलुओं में बहुत मजबूत थे क्योंकि उन्होंने झांग के साथ अपनी पहली एटीपी आमने-सामने की भिड़ंत में 74 मिनट की जीत दर्ज की ।जोकोविच ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, पर्थ में वापस आना बहुत अच्छा है। नया साल कुछ ही घंटों में है, इसलिए मैं वास्तव में यहां कोर्ट पर हमारे साथ नए साल की पूर्वसंध्या मनाने के लिए आने के लिए आपकी सराहना करता हूं। मुझे पर्थ में रहते हुए 10 साल हो गए हैं, और यह मैदान निश्चित रूप से अंदर और बाहर से सबसे अच्छे मैदानों में से एक है, जिसमें मैंने खेला है।''

## जूनियर महिला हॉकी में ओडिशा और जय भारत टीम की जीत

**नई दिल्ली।** ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर और जय भारत हॉकी अकादमी ने दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग-चरण के पहले दिन अपने-अपने मैच जीते। दिन के पहले मैच में ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने भाई बेहलो हॉकी अकादमी, भगता को 4-0 से हराया।ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर के लिए लियोना लकड़ा (20') और शीतल यादव (42') ने एक-एक फील्ड गोल किया, जबकि कप्तान डोली भोई (45') और नेहारिका टोप्पो (59') ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। दिन के दूसरे मैच में जय भारत हॉकी अकादमी ने अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी को 3-2 से हराया। मैच का पहला गोल अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी की एम.शालिनी (15') ने किया, लेकिन जय भारत हॉकी अकादमी के लिए अन्नू (30', 51') ने दो गोल करके उन्हें बढ़त दिला दी। पी.मधुरिमा बाई (53') ने अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए बराबरी कर ली।

## वार्नर सिडनी में विदाई के लिए तैयार

# ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया

**सिडनी।** डेविड वार्नर को उनके गृहनगर में टेस्ट क्रिकेट से विदाई दी जाएगी, क्योंकि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में 3 जनवरी से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए अपरिवर्तित ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। वार्नर ने जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले कहा था कि वह ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान के बीच तीसरे टेस्ट के दौरान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना टेस्ट करियर समाप्त करना चाहते हैं।ऑस्ट्रेलिया के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त है, इसका मतलब है कि टीम अपरिवर्तित है और वार्नर, जिन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट में 164 रन बनाए थे, आखिरकार उनकी इच्छा पूरी हो जाएगी। अपरिवर्तित टीम का मतलब यह भी है कि स्कॉट बोलैंड ने चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प के रूप में ऑस्ट्रेलिया टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है, जबकि तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन भी टेस्ट ग्रुप का हिस्सा बने हुए हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, एनएसपी ने मेलबर्न से सिडनी तक उसी टीम को बरकरार रखा है क्योंकि हम टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना चाहते हैं। हम डेविड वार्नर के अंतिम टेस्ट मैच और उनके घरेलू मैदान पर उनके अविश्वसनीय करियर का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हैं। 2011 में अपने पदार्पण के बाद से 111 टेस्ट मैचों में, वार्नर ने 44.6 की औसत से 8695 रन बनाए हैं, जिसमें 26 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं, जो कम समय में प्रतिद्वंद्वी से खेल छीनने में सक्षम साबित होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, मुझे यकीन है कि हर कोई डेवी के लिए या ईमानदारी से रिटायर होने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यही देखना चाहेगा।



# आईपीएल में लखनऊ से जुड़कर खुश हैं सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** पिछले दो वर्षों से तमिलनाडु के स्पिनर सिद्धार्थ मणिमारन 2020 और 2021 सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल कैंप के सदस्य होने के बाद भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का हिस्सा नहीं थे। मगर पिछले महीने दुबई में आईपीएल नीलामी में सिद्धार्थ के लिए एक बदलाव हुआ, जो 20 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ मैदान में उतरे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की चुनौती को टक्कर देते हुए, उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.4 करोड़ रुपये में चुना। जब उन्हें खरीदने के लिए बोली लग रही थी सिद्धार्थ अपने दोस्त के साथ थे, लेकिन टेलीविजन पर ऑक्शन नहीं देख रहे थे। सिद्धार्थ ने कहा, मैं इसे नहीं देखना चाहता था क्योंकि मैं थोड़ा घबराया हुआ था। इसलिए मुझे लगा कि इसे न देखना ही बेहतर है। मेरे दोस्त इसे देख रहे थे और बाद में उन्होंने मुझे बताया कि मुझे लखनऊ टीम ने चुना है।''आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में सिद्धार्थ ने कहा, शुरूआत में मुझे टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी महसूस हुई। उसके बाद, मैंने वास्तव में लखनऊ की पिचों के बारे में सोचना शुरू कर दिया। हालांकि, सिद्धार्थ को कोलकाता और दिल्ली के लिए खेलना का मौका नहीं मिला।

लेकिन सिद्धार्थ ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया।




# व्यापार

# सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की विदेशी शुद्ध खरीदारी अब तक के उच्चतम स्तर पर

**सोल।** शेयर बाजार के सोमवार के आंकड़ों से पता चला कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में सुधार की बढ़ती उम्मीदों के चलते विदेशी निवेशकों की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स शेयरों की शुद्ध खरीदारी पिछले साल अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। कोरिया एक्सचेंज (केआरएक्स) के आंकड़ों के मुताबिक, ऑफशोर निवेशकों ने पिछले साल दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप निर्माता कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों से शुद्ध रूप से 16.7 ट्रिलियन वॉन (12.9 बिलियन डॉलर) मूल्य के स्टॉक जुटाए। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, 1999 में एक्सचेंज ऑपरेटर केआरएक्स द्वारा इस तरह के डेटा को संकलित करना शुरू करने के बाद से यह सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स शेयरों की सबसे बड़ी विदेशी शुद्ध खरीद है। यह चार सालों में पहली बार है कि विदेशियों ने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के शुद्ध खरीदारों की ओर रुख किया, जो मुख्य केओएसपीआई एक्सचेंज पर बाजार पूंजीकरण के मामले में सबसे बड़ा स्टॉक है। वे 2020-2022 तक शुद्ध विक्रेता बने रहे। जिसके चलते, 2023 में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में विदेशियों के पास 53.9 प्रतिशत शेयर थे, जो एक साल पहले की तुलना में 49.6 प्रतिशत अधिक है। एनएच इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज कंपनी के एक विश्लेषक ना जंग-ह्वान ने कहा, चिप इंडस्ट्री में बदलाव के पॉजिटिव आउटलुक के लिए धन्यवाद, विदेशियों ने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स पर दांव लगाया है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के स्टॉक लगातार सात दिनों तक बढ़ते हुए 2023 के आखिरी कारोबारी दिन गुरुवार को 78,500 के वार्षिक उच्च स्तर पर बंद हुए। इस बीच, विदेशियों ने पिछले साल नंबर 2 मेमोरी चिप निर्माता एसके हाइनिक्स के शुद्ध 2.8 ट्रिलियन वॉन मूल्य के स्टॉक खरीदे, जो 2022 में 833 बिलियन वॉन की शुद्ध खरीद से अधिक है।





## गूगल ने 100 एंड्रॉइड सुरक्षा समस्याओं को किया ठीक

**नई दिल्ली।** गूगल ने दिसंबर 2023 में लगभग 100 एंड्रॉइड सुरक्षा मुद्दों को ठीक किया है, जिसमें फ्रेमवर्क में दो महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए पैच शामिल हैं। इनमें से सबसे गंभीर मुद्दों में रिमोटली सिक्यूरिटी से संबंधित है। गूगल ने कहा, शोषण के लिए उपयोगकर्ता सहभागिता की आवश्यकता नहीं है। गंभीरता का मूल्यांकन उस प्रभाव पर आधारित है जो भेद्यता का शोषण संभवतः प्रभावित डिवाइस पर होगा, यह मानते हुए कि प्लेटफॉर्म और सेवा शमन को विकास उद्देश्यों के लिए बंद कर दिया गया है या अगर सफलतापूर्वक बायपास किया गया है। गूगल ने अपने वियरओएस प्लेटफॉर्म के लिए एक अपडेट भी जारी किया है, जो सीवीई-2023-40094, विशेषाधिकार बग को ठीक करता है। इस बीच, माइक्रोसॉफ्ट के दिसंबर पैच ने 30 से ज्यादा खामियों को ठीक किया, जिसमें कई रिमोट कोड एग्जीक्यूशन (आरसीई) भी शामिल हैं।

# एफएमसीजी, आईटी शेयरों में तेजी, सेंसेक्स को मिली बढ़त

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी और आईटी शेयरों में सोमवार को दोपहर के कारोबार में मजबूती रही, जिससे सेंसेक्स हरे निशान में चला गया। सुबह के कारोबार के दौरान लाल निशान में रहने के बाद, सेंसेक्स करीब 2.45 बजे तक 250 अंक ऊपर 72,490.95 अंक पर था, जिसमें नेस्ले शीर्ष पर रही। कारोबार में नेस्ले 2 प्रतिशत से अधिक ऊपर है जबकि आईटीसी 1 प्रतिशत से अधिक ऊपर। विप्रो और टेक महिंद्रा के साथ आईटी शेयरों में भी 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। एचसीएल टेक में 1 फीसदी से ज्यादा तेजी रही जबकि टाटा मोटर्स में 1 फीसदी से ज्यादा तेजी देखी गई। सेंसेक्स में गिरावट वाले शेयरों में भारती एयरटेल 2 फीसदी से ज्यादा, एमएंडएम 1 फीसदी से ज्यादा नीचे है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि नए साल में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए गोल्डीलॉक्स सिनेरिया है। किसी अर्थव्यवस्था में गोल्डी लॉक्स सिनेरियो एक ऐसी स्थिति बताता है जहां स्थिर विकास हो, मुद्रास्फीति कम हो, ज्यादा विस्तार भी नहीं और मंदी में ज्यादा सिकुड़े भी नहीं। अर्थव्यवस्था में विकास की गति मजबूत है। वित्त वर्ष 2024 में 7 प्रतिशत जीडीपी विकास के बाद वित्त वर्ष 2025 में लगभग 6.7 प्रतिशत विकास की संभावना है, जिसमें कॉर्पोरेट आय में अच्छी वृद्धि होगी। बैंकिंग प्रणाली की हालत अच्छी है और सभी व्यापक आर्थिक संकेतक स्थिर हैं।



## आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने किया आगाह

# बैंकिंग क्षेत्र में एआई के उपयोग के जोखिमों को लेकर मानवीय पर्यवेक्षण की जरूरत

**नई दिल्ली।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने सोमवार को कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में एआई की तैनाती से होने वाले जोखिमों को लेकर मानव पर्यवेक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एआई पर कुछ चिंताएं डिजाइन को लेकर हैं, जबकि कुछ अन्य अधिक डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, उपभोक्ता संरक्षण और वित्तीय स्थिरता को संरक्षित करने को लेकर है ।उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को तीन व्यापक श्रेणियों - डेटा बायस और मजबूती, गवर्नेंस और पारदर्शिता में रखा जा सकता है।




जैसे-जैसे एआई का चलन बढ़ रहा है, इसके उपयोग को निर्देशित करने में मदद करने के लिए नियामक ढांचे को विकसित करने के वैश्विक प्रयास भी बढ़ रहे हैं और इस प्रक्रिया में अधिक सहयोग की आवश्यकता होगी ।राव ने इंडियन इकोनोमिक एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में कहा, ₹हमारा सामूहिक प्रयास इस विकास को सावधानी और जिम्मेदारी के साथ अपनाने का होना चाहिए, साथ ही एक ऐसे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जहां प्रौद्योगिकी बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक सक्षमकर्ता के रूप में काम करेगी ।उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र विकसित हो रहा है, उभरती प्रौद्योगिकियां और एआई इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। राव ने कहा, किसी भी संभावित प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इससे फायदा लेने के लिए एक सहायक नियामक ढांचे को सुनिश्चित करने की जरूरत होगी और इसलिए जब एआई मॉडल उच्च-मूल्य वाले निर्णय लेने वाले उपयोग के मामलों में तैनात किए जाते हैं तो मजबूत शासन व्यवस्था और स्पष्ट जवाबदेही महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने जटिल या अस्पष्ट मामलों को संबोधित करने और नैतिक विचारों को ध्यान में रखा जाना सुनिश्चित करने के लिए मानवीय निरीक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि किसी भी अप्रत्याशित परिणाम और शासन संबंधी मुद्दों का समय पर पता लगाया जाएगा और उनका समाधान किया जाएगा।

# जोमैटो से लेकर ओयो तक की बुकिंग में उछाल

**नई दिल्ली।** जोमैटो और स्विगी जैसे फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म और ब्लिंकिट और जेप्टो जैसे क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ-साथ हॉस्पिटैलिटी प्रमुख ओयो में पिछले साल की तुलना में नए साल की पूर्व संध्या पर इस साल अब तक के सबसे ज्यादा ऑर्डर और बुकिंग देखी गईं। क्विक ग्रॉसरी और फूड डिलीवरी प्लेटफार्मों को भारी ऑर्डर मिले। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हमने नए साल की पूर्व संध्या पर लगभग उतने ही ऑर्डर लिए जितने 2015, 16, 17, 18, 19, 20 को संयुक्त रूप से लिए थे। भविष्य को लेकर उत्साहित हैं!''ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने कहा कि उन्होंने 2023 में 31 दिसंबर की शाम को ऑर्डर की कुल संख्या को पार कर लिया। ढींडसा ने लिखा, ''हम पहले ही एक दिन में सबसे ज्यादा ऑर्डर, ओपीएम (ऑर्डर पर मिनट), एक दिन में बेचे गए सॉफ्ट ड्रिंक्स और टॉनिक वाटर, एक दिन में बेचे गए चिप्स, एक दिन में राइडर्स को दिए गए टिप्स तक पहुंच चुके हैं।''उन्होंने कहा, ''और यह कम नहीं हो रहा है! सभी सिस्टम्स और स्टोर अब तक ठीक चल रहे हैं।''गोयल ने पोस्ट किया कि जोमैटो और ब्लिंकिट के 3.2 लाख से ज्यादा डिलीवरी पार्टनर्स ने नए साल की पूर्व संध्या पर देश को सेवा दी। लखनऊ के एक यूजर ने ब्लिंकिट पर 33,683 रुपये का ऑर्डर दिया।




## वृद्धि को 3.2 लाख से ज्यादा डिलीवरी बॉय की मदद से संभाला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नए साल की पूर्वसंध्या पर खाने के ऑर्डर बढ़ने के बीच जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल ने कंपनी मुख्यालय में वॉर रूम की तस्वीरें साझा कीं। जोमैटो के अधिकारियों और टीम के अन्य सदस्यों को 31 दिसंबर को जोमैटो पर भारी ट्रैफि क के लिए कोक और भोजन के डिब्बे के साथ तैयार देखा गया। गोयल ने ट्वीट किया कि ह्व@जोमैटो और @लेट्सब्लिंकिट के 3.2 लाख से अधिक डिलीवरी पार्टनर आज भारत को सेवा दे रहे हैं। राष्ट्र को जश्न मनाने में मदद करने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि रात 8:06 बजे तक 8,422 ऑर्डर दिए गए। यानी हर सेकंड 140 ऑर्डर। गोयल ने पोस्ट किया, वास्तव में कोलकाता की पार्टी में शामिल होना चाहता हूं - जहां किसी ने एक ही ऑर्डर में 125 आइटम ऑर्डर किए।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर डेढ़ से साढ़े चार रुपये हुआ सस्ता

**नई दिल्ली :** नए साल-2024 के पहले दिन कमर्शियल गैस सिलेंडर के मूल्य में कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं विपणन कंपनियों ने बड़ी राहत देते हुए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 1.50 रुपये से लेकर 4.50 रुपये तक की कटौती की है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की वेबसाइट के मुताबिक अब राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत 1.50 रुपये घटकर 1755.50 रुपये हो गई है। मुंबई में इसका दाम 1.50 रुपया सस्ता होकर 1708.50 रुपये हो गया है। चेन्नई में सबसे ज्यादा 4.50 रुपये घटकर इसकी कीमत 1924.50 रुपये हो गई है। कोलकाता में इसकी कीमत 50 पैसे की मामूली बढ़त के साथ 1869 रुपए हो गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले तेल कंपनियों ने 22 दिसंबर, 2023 को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 39.50 रुपये तक की कटौती की थी। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के दाम में कोई कटौती नहीं की गई है। दिल्ली में अभी यह 903 रुपये में मिल रहा है।



## एक नजर

### उद्यमिता विकास संस्थान स्वरोजगार का दे रही प्रशिक्षण

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के बहेरी में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महिला व पुरुष प्रतिभागियों को स्वरोजगार का दिया जा रहा प्रशिक्षण। इस प्रशिक्षण में 30 महिला-पुरुष प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण में महिला-पुरुषों को स्वरोजगार कुशल व्यावसायिक प्रबंध डिजिटल मार्केटिंग परियोजना सहकारिता बैंक को राष्ट्रीय बैंक को उद्योगों से सहायता प्राप्त कर उद्योग लगाने के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षुओं को झारखंड प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर दिलीप कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में वीणा देवी, गायत्री देवी, विनोद कुमार, अमित कुमार, कुसुम कुमारी, रितापला देवी, कल्पना कुमारी, पम्मी कुमारी, शैलजा, हसिबा खातून, कल्पना सिंह, रानी सिंह, मोनिका, दीपाली कुमारी, रानी सिंह, रागिनी, चांदनी आदि शामिल थे।

### पुलिस ने धर्मपुर मोड़ पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर धर्मपुर मोड़ पर सोमवार को सदर थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मौजूद थे। चेकिंग अभियान में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को जुर्माना लगाया जा रहा है। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की जा रही है। इस दौरान रांची से मेदिनीनगर जा रहे यात्री बस में बैठे यात्रियों को वाहन रोकवाकर ऊपर बैठे यात्रियों को नीचे बस में सवार कराया गया। कंडक्टर को ऊपर यात्री नहीं बैठाने का निर्देश दिया। तब बस अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। मौके पर थाना प्रभारी ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पकड़े गए, जिन्हें जुर्माना वसूलकर और चेतावनी देकर छोड़ा गया। मौके पर अन्य जवान शामिल थे।

### नववर्ष के पहले दिन समाजसेवी की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चंदवा पूर्वी पंचायत के कुसुमटोली नीचे मोहल्ला में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर बीते कुछ माह से खराब रहने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने समाजसेवी सह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार दुबे को दी। विजय दुबे के द्वारा इसकी जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई। विजय दुबे ने अधिकारियों से जनहित में तत्काल नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विद्युत विभाग और विजय दुबे के सार्थक पहल पर रविवार को 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिसके बाद सोमवार को उक्त ट्रांसफार्मर से बिजली सुचारू रूप से बहाल कर दी गई।

**नववर्ष का स्वागत : जिले के पदाधिकारियों ने परिवार के साथ डंडई प्रखंड के पनघटवा डैम पर पिकनिक का लुत्फ उठाया**

# डीसी-एसपी व डीडीसी की सुरीली आवाज ने मन मोहा



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड क्षेत्र में जश्न के साथ वर्ष 2024 के पहला दिन का आगाज हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के कई पर्यटक स्थल सोमवार को सैलानियों से गुलजार रहे। डंडई वह धुरकी प्रखंड के सिवाना पर अवस्थित पनघटवा डैम सुबह से शाम तक पूरी तरह सैलानियों के लिए केंद्र बिंदु बना रहा।

डैम पर जहां दूर-दूर के सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे, वहीं जिला प्रशासन भी सपरिवार उक्त स्थल पर पहुंच डैम का शोभा बढ़ाने का काम किया। उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडे, डीडीसी राकेश कुमार राय के साथ-साथ जिले के कई पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी सपरिवार उक्त स्थल पहुंच संयुक्त रूप से पिकनिक का लुत्फ उठाने का काम किया। इस दौरान डीसी, एसपी, डीडीसी ने अपनी-अपनी पत्नी संग सुरीली आवाज में तरह-तरह के गीत गाकर डैम पर पहुंचे सैलानियों का मन मोह लिया। उक्त पदाधिकारियों के गीत समाप्त होते ही तालियों की गड़गड़ाहट से सैलानियों ने उनका अभिवादन किया। इस बीच, एसपी दीपक कुमार पांडे ने द्वारा गाए गए 'छुप गए सारे नजारे ओए क्या बात हो गई, दिल ने दिल को पुकारा, दिन में रात हो गई..' गाना गाकर सैलानियों को झूमने को मजबूर कर दिया। इसके अलावा डंडई बीडीओ राहुल कुमार सानू ने भी कई गीत गाए। इससे पहले पदाधिकारियों के द्वारा डैम की सुंदरता को निहारने का काम किया गया। तीन ओर से घिरे घने जंगलों के बीच अवस्थित डैम को पिकनिक स्पॉट के लिए बहुत ही बेहतरीन स्थल बताया। वहीं डैम में दर्जनों से भी अधिक चल रहे तरह-तरह के नाव को देख उनके द्वारा डैम की काफी प्रशंसा की गई। उधर डैम पर पिकनिक मनाने को लेकर दूर-दूर से पहुंचे शैलानी छोटे-छोटे पहाड़ों के नीचे बैठ पिकनिक का आनंद लिया। उसके बाद डीजे साउंड पर नाच गान करते नौका विहार का भी खूब लुत्फ उठाने का काम किया गया। पिकनिक मनाने को लेकर डैम पर पहुंचे जिले के पदाधिकारियों को ससपरिवार देख सैलानी काफी खुश हुए। सैलानियों ने कहा कि घने पहाड़ों के बीच अवस्थित पनघटवा डैम पर वर्ष के पहले दिन के अवसर पर बहुत पहले से ही सैलानियों की भीड़ लगती आ रही है। लेकिन इस वर्ष जिले के पदाधिकारी को पहुंचने से उसकी शोभा और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि इस डैम की पहचान अब तक सिर्फ आम लोगों तक ही सीमित रह गई थी, लेकिन जिले के पदाधिकारियों को इस वर्ष पिकनिक को लेकर डैम पर पहुंचने से यह साबित हो गया है कि यह डैम सच में एक पर्यटक स्थल है।

## देर रात तक चला बधाइयों का दौर, पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

वर्ष 2023 को अलविदा करने के साथ ही रविवार रात 12 बजे के बाद नए साल 2024 के स्वागत का दौर शुरू हो गया जो सोमवार को दिन भर चलता रहा। नव वर्ष पर जिला मुख्यालय स्थित अन्नराज डैम, बंडा पहाड़, जुडवनिया मंदिर, दानरो नदी, डंडई के पनघटवा डैम, धुरकी के सुखलदरी, चिनिया के गुरुसिंद्धू, बंशीधर नगर के राजा पहाड़ी, कांडी के सतबहिनी, केतार के भगवती मंदिर आदि पिकनिक स्पॉटों पर सोमवार को सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष का स्वागत किया। सुबह से लेकर शाम तक पिकनिक स्थल गुलजार रहे। नव वर्ष में जहां लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया, वहीं उत्साह, उमंग और मस्ती के साथ फिल्मी गीतों पर थिरकते देखे गये। चारों तरफ हैप्पी न्यू इयर की गूंज रही। नववर्ष पर लोगों ने बड़ों का आशीर्वाद लिया तो दोस्तों से गले मिलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। नववर्ष पर पिकनिक स्थल पर हर तबका के लोगों का जुटान हुआ। शहर से लेकर गांव तक डीजे साउंड और फिल्मी गीतों से माहौल रंगीन बना हुआ था। कहीं शराब और कबाब का दौर तो कहीं शाकाहारी भोजन का लोगों ने लुत्फ उठाया। नये साल को लेकर घरों में भी उत्सव का माहौल रहा। उत्साह और उमंग लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। पिकनिक स्पॉटों पर हर उम्र और वर्ग के लोग सेल्फी लेते दिखे। अन्नराज डैम के पास बच्चे तरह-तरह के आनंद लिया. क्रिकेट, बैडमिंटन खेलकर बच्चों ने मस्ती की।

### पिकनिक स्थलों पर पुख्ता थी सुरक्षा

सदर प्रखंड के अन्नराज डैम, बंडा पहाड़, हेलीपैड के अलावे अन्य पिकनिक स्थलों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम था। थाना प्रभारी केके साहू ने सभी पिकनिक स्थलों में पुलिस बल व पदाधिकारियों को तैनात कर सुरक्षा का जायजा ले रहे थे। पुलिस टीम चौक चौराहा व मुख्य सड़कों में गश्त लगाती दिखी। शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में नव वर्ष मनाया।

## पीडीएस डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

सरकारी राशन वितरकों का केंद्रीय संगठन ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर जिले के टंडवा प्रखंड डीलर संघ ने 1 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष परमानंद पांडेय के नेतृत्व में सोमवार को शिष्टमंडल ने बीडीओ देवलाल उरांव से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराते हुवे ज्ञापन सौंपा है। डीलरों की प्रमुख मांगों में तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल कमीशन या तीस हजार रुपए मानदेय, डीलरों के लिए अनुकम्पा के नियमों को पूर्ववत लागू करने, पीएमजीकेएवाई के 10-12 महीने का बकाया कमीशन देते हुवे जूट के बोरा का पैसा देने, पॉश मशीन में 2 जी के जगह 5 जी की सुविधा मुहैया कराने, राशन वितरण के अतिरिक्त लिये जाने वाले अन्य कामों के बदले मेहनताना, 5 प्रतिशत शॉर्टेज वेस्टेज देने, प्रशासन द्वारा डीलरों का शोषण अविलंब बंद करते हुवे व सही वजन कर आवंटित खाद्यान्नों की आपूर्ति डीलरों को करने की मांगें शामिल है।

**चतरा : पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ी भीड़, डीजे की धुन पर थिरके युवा**

# हर्षोल्लास से नववर्ष का स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी/पत्थलगड़ा**

नव वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं मंगलकामनाओं के साथ नव वर्ष 2024 का स्वागत जिले वासियों ने पूजा-पाठ के साथ किया। जबकी युवाओं ने जश्न मनाकर 2023 को विदाई दी और 2024 का स्वागत भी किया। रात्री के 12 बजने के बाद से ही मोबाइल पर नव वर्ष की बधाई और मुबारक बाद देने का दौर प्रारंभ हुआ जो दुसरे दिन एक जनवरी के देर शाम तक चलता रहा। जिले के प्रसिद्ध पिकनीक स्पॉटों में कान्हाचटी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तामाशिन जलप्रपात, सदर प्रखंड स्थित लक्ष्मनपुर डैम, डुमेर-सुमेर, हेरु डेम, लावालौंग के खैवा-बन्दारू, टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित चुदरू धाम, गिद्धौर प्रखंड के बलबल सिसवा, हंटरगंज प्रखंड के कोलेश्वरी पर्वत व इटखोरी के हदहदवा आदि स्थानों पर पिकनिक मनाने को लेकर युवाओं की भीड़ हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी नव वर्ष के पहले दिन उमड़ी थी। पिकनिक स्पॉटों पर पहुंचे युवा सामूहिक वन भोज का आनंद उठाने के साथ डीजे के धुन पर भी जमकर थिरके युवा। दूसरी ओर एसपी राकेश रंजन के दिशा निर्देश पर पुलिस चौकस रही।



### शक्ति पीठों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चतरा/इटखोरी/पत्थलगडा। नव वर्ष 2024 के पहले दिन जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर, हंटरगंज स्थित कुलेश्वारी मंदिर, गिद्धौर प्रखंड के बलबल बागेश्वरी मंदिर व पत्थलगडा के लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थाना पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नव वर्ष के पहले दिन माता भद्रकाली मंदिर, कुलेश्वरी मंदिर, लेंबोईया पहाड़ी स्थित देवी स्थान, टंडवा के चुंदरु मंदिर व सिमरिया के भवानी मठ में दूर दराज से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचकर पूजा अर्चना कर साल का शुभारंभ किया। इटखोरी में माता भद्रकली मंदिर में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी। सुबह में मंदिर का पट जैसे ही खुला, श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में अहले सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी रहा। माता भद्रकाली के दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने सहस्त्र शिवलिंग मंदिर, शनिदेव मंदिर, कोठेश्वरनाथ, पंचमुखी हनुमान, बुद्ध विहार, राधा कृष्ण कुंज का भी दर्शन किया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति भी श्रद्धालुओं की व्यवस्था में लगी रही। वहीं पूजा को लेकर मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ को ले मेला सा दृश्य दिखा। इसी प्रकार कुलेश्वरी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर, चुंदरु धाम स्थित सूर्य मंदिर व गिद्धौर के बलबल गर्म कुंड स्थित बागेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के उपरांत समीप नदी, घाट व पहाडों पर पिकनिक का भी लोगों ने आनंद उठाया।

## चंदवा : खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर से सटे कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर एक जनवरी 1948 खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से शहीदों के प्रतीक चिन्ह पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टूढ़ामु ग्राम प्रधान रतिलाल उरांव ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन झारखंड आंदोलनकारी जितेंद्र सिंह कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1 जनवरी 1948 को खरसांवा हाट में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को सुनने के लिए जमा हुए सैकड़ों निर्दोष आदिवासियों के ऊपर ओडिशा पुलिस द्वारा बर्बर तरीके से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें सैकड़ों आदिवासियों की मौत हो गई थी। आजाद भारत का यह सबसे बड़ा गोलीकांड था। दुर्भाग्यवश आज तक न तो शहीदों को चिन्हित किया गया है और न ही उनके परिजनों को न्याय मिल पाया है। वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजी नया साल एक जनवरी को खुशियां मनाना वीर शहीदों का अपमान है। कार्यक्रम को हरि कुमार भगत, राजूराम लोहरा, विकास भगत, अनुज उरांव आदि ने संबोधित किया। मौके पर सुरेशनाथ लोहरा, धनेश्वर उरांव, चइता मुंडा, सुरेंद्र उरांव, सुनीता उरांव मौजूद थे।



## भंडरा में अयोध्या से आया अक्षत-कलश भैंसमुंदो पहुंचा, किया गया जोरदार स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सोमवार को प्रखंड के भैंसमुंदो मे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं एवं गांव की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर अक्षत देकर निमंत्रण पत्र दिया गया। आमंत्रित किया गया कि 22 जनवरी को सभी अपने गांव के देवालय में जाकर 11:00 बजे से पूजन, कीर्तन, भजन करना है। तत्पश्चात 2:00 बजे अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आरती गांव गांव के लोगों को भी आरती में सम्मिलित होना है। इसके लिए न्यौता घर-घर अक्षत एवं पत्रक के साथ-साथ चित्र दिया गया। घर घर नेवता देने कार्यक्रम में आनंद सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, कांति देवी, गीता देवी, जूली देवी, सूरज यादव, करमचंद यादव, संध्या कुमारी, रूपेश सिंह, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, निर्मला देवी, भाजपा जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह आदि शामिल रहे।

**स्मृति शेष** **1 जनवरी को शोक दिवस के रूप में याद करते हैं आदिवासी : चैतू सिंह**

# खरसावां नरसंहार के शहीदों को किया गया याद

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा की प्रखंड इकाई द्वारा अनहारीदह टोला में खरसावां नरसंहार के शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। खरवार आदिवासी एकता सॉन्ग सीनियर प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह खरवार किंतु में कार्यक्रम आयोजित किए गये। मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार ने कहा कि 1 जनवरी 1948 को हजारों आदिवासियों की हत्या कर दी गई थी। उन्हीं आदिवासियों को आज हम लोग याद कर रहे हैं। आदिवासी आज भी 1 जनवरी को नए साल के रूप में नहीं बल्कि शोक दिवस के रूप में याद करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित अजय सिंह खरवार, बीरबल कोरबा, तारवेश सिंह लाल बाबू कोरबा, कविता कुमारी, सत्यनारायण सिंह, चैतुनाथ सिंह उपस्थित थे।



## पेज एक के शेष

### राजनैतिक ज्वार भाटा का साक्षी..

गठबंधन तोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई। उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। हालांकि बाद में शिवसेना के एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों ने बागी होकर बीजेपी के साथ सरकार बना ली। शिवसेना दो हिस्सों में बंट गई। सितंबर में जम्मू कश्मीर में ऐतिहासिक चुनाव होंगे । चुनाव से पहले परिसीमन की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। राज्य में धारा 370 निरस्त होने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। अक्टूबर में दो राज्यों हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव होंगे । फिलहाल हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी की साझी सरकार है और वहां के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हैं। पिछले कुछ समय में गठबंधन में अनबन की खबरें आती रही हैं ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव में दोनों दल एक साथ जाएंगे या नहीं। इसके साथ महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में सत्ता और विपक्षी दोनों गठबंधनों की परीक्षा होगी। यह चुनाव इसलिए भी विशेष होगा क्योंकि पिछली बार जो एक साथ थे, अबकी बार वो खिलाफ हैं और जो खिलाफ थे, वो साथ हैं। साल के अंत तक झारखंड में विधानसभा चुनाव होगा। भाजपा के बहुप्रचारित कथित भ्रष्टाचार मामले में लगातार ईडी की रडार पर रहे हेमंत सोरेन के सामने सत्ता बचाने की चुनौती होगी। फिलहाल यहां महागठबंधन सत्ता में है जिसका हिस्सा झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस हैं। राज्य के मुख्यमंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन हैं। इस साल के सबसे बड़े घटनाक्रम में आम चुनाव जरूर गिना जाएगा।




# नागर शैली में बन रहा राम मंदिर








**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में गली-चौराहों से लेकर सड़कें तक रोशनी से जगमगाने लगे हैं। मंदिर निर्माण में अब तक 392 पिलर, 44 गेट और नागर शैली की वास्तुकला की झलक देखने को मिल रही है। मुख्य मंदिर तक पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां बनकर तैयार हो गई हैं। हालांकि, मंदिर निर्माण से जुड़े प्रोजेक्ट पूरे होने में अभी दो साल और लग सकते हैं। जिस तेजी से काम चल रहा है उसमें 2026 तक अयोध्या और राम मंदिर की दिव्यता और भव्यता पूरे देश-दुनिया को देखने को मिलेगी। मंदिर का पूरा परिसर 70 एकड़ का है, जिसमें 25-30% ही निर्मित क्षेत्र होगा, बाकी हरित क्षेत्र होगा। मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है। प्रधानमंत्री 22 जनवरी को 'मृगशिरा नक्षत्र' में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में हिस्सा लेंगे। तब तक भूतल और पूर्व में बन रहा मुख्य प्रवेश द्वार तैयार हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण में संस्कृति का भी विशेष ख्याल रखा जा रहा है। पूरा मंदिर नागर शैली में बन रहा है। मंदिर में दक्षिण की द्रविड़ शैली का भी प्रभाव देखने को मिल रहा है। राम मंदिर में पूर्व की दिशा से प्रवेश होगा, जबकि दर्शन के बाद श्रद्धालु दक्षिण दिशा से मंदिर से बाहर आएंगे। बीच में रामलला का गर्भगृह है। प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा, नृत्य, रंग, सभा, प्रार्थना और कीर्तन के पांच मंडप भी बनाए जा रहे हैं। मंदिर के भीतर अलग-अलग 44 द्वार होंगे।

### हम राम मंदिर निर्माण का करते हैं समर्थन : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** डैमेज कंट्रोल करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में है। सीएम ने कहा हम अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के लिए अपना पूरा समर्थन देते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है, निमंत्रण मिलने के बाद मैं समारोह में शामिल होने पर विचार करूंगा। कर्नाटक के योजना डी. सुधाकर ने कहा था कि 'पिछले लोस चुनाव में वोट पाने के लिए बीजेपी सरकार ने पुलवामा हमले को प्रोजेक्ट किया था और इस बार भगवान राम को प्रोजेक्ट किया जा रहा है।'




### क्या है नागर शैली

**सातवीं** शताब्दी के बाद विकसित नागर शैली उत्तर भारतीय हिन्दू स्थापत्य कला की तीन में से एक शैली है। परमार शासकों ने नागर शैली को फलने फूलने में काफी योगदान दिया है। 'नागर' शब्द की उत्पत्ति नगर से हुई है। यह शैली हिमालय से लेकर विंध्य पर्वत माला तक दिख जाती है। नागर शैली के मंदिरों की विशेष पहचान आधार से लेकर सर्वोच्च यानि कि ऊपर से लेकर नीचे तक चतुष्कोण होती है। नागर शैली से बने मंदिरों मंदिर में गर्भगृह, मंडप और अर्द्धमंडप होते हैं। अयोध्या राम मंदिर की शुरूआती तस्वीरों में कमोबेश यही ढांचा दिखा है। इस शैली में बने मंदिरों को ओडिशा में कलिंग, गुजरात में लाट और हिमालयी क्षेत्र में पर्वतीय शैली कहा जाता है। खजुराहो, सोमनाथ, आबू पर्वत राजस्थान के अलावा इस शैली में लिंगराज मंदिर ओडिशा और कोणार्क ओडिशा भी शामिल हैं।

**परकोटे में बनाए जा रहे हैं मंदिर :** मंदिर परिसर में राम लिफ्ट और लॉकर की सुविधा भी श्रद्धालुओं के लिए होगी। मंदिर के चारों ओर लंबा-चौड़ा परकोटा बनाया जा रहा है। यह परकोटा 732 मीटर लंबा और 14 फीट चौड़ा होगा। यह दक्षिण भारतीय मंदिरों की शैली और परंपरा से लिए गए हैं। इन परकोटों के चारों कोनों पर मंदिर स्थापित हो रहा है, जिसमें गणपति शिव भगवती और सूर्य के मंदिर होंगे।

**आत्मनिर्भर होगा राम मंदिर :** राम मंदिर परिसर का अधिकांश हिस्सा सैकड़ों पेड़ों के साथ हरा-भरा क्षेत्र होगा। खुद के सीवेज और जल शोधन संयंत्र होंगे। एक फायर ब्रिगेड चौकी और विशिष्ट बिजली लाइन जैसी सुविधाओं के साथ मंदिर को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। हरित पट्टी में मौजूद 600 पेड़ संरक्षित किए गए हैं।

## निमंत्रण सिर्फ राम भक्तों को

**एजेंसी। अयोध्या**

भगवान राम पर की गई टिप्पणियों को लेकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि निमंत्रण केवल उन लोगों को दिया गया है जो भगवान राम के भक्त हैं। वह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए निमंत्रण नहीं मिला है। आचार्य सत्येन्द्र दास ने संजय राउत की उस टिप्पणी पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि अब केवल एक ही चीज बची है कि 'भाजपा भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित करे। मुख्य पुजारी ने कहा, 'संजय राउत को इतना दर्द है कि वो उसे बयां भी नहीं कर सकते, ये वही लोग हैं जो भगवान राम के नाम पर चुनाव लड़ते थे।

## एक नजर

### थानेदार बनवाने के नाम पर लड़की ने ठगे 54.40

**जालोर।** जोधपुर पुलिस ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में पास करवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाली एक युवती को जालोर के भीनमाल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई युवती ने युवक को परीक्षा में पास करवाने के नाम पर कुल 54.40 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पुलिस ने युवती को जेल भेज दिया है। युवती के साथ ठगी गैंग में और भी लोग शामिल बताए जा रहे हैं।

### हावड़ा-बैंडेल रेलमार्ग पर पटरी में दरार, ट्रेनों का परिचालन रोका गया

**हुगली।** हावड़ा-बैंडेल रेलमार्ग पर पटरी में दरार आ जाने से सोमवार सुबह ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। पटरी की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। इस वजह से शेवड़ाफुली स्टेशन में डाउन लाइन पर कई ट्रेनें रुकी रहीं। कुछ ट्रेनों को रिवर्स लाइन से निकाला जा रहा है।

### जमीन सौंपने के लिए आईआईटी की मंजूरी का इंतजार

**पणजी ।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को कहा कि संस्थान की मंजूरी मिलने के बाद उनकी सरकार आईआईटी परियोजना के लिए जमीन सौंप देगी। तीन स्थानों पर विरोध का सामना करने के बाद, गोवा सरकार ने दक्षिण गोवा के संगुएम निर्वाचन क्षेत्र में रिवोना में एक जगह की पहचान की थी, जिसे स्थानीय पंचायत से हरी झंडी मिल गई थी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यहां संवाददाताओं से कहा, आईआईटी अधिकारियों द्वारा भूमि का निरीक्षण किया गया है। लेकिन अभी तक हमें उनसे 'जमीन की मंजूरी' नहीं मिली है।

## बुरी ताकतों के सामने नहीं झुकेगी तृणमूल

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकताओं को संदेश दिया कि उनके कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में बुरी ताकतों के सामने नहीं झुकेंगे। यह आपके अटूट समर्थन के बल पर है कि हम इस महान लोकतांत्रिक देश में सभी के लिए लड़ना जारी रखेंगे। किसी भी बुरी ताकत के सामने समर्पण नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह जारी एक बयान में कहा, सभी आतंक के खिलाफ हम अपने देश के आम लोगों के लिए आजीवन संघर्ष जारी रखेंगे। पार्टी महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने भी पार्टी कार्यकताओं को एक संदेश भेजा, जहां उन्होंने स्थापना के बाद से तृणमूल कांग्रेस की इस यात्रा में उनके समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद दिया। अभिषेक बनर्जी ने बयान में कहा, तृणमूल कांग्रेस का 27वां स्थापना दिवस मना रहा हूं! अविश्वसनीय यात्रा, हमारे समर्पित सदस्यों के अटूट समर्थन और लोगों की सेवा करने के अवसर के लिए आभारी हूं। एकजुट होकर, हम ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहेंगे! सोमवार सुबह पार्टी के मुख्यालय तृणमूल भवन में स्थापना दिवस मनाया गया, जहां तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने अपना झंडा फहराया। इस अवसर पर पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी पार्टी का प्रमुख चेहरा बनी रहेंगी, जबकि महासचिव सहित नेतृत्व केंद्र में सरकार बदलने के लिए आंदोलन का नेतृत्व करेगा।

### उत्तराखंड में बाहरी व्यक्तियों के जमीन खरीदने पर रोक

**देहरादून।** उत्तराखंड में भू-काननू को लेकर कुछ दिनों पहले जमकर विरोध हुआ था। भू-काननू के विरोध में देहरादून समेत कई जिलों में स्थानीय लोगों और कई समाज सेवी संस्थाओं ने रैली निकाली थी। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नए साल पर भू कानून को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। धामी ने बाहरी लोगों के उत्तराखंड में जमीन खरीदने पर रोक लगा दी है। धामी ने आदेश दिया है कि अग्रिम आदेश तक जिलाधिकारी उत्तराखंड से बाहर के व्यक्तियों को कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से भूमि क्रय करने की अनुमति नहीं देंगे। यानी प्रदेश में बाहरी व्यक्तियों के कृषि एवं उद्यान के उद्देश्य से जमीन खरीदने पर अंतरिम रोक लगा दी गई है।

## जापान के तट तक पहुंची सुनामी की लहरें

**एजेंसी। टोक्यो**



जापान के पश्चिमी तट पर सोमवार दोपहर में आए तेज भूकंप के बाद इशिकावा प्रान्त में 1.2 मीटर से अधिक ऊंची सुनामी लहरें उठीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापान के पश्चिमी तट पर टोयामा प्रान्त में भी स्थानीय समयानुसार शाम 4:23 बजे 50 सेंटीमीटर की सुनामी लहरें आने की सूचना मिली। लहरें पांच मीटर तक पहुंच सकती है और अधिकारियों ने लोगों से जितनी जल्दी हो सके ऊंची भूमि या पास की इमारत के शीर्ष पर भागने का आग्रह किया है। पूर्वी जापान रेलवे कंपनी ने भूकंप के कारण तोहोकू, जोएत्सु और होकुरिकु शिंकानसेन लाइनों का परिचालन निलंबित कर दिया है। होकुरिकु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने कहा कि 36,000 से अधिक घरों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसमें कहा गया है कि जापानी सरकार ने टोक्यो में प्रधान मंत्री कार्यालय में एक आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यालय स्थापित किया है। इससे पहले दिन में, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा, फुकुई, निगाता, टोयामा, यामागाटा और अन्य प्रांतों सहित देश के पश्चिमी तट के व्यापक हिस्से के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी, इसमें कई शक्तिशाली भूकंपों की श्रृंखला देखी गई थी। मध्य जापान में जापान सागर के तट पर 7.6 तीव्रता तक का झटका आया। मौसम एजेंसी के मुताबिक, सबसे बड़ा भूकंप शाम 4:10 बजे आया। इशिकावा प्रान्त में नोटो प्रायद्वीप पर जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर अधिकतम 7 दर्ज किया गया। इससे मध्य टोक्यो में इमारतें भी हिल गईं।

**कड़ा फैसला** हजारों की संख्या में प्रवासन में तेजी से कमी आएगी

## परिवारों को लाना विदेशी छात्रों का 'अनुचित व्यवहार'

### तीन लाख लोगों को ब्रिटेन आने से रोकने की हमारी रणनीति सफल होगी

**एजेंसी। लंदन**



ब्रिटिश गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अपने परिवार को ब्रिटेन लाने की 'अनुचित प्रथा' वीजा मार्गों पर प्रतिबंध लागू होने के साथ समाप्त हो जाएगी। विदेशी छात्रों के साथ जुड़ने वाले परिवार के सदस्यों की संख्या में लगभग आठ गुना वृद्धि के कारण यूके सरकार ने पिछले साल सरकारी योजनाओं के तहत उच्च-मूल्य डिग्री का अध्ययन नहीं करने वालों के लिए प्रतिबंध की घोषणा की थी। इसके अलावा, वीजा प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने के लिए, विदेशी छात्रों को उनकी पढ़ाई पूरी होने तक छात्र वीजा मार्ग से कार्य मार्गों पर स्विच करने से रोक दिया जाएगा। इवनिंग स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, क्लेवरली ने कहा कि सरकार हजारों लोगों के प्रवासन में कटौती करने और लोगों को ब्रिटेन की आव्रजन प्रणाली में हेरफेर करने से रोकने के लिए एक कठिन योजना बनाकर ब्रिटिश जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा,आज, उस योजना का एक बड़ा हिस्सा प्रभाव में आ गया है, इससे विदेशी छात्रों द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को यूके लाने की अनुचित प्रथा समाप्त हो गई है। इससे हजारों की संख्या में प्रवासन में तेजी से कमी आएगी और तीन लाख लोगों को ब्रिटेन आने से रोकने की हमारी रणनीति में सफल होगी।" पिछले महीने जारी संशोधित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों से पता चला है कि दिसंबर 2022 तक शुद्ध प्रवासन वर्ष में 7लाख 45 हजार के रिकॉर्ड आंकड़े पर चला गया। सितंबर 2023 को समाप्त वर्ष में छात्रों के परिवारों को 152,980 वीजा जारी किए गए। 2020-21 के आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन के विवि में विदेश से अध्ययन के लिए आने वालों में चीन के बाद सबसे अधिक संख्या भारतीय छात्रों की है। इस दौरान चीन के 99,965 छात्रों की तुलना में भारत के 87,045 छात्रों ने नामांकन कराया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 2022 में पढ़ाई के लिए यूके जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 1,39,539 थी।

### एमवीए ने सीट-शेयर फॉमूर्ले को अंतिम रूप दिया औपचारिक घोषणा जल्द

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने सोमवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सीट-बंटवारे के फॉमूर्ले को अंतिम रूप दे दिया गया है और केवल औपचारिक घोषणा बाकी है। सांसद सुले ने यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि यह निर्णय नई दिल्ली में कांग्रेस-एनसीपी -शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं की बैठक में लिया गया और अब फॉमूर्ले पर मुहर लगाई जाएगी। बैठक में भाग लेने वाले नेताओं में उद्धव ठाकरे, शरद पवार, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे और संबंधित पार्टियों के वरिष्ठ नेता शामिल थे। सुले ने इस मुद्दे पर विस्तार से बताने से इनकार करते हुए कहा, सीट-बंटवारे के फॉमूर्ले पर काम हो चुका है और इसकी घोषणा एक सप्ताह में कर दी जाएगी।

फिल्म जगत

## 'बड़े मियां छोटे मियां' के फर्स्ट लुक में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने नए साल पर अपनी आगामी पैन-इंडिया एक्शन एंटरटेनर 'बड़े मियां छोटे मियां' का फर्स्ट लुक जारी किया। दोनों ने भरपूर सिनेमाई अनुभव का वादा करते हुए दर्शकों के साथ फिल्म की एक झलक शेयर की। तस्वीर में दोनों सितारे जेट स्की पर कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। बॉलीवुड की सबसे शानदार एक्शन जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को पहली बार स्क्रीन साझा करते देख दर्शकों मे रोमांच पैदा हो गया। फिल्म में मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, जो फिल्म की भावनाओं की रोलरकोस्टर यात्रा में एक और परत जोड़ते हैं। जबरदस्त स्टंट और दिलचस्प कहानी से भरपूर यह फिल?म आपको बांधे रखेगी, साथ ही यह सभी पीढ़ियों के दर्शकों को सिनेमाई मनोरंजन का वादा करती है। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स की एक्शन से भरपूर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' अप्रैल 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट एएजेड फिल्म्स के साथ मिलकर 'बड़े मियां छोटे मियां' पेश कर रहे हैं।